www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, बुधवार, 13 मार्च, 2024 | वर्ष-16 | अंक -338 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए





स्थानीयता के लिए मुखरता व स्वदेशी के प्रति प्रेम... 02
■ राजधानी को प्रदूषण मुक्त कराकर स्वच्छ बनाने...
■ जनता के विकास के लिए नीतियों में बदलाव... 03
■ भारत ने पाकिस्तानी आतंकवादियों को बचाने वाले...
■ यूएस-कनाडा में रहने वाले हिंदुओं ने किया .... 07
वेस्टर्न और एथनिक के फ्यूजन लुक में नजर ... 10

**रमजान मुबारक**

13 मार्च- 2

खत्म सहरी : 5.15

रोजा इफ्तार : 6.30



## सार संक्षेप

### सरकार ने जम्मू-कश्मीर नेशनल फ्रंट पर प्रतिबंध लगाया




**नई दिल्ली।** सरकार ने जम्मू-कश्मीर नेशनल फ्रंट को गैर कानूनी गुट करार देते हुए उस पर प्रतिबंध लगा दिया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मोदी सरकार ने आज जम्मू-कश्मीर नेशनल फ्रंट को गैरकानूनी एसोसिएशन घोषित कर दिया। उन्होंने कहा 'हम भारत के लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आतंकवादी ताकतों को उखाड़ फेंकने के लिए प्रतिबद्ध हैं।'

### दोरजी त्सेरिंग ने ली राज्यसभा की सदस्यता की शपथ



**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सिक्किम से नवनिर्वाचित दोरजी त्सेरिंग लेपचा को मंगलवार को राज्यसभा की सदस्यता की शपथ दिलाई। श्री धनखड़ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट पर जारी संदेश में यह जानकारी दी। श्री लेपचा को संसद भवन में उप सभापति के कार्यालय में शपथ दिलाई गई। उन्होंने पद और गोपनीयता की शपथ ली। इस अवसर पर श्री लेपचा के परिजन और अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। श्री लेपचा भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर सिक्किम से चुने गए हैं।

### बंगाल में डंपर ट्रक व ई-रिक्शा की टक्कर में 7 की मौत



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के हुगली जिले में गुराप के पास नेशनल हाईवे पर मंगलवार को एक डंपर ट्रक और ई-रिक्शा की टक्कर के बाद एक बच्चे सहित सात लोगों की मौत हो गई। ई-रिक्शा में सवार छह यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके ड्राइवर ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान बिद्युत बेरा, उनकी पत्नी प्रीति बेरा, उनके तीन साल के बेटे बिहान बेरा, रामप्रसाद दास, उनकी पत्नी नुपुर दास और श्रीजा भट्टाचार्य नाम की एक कॉलेज छात्रा के रूप में हुई है।

### विदेश सचिव क्वात्रा को छह माह का सेवा विस्तार



**नई दिल्ली।** सरकार ने विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा को छह माह का सेवा विस्तार दे दिया है। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के मंगलवार को जारी एक आदेश के अनुसार भारतीय विदेश सेवा के 1988 बैच के अधिकारी श्री क्वात्रा को 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त होना था।

## हरियाणा में टूटा भाजपा-जेजेपी गठबंधन

# हरियाणा के नए मुख्यमंत्री बने नायब सिंह सैनी

■ खट्टर ने मंगलवार सुबह दिया था इस्तीफा
■ कुरुक्षेत्र से लोकसभा सांसद है नायब सिंह सैनी



कंवर पाल गुज्जर, मूलचंद शर्मा, रणजीत सिंह चौटाला, जे.पी. दलाल और बनवारीलाल ने मंत्री पद की शपथ ली

**चंडीगढ़,** 12 मार्च (एजेंसियां)। पहली बार भाजपा सांसद बने नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को पांच कैबिनेट सहयोगियों के साथ हरियाणा के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। बीजेपी-जेजेपी गठबंधन टूटने के बाद मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और उपमुख्यमंत्री दुष्यन्त चौटाला सहित उनके पूरे मंत्रिमंडल ने मंगलवार सुबह इस्तीफा दे दिया। इसके बाद भाजपा विधायकों की बैठक के दौरान अगले मुख्यमंत्री के लिए सैनी का नाम सर्वसम्मति से तय किया गया।

सैनी राज्य में आठ प्रतिशत ओबीसी समुदाय पर मजबूत पकड़ रखते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने से पहले और बाद में खट्टर के पैर छुए। वह राज्य में चुनाव होने तक सात महीने के लिए मुख्यमंत्री रहेंगे। सैनी जाति की कुरुक्षेत्र, यमुनानगर, अंबाला, हिसार और रेवाड़ी जिलों में अच्छी खासी आबादी है। सैनी के साथ कंवर पाल गुज्जर, मूलचंद शर्मा, रणजीत सिंह चौटाला, जे.पी. दलाल और बनवारीलाल ने मंत्री पद की शपथ ली।

राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने चंडीगढ़ के राजभवन में एक समारोह में उन्हें पद की शपथ दिलाई।

निवर्तमान मंत्रिमंडल में भाजपा नेता खट्टर और जेजेपी के तीन सदस्यों सहित 14 मंत्री शामिल थे। 90 सदस्यीय हरियाणा विधानसभा में भाजपा के 41 विधायक हैं, जबकि जेजेपी के 10 हैं। सत्तारूढ़ गठबंधन को सात में से छह निर्दलीय विधायकों का समर्थन प्राप्त है।

### भाजपा को सत्ता में रहने का अधिकार नहीं : हुड्डा



**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने मंगलवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को सत्ता में रहने का अधिकार नहीं है और राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाकर जल्द चुनाव करवाने चाहिए। यहां जारी बयान में श्री हुड्डा ने कहा कि भाजपा ने जननायक जनता पार्टी (जजपा) से गठबंधन तोड़कर और मुख्यमंत्री बदलकर चुनाव से पहले ही अपनी हार मान ली है।

### समारोह में अनिल विज नहीं पहुंचे

शपथ ग्रहण समारोह निर्धारित समय से 20 मिनट पहले शुरू हो गया। इस समारोह में अनिल विज नहीं पहुंचे, जो खट्टर सरकार में गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री थे। वह सैनी का नाम प्रस्तावित होते ही सुबह की बैठक से उठकर चले गए थे।

### गैर-जाट मतदाताओं को खुश करने की कोशिश

राजनीतिक पर्यवेक्षकों के अनुसार सैनी की शीर्ष पद पर पदोन्नति को गैर-जाट और ओबीसी मतदाताओं को खुश करने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। इसके अलावा, यह खट्टर के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर का मुकाबला करने का भी एक प्रयास है, जो 2014 से सत्ता में थे। हरियाणा की राजनीति में जाट यानी जमींदार समुदाय, जो राज्य की आबादी का लगभग 25 प्रतिशत हिस्सा है, का समर्थन मोटे तौर पर कांग्रेस, जननायक जनता पार्टी और इंडियन नेशनल लोक दल (इनेलो) के बीच बंटा हुआ है।

## सुप्रीम कोर्ट की सख्ती का असर

# एसबीआई ने चुनाव आयोग को सौंपा चुनावी चंदे का व्यौरा




■ 15 मार्च तक चुनाव आयोग की वेबसाइट पर करना होगा अपलोड

**नई दिल्ली,** 12 मार्च (देशबन्धु)। भारतीय स्टेट बैंक ने मंगलवार (12 मार्च) को चुनावी बॉन्ड का पूरा डेटा चुनाव आयोग को भेज दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआई को सोमवार को फटकार लगाते हुए चुनावी बॉन्ड संबंधी जानकारी देने के लिए समयसीमा को बढ़ाने की मांग करने वाली याचिका खारिज कर दी थी। साथ ही कोर्ट ने आदेश दिया था कि एसबीआई 12 मार्च को कामकाजी घंटे खत्म होने तक चुनावी बॉन्ड की पूरी जानकारी चुनाव आयोग को दे, उसी के मुताबिक एसबीआई ने मंगलवार शाम साढ़े पांच बजे तक इलेक्टोरल बॉन्ड का पूरा डेटा चुनाव आयोग को भेज दिया है। सुप्रीम कोर्ट में सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने चुनाव आयोग को भी एसबीआई द्वारा साझा की गई जानकारी 15 मार्च को शाम पांच बजे तक अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित करने का निर्देश दिया है। इसलिए अब जब एसबीआई द्वारा डेटा चुनाव आयोग को भेज दिया गया है तो इसे 15 मार्च तक अपनी वेबसाइट पर पब्लिश करना होगा। सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे। बेंच ने एसबीआई को नोटिस देते हुए कहा कि यदि बैंक उसके निर्देशों और समयसीमा का पालन करने में विफल रहता है तो कोर्ट अपने 15 फरवरी के फैसले की जानबूझकर अवज्ञा करने के लिए उसके खिलाफ कार्रवाई कर सकती है। पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने 15 फरवरी को एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए केंद्र की चुनावी बॉण्ड योजना को रद्द कर दिया था।

# सीएए का मामला फिर पहुंचा सुप्रीम कोर्ट

## कानून के खिलाफ मुस्लिम लीग ने दायर की याचिका

**नई दिल्ली,** 12 मार्च (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट में सीएए कानून के खिलाफ याचिका दायर की गई है। यह याचिका इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग की तरफ से दायर की गई है, जिसमें कानून पर रोक लगाने की मांग की गई है।

**मुस्लिम धर्म के लोगों को बाहर रखने को लेकर याचिका**

याचिका में नागरिकता संशोधन कानून 2019 के प्रावधानों को देश में लागू करने पर रोक लगाने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि नागरिकता कानून के तहत कुछ धर्मों के लोगों को ही नागरिकता दी जाएगी, जो संविधान के खिलाफ है। केंद्र सरकार ने सोमवार को ही सीएए कानून लागू करने का नोटिफिकेशन जारी किया है। गौरतलब है कि इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) ने सीएए को चुनौती देते हुए रिट याचिका भी दायर की थी। आईयूएमएल ने सीएए के खिलाफ दायर अपनी रिट याचिका में अंतरिम आवेदन दिया, जिसमें आईयूएमएल ने तर्क दिया कि किसी कानून की संवैधानिकता तब तक लागू नहीं होगी, जब तक कानून स्पष्ट तौर पर मनमाना हो। इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग ने कहा है कि वह शरणार्थियों को नागरिकता देने के खिलाफ नहीं है, लेकिन उनका विरोध इसमें मुस्लिम धर्म के लोगों को बाहर रखने को लेकर है।



■ याचिका में सुप्रीम कोर्ट से कानून पर रोक लगाने की मांग

केंद्र सरकार ने सोमवार को ही सीएए कानून लागू करने का नोटिफिकेशन जारी किया है।

## लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की दूसरी सूची जारी

# नकुल नाथ छिंदवाड़ा तो वैभव गहलोत जालौर से लड़ेंगे



■ चार राज्यों के 43 उम्मीदवारों के नामों का किया ऐलान
■ 13 ओबीसी, 10 एससी, 9 एसटी, 1 मुस्लिम को टिकट
■ 8 को 39 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की गई थी

**नई दिल्ली,** 12 मार्च (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की दूसरी सूची जारी कर दी गई है। इसमें चार राज्यों के 43 उम्मीदवारों के नाम का एलान किया गया है।

**दूसरी सूची में 13 उम्मीदवार ओबीसी से**

अखिल भारतीय कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने बताया कि दूसरी सूची में 13 ओबीसी, 10 एससी, 9 एसटी, एक मुस्लिम चेहरे को टिकट दिया गया है। 76 फीसदी उम्मीदवार ऐसे हैं जिनकी उम्र 60 साल से कम है। इस सूची में असम से 12, गुजरात से सात, मध्य प्रदेश और राजस्थान से 10-10, उत्तराखंड से तीन और दमनदीव से एक उम्मीदवार का एलान किया गया है। कांग्रेस पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की बैठक में इस सूची पर मुहर लगाई गई। दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में हुई बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और अन्य सदस्य शामिल हुए थे। इससे पहले सीईसी की पहली बैठक सात मार्च को हुई थी और आठ मार्च को 39 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की गई थी। इसमें छत्तीसगढ़, कर्नाटक, केरल, लक्षद्वीप, मेघालय, नागालैंड, सिक्किम, तेलंगाना और त्रिपुरा की लोकसभा सीटों के लिए नामों का एलान हुआ था।

### गौरव गोगोई असम के जोरहाट से चुनाव लड़ेंगे

कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बताया कि हमने लोकसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की पहली सूची पहले ही घोषित कर दी है। आज हम दूसरी सूची की घोषणा करने जा रहे हैं। कल सीईसी ने बैठक की और असम, मध्य प्रदेश, राजस्थान से लगभग 43 नामों की सूची को मंजूरी दे दी। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई असम के जोरहाट से चुनाव लड़ेंगे। नकुल नाथ मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा से चुनाव लड़ेंगे। राहुल कासवा राजस्थान के चुरू से चुनाव लड़ेंगे। वैभव गहलोत जालौर से चुनाव लड़ेंगे।

# आधुनिकता की रफ्तार पर आगे बढ़ती रहेगी रेल: मोदी



■ अहमदाबाद में 85,000 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं की दी सौगात
■ देश के कोने-कोने में परियोजनाओं का लोकार्पण हो रहा

**नई दिल्ली,** 12 मार्च (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अहमदाबाद में 85,000 करोड़ रुपये से अधिक की कई रेल परियोजनाओं की आधारशिला रखी और उन्हें राष्ट्र को समर्पित किया। साथ ही 10 वंदे भारत ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर पीएम मोदी ने कहा कि भारतीय रेल आधुनिकता की रफ्तार पर ऐसे ही आगे बढ़ती रहेगी और ये मोदी की गारंटी है। उन्होंने कहा, 'विकसित भारत के लिए हो रहे नव निर्माण का लगातार विस्तार हो रहा है। देश के कोने-कोने में परियोजनाओं का लोकार्पण हो रहा है, नई योजनाएं शुरू हो रही हैं। अगर मैं साल 2024 की ही बात करूं, तो इन करीब 75 दिन में 11 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास हो चुका है। अकेले पिछले 10-12 दिन में ही 7 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास हुआ है।'

### बिहार को दी 13228 करोड़ की रेल परियोजनाएं

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज बिहार में पूर्व-मध्य रेलवे (ईसीआर) की 13228 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का आज शिलान्यास और लोकार्पण किया। श्री मोदी ने मंगलवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से करोड़ो रुपए की परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित की, इनमें पूर्व मध्य रेल की 13,228 करोड़ रुपए की परियोजनाएं भी शामिल हैं। उन्होंने पटना जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या एक से पटना-गोमतीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस को ऑनलाइन हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही उन्होंने प्लेटफार्म संख्या एक, चार और 10 पर बने एक स्टेशन-एक उत्पाद स्टॉल और प्लेटफार्म दस पर प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का लोकार्पण किया।

# जैसलमेर में तेजस विमान दुर्घटनाग्रस्त



■ पायलट सुरक्षित बाहर निकला
■ कोर्ट ऑफ इंक्वायरी का गठन किया गया

**जयपुर,** 12 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय वायु सेना का एक तेजस विमान मंगलवार को ऑपरेशनल ट्रेनिंग सॉर्टी के दौरान जैसलमेर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। भारतीय वायुसेना के अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है।

आईएएफ के अधिकारियों ने एक्स पर जानकारी साझा करते हुए कहा, भारतीय वायु सेना का एक तेजस विमान मंगलवार को एक ऑपरेशनल ट्रेनिंग सॉर्टी के दौरान जैसलमेर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पायलट सुरक्षित बाहर निकल गया है। दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी का गठन किया गया है।

# उत्तर प्रदेश में आठ रेलवे स्टेशनों के नाम बदले

उत्तर प्रदेश सरकार ने परिवर्तन का प्रस्ताव दिया था

**नई दिल्ली,** 12 मार्च (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में अमेठी जिला अंतर्गत आठ रेलवे स्टेशनों का नाम परिवर्तन किया गया है। उत्तर प्रदेश सरकार ने संबंधित स्टेशनों के नाम परिवर्तन का प्रस्ताव दिया था, जिस पर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग और सर्वे ऑफ इंडिया ने इस पर अनापत्ति जतायी है। नए नाम इस प्रकार हैं- कासिमपुर हाल्ट - जायस सिटी, जायस रेलवे स्टेशन- गुरु गोरखनाथ धाम, बनी रेलवे स्टेशन-स्वामी परमहंस, मिस्रौली-मां कालिकन धाम, निहालगढ़-महाराजा बिजली पासी, अकबरगंज रेलवे स्टेशन-मां अहोरवा भवानी धाम, वारिसगंज-अमर शहीद भाले सुल्तानी और फुरसतगंज रेलवे स्टेशन-तपेश्वरनाथ धाम हैं।

## तैयारी — चुनाव आयोग की टीम तीन दिवसीय जम्मू कश्मीर दौरे पर पहुंची

# राजनीतिक दलों की लोकसभा के साथ विधानसभा चुनाव की मांग

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, 12 मार्च (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव को कामयाब बनाने के लिए हो रही तैयारियों का जायजा लेने के लिए मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के नेतृत्व में चुनाव आयोग की टीम प्रदेश के तीन दिवसीय दौरे पर है। मंगलवार को श्रीनगर में आयोग की टीम ने सबसे पहले राजनीतिक प्रतिनिधियों से मुलाकात की। जबकि कल वह जम्मू में राजनीतिक दलों से मुलाकात करेगी।**

श्रीनगर में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मुलाकात के दौरान इन राजनीतिक दलों ने एकस्वर में लोकसभा के साथ साथ विधानसभा चुनाव भी संपन्न करवाने की मांग रखी है। पीडीपी के प्रतिनिधि गुलाम नबी लोन हंजूरा ने कहा कि लोकसभा के साथ सुरक्षा स्थिति ठीक है तो विधानसभा चुनाव कराए जाने चाहिए। वे कहते थे कि हम यही उम्मीद करते हैं कि जल्द से जल्द विधानसभा चुनाव हों। साथ ही उन्होंने प्रदेश में सर्विस वोटर के मुद्दे को भी उजागर किया।




■ आयोग की टीम ने सबसे पहले राजनीतिक प्रतिनिधियों से मुलाकात की

भाजपा के प्रतिनिधि आरएस पठानिया के बकौल, लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत कैसे बढ़े, इस पर उन्होंने आयोग के अधिकारियों से बात की। साथ ही लोग आसानी से मतदान कर सकें, इस पर भी चर्चा की गई। भाजपा ने कश्मीरी पंडितों की चुनाव में भागीदारी बढ़ाने के लिए देश के दूसरे हिस्सों में पोलिंग बूथ बनाने की भी मांग उठाई। पठानिया ने कहा कि भाजपा प्रदेश में जल्द विधानसभा चुनाव कराने की पक्षधर है। लोकसभा और विधानसभा चुनाव साथ-साथ किए जाएंगे तो भाजपा इसका समर्थन करेगी। जबकि चुनाव आयोग की टीम से मुलाकात के बाद नेशनल कांफ्रेंस के प्रतिनिधि नासिर असलम वानी ने कहा कि उन्होंने चुनाव अधिकारियों से लोकसभा के साथ ही विधानसभा चुनाव कराए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि लोगों को पिछले दस साल से अपनी सरकार चुनने का मौका नहीं मिला है। प्रदेश की जनता को लोकतांत्रिक अधिकारों से वंचित रखा गया है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी 'एक देश, एक चुनाव' की बात कर रहे हैं तो क्यों ने इसे जम्मू कश्मीर से ही शुरू किया जाए। वानी ने कहा कि अधिकारियों ने उनकी बातें काफी धैर्य से सुनी है।

# देश

उवाच

सीएए भाजपा द्वारा दिखावा करने का एक हथकंडा है और उनकी सरकार कानूनों के तहत किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कोई भेदभाव नहीं होने देगी और न ही राज्य में एकाग्रता शिविरों की स्थापना की अनुमति देगी।

–ममता बनर्जी, मुख्यमंत्री, पश्चिम बंगाल



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 30.0 | 15.0 |
| मुंबई | 26.0 | 25.0 |
| कोलकाता | 31.0 | 24.0 |
| चेन्नई | 31.0 | 25.0 |

# आरएसएस व भाजपा की सभी नीतियां विभाजनकारी : कांग्रेस

## भारत जोड़ो न्याय यात्रा में समाज को बांटने का लगाया आरोप

**नई दिल्ली,** 12 मार्च (एजेंसियां)। कांग्रेस के पूर्व केंद्रीय मंत्री जयराम रमेश ने कहा कि वर्तमान में भाजपा और आरएसएस समाज को बांटने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं। आरएसएस और भाजपा की सभी नीतियां विभाजनकारी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रवैया और नीतियां विभाजनकारी हैं। जयराम रमेश भारत जोड़ो न्याय यात्रा के अंतिम चरण में प्रवेश करने से पहले नंदुरबार में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी समाज में ध्रुवीकरण तेज करने पर फोकस कर रहे हैं। इसका मुकाबला करने के लिए पहले भारत जोड़ो यात्रा और अब भारत जोड़ो न्याय यात्रा हमारी बूस्टर खुराक होने जा रही है। आगामी लोकसभा चुनाव से पहले सियासी दल मतदाताओं के लिए तरह–तरह की गारंटी की घोषणा कर रहे हैं। इसी बीच, पूर्व केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि जाति जनगणना कराना कांग्रेस पार्टी की गारंटी है। वह भारत जोड़ो न्याय यात्रा के अंतिम चरण में प्रवेश करने से पहले नंदुरबार में पत्रकारों से बात कर रहे थे। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि हमने सामाजिक, आर्थिक, और जातिगत जनगणना की गारंटी दी है। यह हमारे समाज का एक्स–रे होगा, जो हमें विभिन्न जातियों की आबादी और हमारे देश की संपत्ति में उनकी हिस्सेदारी को दिखाएगा। यह हमारे लोकतांत्रिक संस्थानों में उनकी हिस्सेदारी को दिखाएगा। इस दौरान उन्होंने भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर देश को बांटने और समाज का ध्रुवीकरण करने का भी आरोप लगाया। इससे पहले कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर मीडिया से कुछ जानकारी साझा की है। उन्होंने बताया कि सोमवार को यानी की 11 मार्च को ब्रेक दिया गया था। मंगलवार दोपहर के दो बजे से फिर से यात्रा शुरू हुई। यात्रा की जानकारी देते हुए जयराम रमेश ने कहा कि 13 मार्च को हम धुले में होंगे और वहां सुबह एक महिला सम्मेलन में शामिल होंगे। राहुल गांधी नारी न्याय को लेकर कांग्रेस पार्टी की गारंटी का एलान करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि 14 मार्च को राहुल गांधी नासिक के त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में दर्शन करने जाएंगे। यह चौथा ज्योतिर्लिंग मंदिर है, जहां वह दर्शन करने जाएंगे। 15 मार्च को हम पालघर और ठाणे जाएंगे और वहां रैलियां करेंगे। 17 मार्च की शाम को इंडिया गठबंधन के सभी 26 पार्टियों को शिवाजी पार्क में आमंत्रित किया गया है। यह भारत जोड़ो न्याय यात्रा का अंतिम चरण है। आखिरी कार्यक्रम 17 मार्च को ही होगा।



जाति जनगणना कराना कांग्रेस पार्टी की गारंटी है : जयराम रमेश

### कांग्रेस राजनीतिक पार्टी, संतों का संगठन नहीं : जयराम

कांग्रेस नेता ने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा एक राजनीतिक रैली है। लेकिन यह किसी राजनीतिक अभियान का हिस्सा नहीं है। यह एक राजनीतिक लक्ष्य और विचारधारा पर आधारित है। उन्होंने कहा कांग्रेस एक राजनीतिक पार्टी है, संतों का संगठन नहीं है। हम कुछ चुनाव जीत सकते हैं और कुछ हार सकते हैं, जो एक वास्तविकता है।

# झारखंड में राज्यकर्मियों को होली का तोहफा



### महंगाई भत्ता चार फीसदी बढ़ा

**रांची,** 12 मार्च (एजेंसियां)। झारखंड सरकार ने होली के ठीक पहले राज्यकर्मियों के महंगाई भत्ते में 4 प्रतिशत की वृद्धि की है। अब उन्हें 46 प्रतिशत की जगह 50 प्रतिशत महंगाई भत्ता देय होगा। यह वृद्धि एक जनवरी, 2024 से प्रभावी होगी। इसका लाभ पेंशनधारियों और पारिवारिक पेंशन लाभार्थियों को भी होगा। मंगलवार को मुख्यमंत्री चंपई सोरेन की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट की बैठक में इससे संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। कैबिनेट ने कुल 30 फैसलों पर मुहर लगाई। राज्य सरकार के कर्मचारियों और अधिकारियों के परिवहन भत्ते में भी बढ़ोतरी की गई है। झारखंड की पंचायतों में कार्यरत स्वयंसेवकों को अब पंचायत सहायक के नाम से जाना जाएगा और उन्हें प्रतिमाह 2,500 रुपए का मानदेय और स्टाइपेंड दिया जाएगा। राज्य में कक्षा नौ से बारह तक के स्कूली बच्चों को पुस्तकों के लिए मिलने वाली राशि में भी बढ़ोतरी की गई है। अब उन्हें 750 रुपए के बदले 902 रुपए दिए जाएंगे। एक अन्य फैसले के अनुसार, नई दिल्ली के नए झारखंड भवन के निर्माण के लिए 105.29 करोड़ की राशि को स्वीकृति दी गई है।

# मध्य प्रदेश को मिली खजुराहो से नई दिल्ली वंदेभारत ट्रेन

### प्रधानमंत्री मोदी ने दिखाई हरी झंडी

**खजुराहो/भोपाल,** 12 मार्च (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विभिन्न रेल परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया, जिसमें मध्य प्रदेश के खजुराहो से हजरत निजामुद्दीन तक चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन भी शामिल रही। मोदी विकसित भारत के लिए आधुनिक रेलवे कार्यक्रम के अंतर्गत 85 हजार करोड़ रुपए से अधिक की 6 हजार रेल परियोजनाओं के शिलान्यास और राष्ट्र को समर्पण कार्यक्रम को गुजरात के अहमदाबाद से संबोधित कर रहे थे। इसी कार्यक्रम में मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसंग के जरिए खजराहो से हजरत निजामुद्दीन तक चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल रेलवे स्टेशन पर हुए कार्यक्रम से सहभागिता की। वहीं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने खजुराहो के कार्यक्रम में शामिल हुए। डॉ यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश को मिलने वाला रेलवे बजट



2014 से पहले तक लगभग 275 करोड़ हुआ करता था, जो अब 15000 करोड़ रुपए हो गया है। यह डबल इंजन की सरकार का प्रभाव है। उन्होंने खजुराहो से नई दिल्ली वंदे भारत ट्रेन तथा रामगंजमंडी– भोपाल नई रेल लाइन परियोजना के अंतर्गत निशातपुरा–संत हिरदाराम नगर रेल खण्ड के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी का आभार माना। डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा प्रदेश में लगभग 202 इलेक्ट्रानिक इंटर लाकिंग, 57 एक स्टेशन एक उत्पाद के आउट लेट का लोकार्पण, लगभग 66 सोलर प्लांट, 13 लाइन रेल लाईन के दोहरीकरण के साथ ही चार प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र भी राष्ट्र को समर्पित किए गए हैं।

### विकास की नई संभावनाएं होंगी साकार

परियोजना से तथा खजुराहो–नई दिल्ली वंदे भारत ट्रेन से विकास की नई संभावनाएं साकार होंगी। करीब 65 करोड़ की लागत से निशातपुरा–संत हिरदाराम नगर रेल खण्ड के कार्य से पश्चिमी मप्र में रेल आवागमन और सुगम होगा। मोदी ने प्रदेश को रेलवे की कई सौगातें दी हैं। रानी कमलापति के रूप में देश का सर्वश्रेष्ठ स्टेशन विकसित हुआ है, यह निजी सहभागिता से रेलवे अधोसंरचना विकास का सफल उदाहरण भी बना है।

## सार संक्षेप

### कश्मीर के गुलमर्ग में हुआ हिमपात

**श्रीनगर।** कश्मीर घाटी के कुछ हिस्सों में पिछले 24 घंटों के दौरान हल्की बारिश हुई व विश्वप्रसिद्ध स्की रिसॉर्ट गुलमर्ग ताजा हिमपात हुआ। मौसम विभाग के मुताबिक गुलमर्ग में सुबह 8:30 बजे तक 2.0 सेंमी हिमपात और 2.2 मिमी बारिश हुई। प्रदेश में मौसम शुष्क रहने के आसार हैं, जबकि 13 मार्च को तेज हवाओं, गरज और बिजली के साथ कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश और हिमपात होने का अनुमान जताया गया है। वहीं 14 मार्च को आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे तथा कुछ स्थानों पर हल्की बारिश और हिमपात के आसार हैं।

### सीबीआई ने शाहजहां शेख के तीन सहयोगियों को किया गिरफ्तार

**कोलकाता।** केंद्रीय जांच ब्यूरो ने गत पांच जनवरी को पश्चिम बंगाल में संदेशखली स्थित तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख के ठिकानों के तलाश अभियान के दौरान प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर कथित हमलों की जांच की कार्रवाई करते हुए उनके करीबी तीन सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि सोमवार शाम को शहर के निजाम पैलेस में घंटों पूछताछ के बाद सीबीआई ने जियाउद्दीन मोल्ला, दीदार बख्श मोल्ला और फारुक अकुंजी को गिरफ्तार कर लिया।

### गाजीपुर बस अग्निकांड की जांच को टीम गठित

**गाजीपुर।** उत्तर प्रदेश में गाजीपुर जिले के मरदह क्षेत्र में सोमवार को बस अग्निकांड की जांच के लिए दो सदस्यीय कमेटी गठित कर दी गई है। मुख्य विकास अधिकारी और अपर पुलिस अधीक्षक नगर की संयुक्त टीम घटना की सभी पहलुओं की जांच करेगी और अपनी रिपोर्ट दो दिन के अंदर जिलाधिकारी को सौंपेगी। जांच में दोषी पाए जाने पर संबंधित अधिकारी व कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही होगी। इस घटना से संबंधित सभी तथ्यों को मुख्यमंत्री कार्यालय और मुख्य सचिव को अवगत करा दिया गया है। इस हादसे में पांच यात्रियों की मृत्यु हो गई थी जबकि एक अन्य महिला ने गाजीपुर में इलाज के दौरान दम तोड दिया था।

### दुमका में विभिन्न सड़क हादसे में तीन की मौत

**दुमका।** झारखंड के दुमका जिले में अलग-अलग सड़क दुघर्टना में तीन लोगों की मौत हो गई और एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना शिकारीपाड़ा और जामा थाना क्षेत्र की है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। जिले के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र में पश्चिम बंगाल की सीमा पर लोरीपहाड़ी गांव के समीप आज एक अनियंत्रित पिकअप वैन ने बाइक सवार दो लोगों को जोरदार टक्कर मार दी।

# हावेरी में भड़की हिंसा की चल रही जांच : परमेश्वर

### मिर्च की फसल की कीमतें गिरने के बाद हुई थी हिंसा

**बेंगलुरू,** 12 मार्च (एजेंसियां)। कर्नाटक के गृह मंत्री जी.परमेश्वर ने मंगलवार को कहा कि यह पता लगाने के लिए जांच चल रही है कि ब्यादगी एपीएमसी बाजार में प्रसिद्ध ब्यादगी मिर्च की फसल की कीमतें गिरने के बाद हावेरी में हिंसा किसने भड़काई। उन्होंने कहा कि ब्यादगी बाजार में आंध्र प्रदेश से भी किसान आते हैं। किसानों द्वारा छह से सात वाहनों को आग लगा दी गई। हमें नहीं पता कि कीमतें अचानक क्यों गिर गईं। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कीमतों में अचानक गिरावट की जांच के लिए कहा है। परमेश्वर ने यह भी स्पष्ट किया कि हिंसा और आरोपी मोहम्मद शफी नाशीपुडी, जो कि बयादगी बाजार का एक प्रसिद्ध मिर्च व्यापारी है, के बीच कोई संबंध नहीं है। नाशीपुडी को विधानसभा में पाकिस्तान समर्थक नारे लगाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने आगे कहा कि कोई संबंध नहीं है। यह पता लगाना है कि इस हिंसा के पीछे कौन है। जांच प्रक्रिया मंगलवार से शुरू होगी। सोमवार को मिर्च की कीमतें 20,000 रुपए प्रति क्विंटल से गिरकर 8,000 रुपए पर आ गईं। जैसे ही कीमतें घोषित की गईं, गुस्साए किसानों ने एपीएमसी कार्यालय पर पथराव शुरू कर दिया और परिसर में खड़े वाहनों में आग लगा दी। कुछ प्रदर्शनकारी कार्यालय के अंदर फर्नीचर को नुकसान पहुंचाया और खिड़कियों के शीशे तोड़ दिए। किसानों ने दावा किया कि ब्यादगी मिर्च जो पिछले सप्ताह 20,000 रुपये प्रति क्विंटल थी, वह घटकर 8,000 हो गई है, और सबसे अच्छी फसल की कीमत 12,000 रुपये है।



# स्थानीयता के लिए मुखरता व स्वदेशी के प्रति प्रेम समय की मांग : धनखड़

### भारतीय राजस्व सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों को किया संबोधित

**नई दिल्ली,** 12 मार्च (एजेंसियां)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आर्थिक राष्ट्रवाद की भावना को बढ़ावा देने का आह्वान करते हुए मंगलवार को कहा कि स्थानीयता के लिए मुखरता और स्वदेशी के प्रति प्रेम समय की मांग है। धनखड़ ने संसद भवन परिसर में भारतीय राजस्व सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों के 77 वें बैच को संबोधित करते हुए आईआरएस अधिकारियों से देश में आर्थिक राष्ट्रवाद की भावना को बढ़ावा देने के लिए मिशन मोड में रहने का आग्रह किया। उपराष्ट्रपति ने कहा कि अनावश्यक आयात भारत के विदेशी मुद्रा भंडार को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं और रोजगार तथा उद्यमिता के अवसरों को भी प्रभावित कर रहे हैं। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि स्थानीयता के लिए मुखर और स्वदेशी के प्रति प्रेम समय की मांग है और इसे प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि 1.40 अरब की आबादी के लिए हमारी कर संग्रह क्षमता काफी हद तक कम है। उन्होंने कहा कि संभावित करदाताओं को औपचारिक अर्थव्यवस्था का हिस्सा होने के फायदों और ऐसा न होने के खतरों के बारे में अवगत करने की आवश्यकता है।



आर्थिक राष्ट्रवाद की भावना को मिलना चाहिए बढ़ावा : धनखड

### करदाताओं की संख्या बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने करदाताओं की संख्या बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उपराष्ट्रपति ने कहा कि पिछले दशक में परिवर्तनकारी कराधान सुधारों से विकास को और बढ़ावा देने के लिए कर आधार बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। धनखड़ ने कहा एक संपूर्ण विकास यह है कि अब करदाता आश्वस्त है कि उसके कर भुगतान का राष्ट्रीय विकास के लिए पूरी तरह और इष्टतम उपयोग किया जा रहा है।

# ग्वालियर न्यायालय से दिग्विजय सिंह को बड़ी राहत

**ग्वालियर,** 12 मार्च (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह को ग्वालियर की एमपी एमएलए कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। उन्हें भाजपा और आरएसएस पर की गई टिप्पणी के मामले में दोष मुक्त कर दिया गया है। दिग्विजय सिंह पर भिंड में संवाददाताओं से चर्चा करते हुए अगस्त 2019 में भाजपा और आरएसएस पर विवादित टिप्पणी के आरोप लगे थे। इस पर अधिवक्ता अवधेश सिंह भदौरिया ने एमपी एमएलए न्यायालय में मानहानि का मामला दर्ज कराया था। दिग्विजय सिंह के अधिवक्ता संजय शुक्ला ने बताया कि न्यायालय ने दिग्विजय सिंह के खिलाफ दायर मानहानि के प्रकरण को खारिज कर दिया है। इस मामले की सुनवाई के दौरान दिग्विजय सिंह भी न्यायालय में मौजूद रहे। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि जो न्यायालय का फैसला आया है, वह स्वागतयोग्य है। मुझ पर मानहानि के छह प्रकरण चल रहे हैं।



# देश के नागरिकों को बांटने के लिए लागू किया गया सीएए : महबूबा

### कश्मीरी नेताओं ने सीएए को लेकर भाजपा पर साधा निशाना

**श्रीनगर,** 12 मार्च (एजेंयिसां)। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) प्रमुख महबूबा मुफ्ती और नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला समेत जम्मू–कश्मीर के मुख्यधारा के नेताओं ने मंगलवार को नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) को लागू करने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा।

पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने मंगलवार को आरोप लगाया कि भाजपा ने देश को नागरिकों को बांटने के लिए नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) को लागू किया है। महबूबा ने कहा कि हिंदू महासभा की दो राष्ट्र सिद्धांत की अवधारणा का पालन कर रही है। वहीं अब्दुल्ला ने कहा कि भाजपा चुनाव जीतने के लिए धार्मिक 'कार्ड' का उपयोग करने की कोशिश कर रही है। गृह मंत्रालय की ओर से नागरिकता संशोधन नियम, 2024 को अधिसूचित किये जाने के एक दिन बाद पीडीपी प्रमुख ने सोशल मीडिया के जरिये भाजपा पर निशाना साधा।

पीडीपी प्रमुख ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि भाजपा विभाजन के 77 साल बाद अब भी हिंदू महासभा के दो राष्ट्र सिद्धांत की अवधारणा पर कायम है।



### चुनाव में धर्म का इस्तेमान करना चाहती है भाजपा : उमर

नेकां उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने इसे चुनाव स्टंट करार दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा आने वाले लोकसभा चुनाव में धर्म का इस्तेमान करना चाहती है सीएए में भी सिर्फ मुसलमानों को ही चुनकर निशाना बनाया गया है। अब तक लग रहा था कि भाजपा 400 सीटों का दावा कर रही थी लेकिन कहीं न कहीं उन्हें उनकी स्थिति कमजोर लग रही है इसलिए उन्हें नए–नए हथियार इस्तेमाल करने पड़ रहे हैं।



# बिहार में मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर सुगबुगाहट तेज

**पटना,** 12 मार्च (एजेंसियां)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विदेश दौरे से वापस लौटने के बाद प्रदेश में मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर फिर से चर्चा तेज हो गई है। माना जा रहा है कि जल्द ही नीतीश कुमार अपने मंत्रिमंडल का विस्तार करेंगे। कहा जा रहा है कि विधान परिषद के द्विवार्षिक चुनाव की प्रक्रिया पूरी होने के बाद मंत्रिमंडल विस्तार किया जाएगा। भाजपा के वरिष्ठ नेता और बिहार के उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने भी मंगलवार को इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि जल्द मंत्रिमंडल का विस्तार कर लिया जाएगा। इसमें कहीं किसी को कोई परेशानी नहीं है। वर्तमान में कई मंत्रियों के पास आधा–आधा दर्जन से अधिक विभाग का प्रभार है, जिससे काम प्रभावित हो रहा है। बिहार में एनडीए सरकार बनने के बाद नीतीश कुमार सहित नौ मंत्रियों ने शपथ ली थी। मौजूदा मंत्रिमंडल में दो उपमुख्यमंत्री, सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, भाजपा से डॉ. प्रेम कुमार और जदयू से विजय कुमार चौधरी, बिजेंद्र प्रसाद यादव, श्रवण कुमार, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा से संतोष सुमन और निर्दलीय सुमित कुमार सिंह शामिल हैं।



# महिला कर्मचारियों को हर साल 25 दिन का आकस्मिक अवकाश

**भुवनेश्वर,** 12 मार्च (एजेंसियां)। ओडिशा सरकार के विभिन्न विभागों की महिला कर्मचारियों को 10 दिनों का अतिरिक्त आकस्मिक अवकाश मिलेगा। अब साल में राज्य की महिला कर्मचारियों को 25 दिन का आकस्मिक अवकाश मिलेगा। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) के सूत्रों के अनुसार राज्य सरकार ने महिला कर्मचारियों को अतिरिक्त लाभ देने के लिए यह घोषणा की गई है। घोषणा के अनुसार, महिला कर्मचारी अब साल में 25 दिन का आकस्मिक अवकाश ले सकेंगी। यह घोषणा राज्य सरकार की महिला कर्मचारियों की घरेलू जिम्मेदारी और अन्य पारिवारिक मुद्दों को ध्यान में रखते हुए की गई थी। ओडिशा देश का ऐसा पहला राज्य है जिसने 1990 के दशक के दौरान सरकारी विभागों में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत नौकरी आरक्षण लागू करने में एक क्रांतिकारी कदम उठाया था। राज्य सरकार ने हाल ही में गैर–सरकारी सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थानों में काम करने वाले कर्मचारियों के लिए 15 दिनों की आकस्मिक छुट्टी की भी घोषणा की थी।



■ घरेलू जिम्मेदारी के चलते ओडिशा सरकार ने लिया फैसला

राजनीति | *जम्मू-कश्मीर की सियासत ने फिर ली करवट*

# लोस चुनाव से पहले गुपकर गठबंधन अब टूट के कगार पर

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, 12 मार्च (देशबन्धु)। देश में लोकसभा चुनावों की घोषणा होने से कुछ घंटे पहले ही जम्मू–कश्मीर में विपक्षी एकता पूरी तरह से बिखर गई है। नतीजतन 5 अगस्त 2019 को केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा धारा 370 को हटाने की कवायद ने प्रदेश के जिन राजनीतिक दलों को एकजुट होने का मौका दिया था वे अब लोकसभा सीटों के बंटवारे पर बिखर गए हैं।**

तब इसे गुपकार घोषणा अर्थात गुपकार गठबंधन का नाम दिया गया था। इसमें नेशनल कांफ्रेंस, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी, माकपा, जम्मू–कश्मीर अवामी नेशनल कांफ्रेंस, जम्मू–कश्मीर पीपल्स कांफ्रेंस और जम्मू–कश्मीर पीपुल्स मूवमेंट समेत 6 दल एक ही मंच पर अए थे। फिर 22 अगस्त 2020 को द्वितीय गुपकार घोषणा के बाद कांग्रेस भी इसमें शामिल हो गई पर पीपुल्स कांफ्रेंस और पीपुल्स मूवमेंट इससे बाहर हो गई। अब लोकसभा चुनावों की घोषणा से पहले प्रदेश में सीटों के बंटवारे को लेकर जो भगदड़ मची है उसने गुपकार गठबंधन के अस्तित्व पर संकट ला खड़ा किया है। इसे गुपकार गठबंधन के प्रवक्ता और माकपा के वरिष्ठ दिग्गज नेता मुहम्मद युसूफ तारीगामी भी मानते हैं कि गठबंधन में सब ठीक नहीं है। हालांकि वे इसके प्रति आश्वस्त थे कि सब ठीक हो जाएगा। गठबंधन के दो प्रमुख घटकों नेशनल कांफ्रेंस और पीडीपी के नेताओं उमर अब्दुल्ला व महबूबा मुफ्ती के बयानों के तीर यह स्पष्ट करते थे कि गठबंधन आखिरी कगार पर है क्योंकि नेकां पिछले चुनावों में कश्मीर से जीती गई तीनों सीटों में से किसी एक पर भी दावा छोड़ने को राजी नहीं थी। यह बात अलग थी कि परिसीमन के बाद सभी लोस क्षेत्रों के समीकरण पूरी तरह से बदल चुके थे। इसे भूला नहीं जा सकता कि नेशनल कांफ्रेंस व पीडीपी प्रदेश के दो मुख्य क्षेत्रिय राजनीतिक दल माने जाते रहे हैं जो कई सालों तक प्रदेश की सत्ता पर काबिज रहे हैं। ऐसे में इंडिया ब्लाक के मुख्य घटक दल कांग्रेस की परेशानी यह है कि वह सिर्फ जम्मू कश्मीर में अभी तक सीटों का बंटवारा या समझौता नहीं कर पा रहा है। दरअसल भाजपा भी नहीं चाहती है कि प्रदेश में तीनों दलों में एकता कायम रहे।

इसके लिए वह पहले से ही तीनों दलों से कई दिग्गज नेताओं को अपने दल में मिला चुकी है। अब चिंता इस बात की है कि क्या गुपकार गठबंधन अस्तित्व में रह पाएगा क्योंकि राजनीतिक पंडितों का मानना था कि अगर गुपकार गठबंधन टूट जाता है तो प्रदेश में लोकसभा के साथ साथ विधानसभा चुनावों में भी भाजपा की राह आसान होगी। बता दे कि नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला का आवास श्रीनगर में 1, गुपकार रोड पर है। यहीं पर 4 अगस्त 2019 को कश्मीर के 8 दलों ने एक साथ बैठक की थी। बैठक में जम्मू–कश्मीर के इन 8 दलों ने साथ मिलकर केंद्र सरकार की राज्य की नीतियों के खिलाफ नया गठबंधन बनाने की घोषणा की थी।



■ लोकसभा सीटों के बंटवारे पर नहीं बन सकी सहमति

# राजधानी को प्रदूषण मुक्त कराकर स्वच्छ बनाने को सरकार प्रयासरत : केजरीवाल

## मुख्यमंत्री व उपराज्यपाल ने इंजीनियर्ड लैंडफिल का किया उद्घाटन

■ नगर निगम की कूड़ा गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



आधुनिक प्लांट में कूड़े के निस्तारण के बाद निकली राख को प्रोसेस करने की व्यवस्था होगी : अरविंद केजरीवाल

**नई दिल्ली,** 12 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम के नए इंजीनियर्ड लैंडफिल साइट की मंगलवार को शुरुआत हो गई। इसकी मदद से प्रदूषण से मुक्ति मिलेगी और दिल्ली साफ व स्वच्छ बनेगी। स्थायी अपशिष्ट प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में नगर निगम की आप सरकार का यह एक बड़ा कदम है। इससे कूड़े के पहाड़ों को जल्द खत्म करने में भी मदद मिलेगी। मंगलवार को एलजी विनय सक्सेना और सीएम अरविंद केजरीवाल ने इंजीनियर्ड लैंडफिल का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। सीएम केजरीवाल ने कहा कि इस आधुनिक प्लांट में कूड़े के निस्तारण के बाद निकली राख को प्रोसेस करने की व्यवस्था होगी। दिल्ली को प्रदूषण से मुक्त करा साफ व स्वच्छ बनाने के लिए हम लगातार काम कर रहे हैं और हमें सफलता भी मिल रही है। इस दौरान दिल्ली की मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय, डिप्टी मेयर आले मोहम्मद इकबाल समेत एमसीडी के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। सीएम अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट कर कहा कि एलजी विनय कुमार सक्सेना जी के साथ मिलकर आज ओखला तेहखंड में नगर निगम के नए इंजीनियर्ड लैंडफिल की शुरुआत की। इस आधुनिक प्लांट में कूड़े के निस्तारण के बाद निकली राख को प्रोसेस करने की व्यवस्था होगी। जिसके लिए 15 एकड़ ज़मीन को विकसित किया गया है। दिल्ली को प्रदूषण से मुक्त करा साफ एवं स्वच्छ बनाने के लिए हम लगातार काम कर रहे हैं और हमें सफलता भी मिल रही है। दिलली के एलजी विनय सक्सेना और सीएम अरविंद केजरीवाल ने इंजीनियर्ड लैंडफिल साइट पर नामपट्टिका का अनावरण किया और नारियल फोड़कर प्रोजेक्ट की शुरुआत की गई। इसके बाद उन्होंने प्लांट का फाइनल मॉडल देखा और इंजीनियर्स से प्रोजेक्ट की जानकारी ली।

### कूड़े के पहाड़ों को कम करने में मिलेगी मदद

*इंजीनियरिंग लैंडफिल साइट से कूड़े के पहाड़ों को कम करने में मदद मिलेगी। अभी तक राख को कूड़े के पहाड़ों पर फेंका जाता था। रोजाना करीब 500 टन राख फेंकी जाती थी। लेकिन अब वेस्ट टू एनर्जी प्लांट से निकलने वाली राख को इंजीनियरिंग लैंडफिल साइट पर डाला जाएगा। अत्याधुनिक तकनीक से तैयार इंजीनियरिंग लैंडफिल साइट के तल को पांच लेयर से बनाया गया है। इस इंजीनयरिंग लैंडफिल साइट की गहराई सात मीटर है। इसमें वर्षा के पानी-लीचेट की निकासी की विशेष व्यवस्था है। साइट पर जो लीचेट उत्पन्न होगा, उसको शोधित करने के लिए 100 केएलडी क्षमता का प्लांट भी है। इससे लीचेट से भूजल भी दूषित नहीं होगा और वायु प्रदूषण भी नहीं फैलेगा।*

# सीएए के विरोध में जामिया व डीयू में हुआ विरोध-प्रदर्शन

**नई दिल्ली,** 12 मार्च (देशबन्धु)। राजधानी के शैक्षणिक संस्थानों में विभिन्न छात्र संगठनों ने सीएए के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया।जामिया मिलिया इस्लामिया और डीयू में छात्र समूहों ने मंगलवार को विरोध जताया और केंद्र सरकार से इसे वापस लेने की मांग की। जामिया के पास आयोजित एक प्रेसवार्ता में छात्रों ने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 2019 को रद्द करने और लगभग चार साल पहले सीएए विरोधी-प्रदर्शन में बंद किए गए सभी छात्रों को रिहा करने की मांग की। इस दौरान 'दिल्ली पुलिस वापस जाओ और 'इंकलाब जिंदाबाद जैसे नारे लगाए गए। दिल्ली विश्वविद्यालय के नार्थ कैंपस स्थित आर्ट फैकल्टी के बाहर ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन और मुस्लिम स्टूडेंट्स फेडरेशन सहित अन्य छात्र संगठनों ने प्रदर्शन किया। छात्रों का आरोप है कि यहां मौजूद सुरक्षाबलों ने उनके ऊपर बल प्रयोग किया और उन्हें हिरासत में ले लिया। जवाहरलाल नेहरू विवि (जेएनयू) ने अपने छात्रों के लिए एक परामर्श जारी किया है, जिसमें उनसे मौजूदा छात्र चुनाव प्रक्रिया के मद्देनजर सतर्क रहने और परिसर में शांति तथा सद्भाव बनाए रखने को कहा गया। प्रशासन परिसर में किसी भी प्रकार की हिंसा या अनुशासनहीनता के प्रति कठोर कदम उठाने के लिए प्रतिबद्ध है। हालांकि, यह उल्लेख नहीं था कि इसे केंद्र द्वारा जारी सीएए अधिनियम को देखते हुए जारी किया गया है।

**केंद्र सरकार से की सीएए को वापस लेने की मांग**

# जनता के विकास के लिए नीतियों में बदलाव की आवश्यकता : जलील



■ दिल्ली सहित सभी लोकसभा सीटों पर उम्मीदवार उतारेगी नवरंग कांग्रेस पार्टी

**नई दिल्ली,** 12 मार्च (देशबन्धु)। देश में जनता के विकास के प्रति नेताओं, पार्टियों और सरकार की मानसिकता और नीतियों को बदलने की जरूरत है, लोगों की मासूमियत को वोटों में बदलना और जिद दिखाना नेताओं और पार्टियों की नीति बन गई है। हमें समाधान या गारंटी देने वाले नेताओं और पार्टियों से सवाल करना है और क्या हम उनसे सवाल कर रहे हैं। यह कहना है नवरंग कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शेख जलील का। मंगलवार को दिल्ली में एक प्रेस वार्ता में उन्होंने बताया कि नवरंग कांग्रेस पार्टी बासी शक्ति के बिना जातियों को एकजुट करने में मदद करती है।

उन्होंने कहा कि हम भारत में होने वाले 543वें संसद चुनाव में नवरंग कांग्रेस पार्टी से सभी सीटों पर चुनाव लड़ रहे हैं। जलील ने कहा कि नवरंग कांग्रेस पार्टी सत्ता में आती है तो हम 50 वर्ष से अधिक आयु के प्रत्येक भारतीय नागरिक के लिए 7,500, विकलांग और हम विधवाओं को पेंशन, एसटी, एससी, ओबीसी और अल्पसंख्यकों विशेषकर मुसलमानों के लिए शिक्षा और रोजगार क्षेत्रों में शेख, पठान, मुगल, सैयद को 12 प्रतिशत आरक्षण, हम मुसलमानों के लिए राजनीतिक क्षेत्र में सभी सरपंच, एमपीटीसी, जेडपीटीसी, एमएलए, एमपी के लिए 12 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करेंगे। साथ ही महिलाओं के लिए बस और रेलवे निःशुल्क यात्रा, किसानों को ब्याज मुक्त ऋण, उद्योगों की स्थापना के लिए विदेशी निवेश लाएंगे और ब्याज मुक्त ऋण आदि प्रदान करेगी।

## सार संक्षेप

### दिल्ली गुरुद्वारा समिति ने सीएए लागू का किया स्वागत

**नई दिल्ली।** दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति ने नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) लागू करने के लिए अधिसूचना जारी करने का स्वागत किया है और कहा है कि इस कानून के लागू होने से पाकिस्तान, बंगलादेश और अफगानिस्तान तथा अन्य देशों से आये अल्पसंख्यक परिवारों खासकर सिखों, हिंदू, जैन, बौद्ध और ईसाइयों को बड़ा फायदा मिलेगा। समिति के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका और महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों ने मंगलवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि जब इस अधिनियम का मसौदा तैयार किया जा रहा था, तो समिति ने इसमें सिखों का नाम शामिल करने के लिए विशेष प्रयास किए थे। अधिनियम से इन सिख परिवारों को बड़ा फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान और विशेषकर अफगानिस्तान में सिख परिवारों को बहुत कष्ट झेलना पड़ रहा है। सिखों की हत्याएं की जा रही हैं, सिख धर्मस्थलों को नुकसान पहुंचाया गया और परिवारों को लूटा गया। उन्होंने कहा कि हम पिछले दिनों ऐसे तमाम परिवारों को देश ले आए, लेकिन ये परिवार न तो यहां अपना कारोबार कर पा रहे थे और न ही उन्हें जरूरी सुविधाएं मिल रही थीं। अब यह अधिनियम लागू हो जाने से परिवारों को नागरिकता और अन्य सुविधाएं भी मिलेंगी और ये परिवार अपना खुद का व्यवसाय भी कर सकेंगे और उनके बच्चे भी घर बसा सकेंगे तथा शिक्षण संस्थानों में प्रवेश ले सकेंगे। उन्होंने कहा कि समिति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की आभारी हैं जिनके प्रयासों से यह कानून लागू हो सका है। उन्होंने आश्वासन दिया कि हम दिल्ली समिति की ओर से पूर्ण सहयोग देंगे ताकि इन सिख परिवारों को नागरिकता सहित अन्य सुविधाएं मिल सकें।

### निगम की इमारतों पर लगाए जाएंगे सौर ऊर्जा संयंत्र : आतिशी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की ऊर्जा मंत्री आतिशी ने मंगलवार को कहा कि दिल्ली सरकार और निगम के पांच सौ वर्ग मीटर से बड़े 645 इमारतों की छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाए जाएंगे। आतिशी ने आज बताया कि 29 जनवरी को कैबिनेट द्वारा पारित दिल्ली दौरे नीति को भारत में सबसे अच्छी और सबसे प्रगतिशील नीति में से एक के रूप में देखा जा रहा है। यह नीति सौर ऊर्जा के रूप में ग्रीन एनर्जी के उत्पादन को बढ़ावा देगी। इस योजना से सरकारी इमारतों को अपनी बिजली की ज़रूरतों को स्वयं पूरा करने में मददगार तो बनेगा ही साथ ही इससे पैसों की बचत के साथ-साथ पर्यावरण को भी फ़ायदा होगा। उन्होंने कहा इस तरह की पहल के साथ हम अपनी सरकारी इमारतों को अधिक ऊर्जा-कुशल बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। दिल्ली में बिजली की खपत में वृद्धि के बावजूद, हमारा लक्ष्य 2027 तक शहर की 25 प्रतिशत बिजली व सौर ऊर्जा संयंत्रों के माध्यम से उत्पन्न करना है।

### संविधान बदलने के लिए भाजपा चाहती है दो तिहाई सीटें : उदित राज

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता उदित राज ने कहा है कि भाजपा देश के संविधान में मूलभूत परिवर्तन करना चाहती है और इसके लिए वह इस बार चुनाव में दो तिहाई सीटें जीतना चाहती है। लेकिन कांग्रेस भाजपा की इस कोशिश को सफल नहीं होने देगी। पार्टी देश के हर हिस्से में इंडिया गठबंधन के सहयोगियों के साथ मिलकर भाजपा को हराने का काम करेगी। भाजपा नेता अनंत हेगड़े के बयान को संविधान विरोधी बताते हुए दिल्ली में एक प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेता उदित राज ने कहा कि अब तक यह बात छुपी हुई थी, लेकिन अब भाजपा नेता स्वयं खुलकर यह बात कहने लगे हैं कि वे संविधान में परिवर्तन करना चाहते हैं।

# बड़े उद्योगपतियों का जैसे कर्ज माफ किया वैसे आमजन का भी कर्जा होगा माफ : शहनवाज चौधरी



■ अदालत में जनहित याचिका दायर कर की कर्ज के जाल में फंसे लोगों को राहत दिलाने की मांग

**नई दिल्ली,** 12 मार्च (देशबन्धु)। धार्मिक एकता ट्रस्ट के संचालक शहनवाज चौधरी ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर कर कर्ज के जाल में फंसे लोगों को राहत दिलाने की मांग की है। उनकी संस्था पूरे देश में निशुल्क कर्ज मुक्त अभियान चला रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य कर्जों से परेशान लोगो को आत्महत्याओं से रोकना है। अपने अभियान के माध्यम से वह अभी तक दो लाख से अधिक लोगों को आत्महत्या से बचा चुके हैं। उनकी योजना इस अभियान से 20 करोड़ लोगों को जोड़ने की है, जिस पर वह निरंतर काम कर रहे हैं। कर्जमाफी योजना की शुरुआत करने वाले शहनवाज चौधरी ने बताया कि उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर दी है और कर्ज में फंसे लोगों को राहत देने की मांग की है। उन्होंने बताया कि एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक पांच सालों में 50,000 से अधिक हत्या और आत्महत्या के मामले ऋण के कारण सामने आ रहे हैं। जनता की कर्ज माफी को लेकर के धार्मिक एकता ट्रस्ट के बैनर तले कर्ज मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत गत वर्ष 8 अगस्त को दिल्ली के रामलीला मैदान में प्रमाण पत्र बांटने का कार्यक्रम शुरू किया गया था उसी को आगे बढ़ाते हुए अभियान को तेज करने का निर्णय लिया गया है। चौधरी ने बताया कि वह कर्ज से संबंधित आंकड़ें जुटा रहे हैं और पीड़ितों को राहत देने के लिए सभी का डाटा केंद्र सरकार के पास भेज रहे हैं।

उनके द्वारा भेजे गए आंकड़ों को केंद्र सरकार फाइल नंबर देती है और सभी के लिए केंद्र सरकार विचार कर रही है, यह प्रमाण पत्र उन सभी कर्जदारों को राहत दिलाने में सहयोगी होता है जो लोग कर्ज से परेशान हैं।



■ नई दिल्ली स्थित हजरत निजामुद्दीन औलिया की दरगाह के अंदर रमजान के पवित्र महीने के पहले दिन रोजा खोलते मुस्लिम बंधु। फोटो इम्तियाज खान

# समाज की आधारशिला व साहस की प्रतीक नारी शक्ति : सोनल गोयल




**नई दिल्ली,** 12 मार्च (देशबन्धु)। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य, महिलाओं का सशक्तिकरण एवं उनकी उन्नति और विकास को बढ़ावा देना है। इस साल की थीम इन्वेस्ट इन वीमेन- एक्सलरेट प्रोग्रेस रखी गई थी। इस अवसर पर रावल इंस्टीट्यूट द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें आईएएस सोनल गोयल मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंची। इस अवसर पर सोनल गोयल ने कहा कि आज देश में शासन-प्रशासन को चलाने में महिलाएं अहम भूमिका निभा रही हैं। हर क्षेत्र में महिलायें बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रही हैं। आज चाँद से लेकर संसद तक महिलाएं हर जगह अपना परचम लहरा रही हैं। सोनल अक्सर महिलाओं और युवाओं से जुड़े मुद्दों पर मुखर रहती हैं। कार्यक्रम के दौरान सोनल ने इंस्टीट्यूट के टॉपर्स को पुरस्कार बाटते हुए उन्हें बधाई दी। साथ ही रावल इंस्टीट्यूट के विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई ई.वी जीप का उद्घाटन भी किया। सोनल ने युवाओं को संबोधित करते हुए उनकी सराहना की। सोनल, सोशल मीडिया पर अक्सर चर्चा में बनी रहती हैं। वह समय-समय पर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से जुड़े गुरूमंत्र साझा कर युवाओं का मार्गदर्शन करती रहती हैं। जिसके चलते लाखों लोग उन्हें फॉलो करते हैं।

# सीएए का लागू होना बड़ा कदम : भाजपा



कानून लागू होने से अब उन शरणार्थियों को अपनी पहचान मिलेगी जो कई वर्षों से भारत में रह रहे हैं : वीरेन्द्र सचदेवा

**नई दिल्ली,** 12 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने पाकिस्तान से आए हिन्दू शरणार्थी एवं अफगानिस्तान से आए सिख एवं हिन्दू शरणार्थी को सीएए लागू होने के बाद एक मंच पर सम्मानित किया और सभी शरणार्थियों जो अब नागरिक होंगे को गुलाल लगाकर खुशियां मनाई। शरणार्थियों ने एक पत्र भी वीरेन्द्र सचदेवा को दिया जिसमें उन्होंने अपनी भावनाओं को बताते हुए प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर द्वारा संयोजित इस प्रेसवार्ता में चांदनी चौक जिला भाजपा अध्यक्ष सरदार कुलदीप सिंह, मीडिया रिलेशन प्रमुख विक्रम मित्तल एवं निगम पार्षद हरेश ओबरॉय के साथ पाकिस्तान से आए हिन्दू शरणार्थी के प्रतिनिधि एवं अफगानिस्तान से आए सिख एवं हिंदू शरणार्थी के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। प्रवीण शंकर कपूर ने कहा भारत सरकार ने आज से शरणार्थियों को भारतीय नागरिक का दर्जा दे दिया है, अब यह घरवाले हैं। वीरेन्द्र सचदेवा एवं उपस्थित शरणार्थी प्रतिनिधियों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर अपनी खुशी जाहिर की और सभी को बधाई देते हुए कहा कि यह होली से पहले की होली है और इसके लिए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का हम सभी आभारी हैं क्योंकि जो कहा वह करके दिखाया। सचदेवा ने कहा जब मैं पहली बार इन लोगं से मिला तो हमने आशा व्यक्त की थी कि एक समय आएगा जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आप सभी की मांगों को पूरी करेंगे क्योंकि हमें अपने शीर्ष नेतृत्व पर भरोसा था और आज उस भरोसे का परिणाम सामने हैं।

# दोरजी शेरिंग लेप्चा ने ली राज्य सभा सांसद की शपथ

**नई दिल्ली,** 12 मार्च (देशबन्धु)। दोरजी शेरिंग लेप्चा ने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ की उपस्थिति में मंगलवार को संसद भवन में राज्यसभा सांसद के रूप में शपथ ली। वह सिक्किम से राज्यसभा के लिए चुने गए हैं। भाजपा ने सिक्किम में राज्यसभा चुनाव के लिए विधायक दोरजी शेरिंग लेप्चा को अपना उम्मीदवार बनाया था। 66 वर्षीय लेप्चा वर्तमान में पाक्योंग जिले की ग्नथांग माचोंग सीट से विधायक थे। वह पिछली एसडीएफ राज्य सरकार में मंत्री भी थे, और 2019 विधानसभा चुनाव के बाद पार्टी के नौ अन्य विधायकों के साथ भाजपा में शामिल हो गए, जिसमें एसकेएम सत्ता में आई।

**तैयारी** *ईवी एक्सपो के आयोजन को लेकर तैयारी तेज*

# ऑटोमोटिव आपूर्ति श्रंखला को मिलेगा नया आकार

■ राजधानी में 15 से 17 मार्च के बीच आयाजित होगा ईवी एक्सपो

**नई दिल्ली, 12 मार्च (देशबन्धु)। इंडिया इंटरनेशनल ईवी शो का चौथा संस्करण 15 से 17 मार्च तक दिल्ली के द्वारका में इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर (आईआईसीसी) में किया जाएगा। भारत के सबसे बड़े इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग के सम्मेलन के रूप में पहचाने जाने वाले इस कार्यक्रम में इंजीनियरों, मैकेनिकों, वैज्ञानिकों और निर्णयकर्ताओं को एक साथ आने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है। इंडिया इंटरनेशनल ईवी शो नवाचार और उद्योग कौशल के एक शानदार प्रदर्शन का वादा करता है।**

150 से अधिक प्रदर्शकों द्वारा उत्पादों और सेवाओं की एक विविध श्रृंखला प्रस्तुत करने के साथ, आगंतुक इलेक्ट्रिक वाहनों, घटकों, चार्जिंग बुनियादी ढांचे और स्मार्ट गतिशीलता समाधानों तक फैली पांच हजार से अधिक अत्याधुनिक तकनीकों का पता लगा सकते हैं। यह आयोजन 50 हजार से अधिक उद्योग पेशेवरों, उत्साही लोगों और हितधारकों को आकर्षित करने के लिए तैयार है, जो व्यवसायों के लिए अद्वितीय नेटवर्किंग अवसर प्रदान करता है। प्रदर्शनी में 12 सम्मेलन और सेमिनार शामिल हैं, जो बैटरी प्रौद्योगिकियों और चार्जिंग बुनियादी ढांचे के विकास जैसे प्रमुख विषयों पर अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं। इस आयोजन की प्रेस कॉन्फ्रेंस में उपस्थित प्रतिष्ठित वक्ताओं में फ्युचरेक्स ग्रुप के प्रबंध निदेशक स्वामी प्रेम अन्वेषी, फ्युचरेक्स ग्रुप के निदेशक नमित गुप्ता, फ्युचरेक्स ग्रुप के प्रोजेक्ट हेड मुकेश यादव शामिल थे। नमित गुप्ता ने बताया कि इंडिया इंटरनेशनल ईवी शो 2024 टिकाऊ परिवहन की दिशा में भारत की यात्रा में एक महत्वपूर्ण क्षण का प्रतिनिधित्व करता है। यह कार्यक्रम नवाचार के लिए उत्प्रेरक के रूप में काम करते हैं, प्रौद्योगिकी में प्रगति करते हैं और ऑटोमोटिव आपूर्ति श्रंखला को नया आकार देते हैं।




टिकाऊ परिवहन की दिशा में भारत की यात्रा में महत्वपूर्ण क्षण का प्रतिनिधित्व करता है इंडिया इंटरनेशनल ईवी शो : **नमित गुप्त**

# एटीएम लूट रहे दो बदमाश गिरफ्तार

**नई दिल्ली,** 12 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली के नजफगढ़ इलाके में गार्ड को बंधक बनाकर एटीएम में लूटपाट का प्रयास करने का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने लूटपाट की कोशिश कर रहे दो बदमाशों को रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार बदमाशों की पहचान नजफगढ़ निवासी ललित और निकेश के रूप में हुई है। वहीं घटना के बाद इलाके में गश्त कर रहे पीसीआर कर्मियों ने किसी वारदात को अंजाम देने जा रहे तीन बदमाशों को पकड़ा है।

महत्वपूर्ण सूचना

दिनांक 12.03.2024 को विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित 'होली विशेष रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि' संबंधी सार्वजनिक सूचना में आंशिक संशोधन किया गया है, जो निम्नानुसार है:-

- रेलगाड़ी सं. 01663 सहरसा जं. – आनंद विहार (ट) को रेलगाड़ी सं. 01661 सहरसा जं. – आनंद विहार (ट) त्यौहार विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी पढ़ा जाए।

नोट : अन्य विवरण पूर्ववत् रहेगा।

रेलयात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए हमें खेद है।

रेलयात्रियों को परामर्श दिया जाता है कि रेलमदद हेल्पलाईन सं. 139 अथवा NTES App पर रेलगाड़ियों की स्थिति देखकर अपनी यात्रा प्लान करें।

रेलमदद वेबसाइट देखें: www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

784/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कैपिटल ज़ोन

उवाच

जिस तरीके से सीएए कानून को पास किया गया है, उसे देश में एक नया संदेश गया है और प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह ने साबित किया है कि जो वह फैसला लेना चाहते हैं। उसे हर हाल में लेकर रहते हैं। उन्होंने कहा कि नागरिकता संशोधन कानून के संदर्भ में कई गलतफहमी फैलाई गई थी। यह नागरिकता देश का कानून है : **नरेंद्र कश्यप**

## मुख्यमंत्री ने किया गाजियाबाद नगर निगम की 63.84 करोड़ की 11 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास

- महापौर व नगर आयुक्त ने शहर को दी शुभकामनाएं
- योजनाओं से शहर वासियों को मिल रहा लाभ : महापौर
- शासन की योजनाओं से हाईटेक की तरफ अग्रसर गाजियाबाद नगर निगम : नगरायुक्त



**गाजियाबाद**, 12 मार्च (देशबन्धु)। नगर निगम की परियोजनाओं का लोकार्पण तथा शिलान्यास का कार्यक्रम लोहिया नगर स्थित हिंदी भवन मे आयोजित हुआ। शासन की जनहित लाभकारी योजनाओं का शिलान्यास मुख्यमंत्री द्वारा सजीव प्रसारण के माध्यम से किया गया। 63.84 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण तथा शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम में महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक सहित माननीय पार्षद स्वयं सहायता समूह की महिलाएं व अन्य नागरिक भी उपस्थित रहे। 11 परियोजनाओं में तीन योजनाओं का लोकार्पण तथा आठ योजनाओं का शिलान्यास किया गया।

महापौर तथा नगर आयुक्त शहर वासियों को सरकार की योजनाओं के क्रम में हो रहे विकास कार्यों के लिए उपस्थित जनों को शुभकामनाएं दी गई। महापौर द्वारा गाजियाबाद नगर निगम के तेजी से चल रहे कार्यों को लेकर भी सराहना की गई। मल्टीलेवल कार पार्किंग, नगर निगम विद्यालयों में स्मार्ट क्लास का कार्य, सूर्य नमस्कार स्टैचू की स्थापना का कार्य का लोकार्पण किया गया। महापौर द्वारा शहर वासियों को अमृत 2.0 के अंतर्गत गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत तालाबों के जीर्णोद्धार एवं सफाई कार्य के बारे में भी अवगत कराते हुए शुभकामनाएं दी। मोरटा, नायफल, सदरपुर टंकी के पास का तालाब तथा पक्का तालाब का शिलान्यास किया गया।

नगर आयुक्त द्वारा शहर वासियों को योजनाओं के अंतर्गत हुए कार्यों के बारे में अवगत कराते हुए शुभकामनाएं दी। विशेष रूप से सिटी के अंतर्गत सार्वजनिक क्षेत्र में कैमरा इंटीग्रेशन के कार्यों को लेकर मोटिवेट किया गया। विजयनगर अंतर्गत जोनल नागरिक सुविधा केंद्र का निर्माण कार्य, आधुनिक कारकस प्लांट की स्थापना का कार्य, सीनियर केयर सेंटर के निर्माण कार्य को लेकर उपस्थित पार्षदों को शुभकामनाएं दी। नगर आयुक्त द्वारा शहर वासियों को आधुनिक तकनीकी पर किए जा रहे कार्यों के बारे में भी अवगत कराया तथा शासन की जनहित लाभकारी योजनाओं के क्रम में शहर हाईटेक की तरफ अग्रसर हो रहा है।

## वीके सिंह ने धोबीघाट आरओबी का किया विधिवत उद्घाटन

- यह आरओबी कई महीने पहले ही हो गया था चालू

**गाजियाबाद**, 12 मार्च (देशबन्धु)। सांसद एवं केंद्रीय सड़क परिवहन राजमार्ग एवं नागर विमानन राज्यमंत्री जनरल डॉ विजय कुमार सिंह ने गाजियाबाद के विजय नगर में स्थित धोबी घाट पर बने आरओबी का विधिवत उद्घाटन किया। हालांकि यह आरओबी कई महीने पहले ही चालू हो गया था। इस अवसर पर वीके सिंह ने बताया कि दो शहरों को आपस में जोड़ता हुआ यह रेलवे ओवर ब्रिज प्रतिदिन 3 वे 5 लाख लोगों की आवाजाही में लाभदायक साबित हो रहा है। यह रेलवे ओवर ब्रिज जनता के लिए उद्घाटन से पहले खुलवा दिया था ताकि औपचारिकता के कारण जनता को किसी भी तरह की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि 1982 से गाजियाबाद के लोगों की विजयनगर से गाजियाबाद शहर को जोड़ने के लिए रेलवे स्टेशन पर आरओबी की एक प्रमुख मांग थी। इस रास्ते पर यातायात की बाधाओं से घिरे गाजियाबाद के



लोग 6 से 7 किलोमीटर अतिरिक्त वाहन चलाकर अपनी मंजिल तक पहुंच रहे थे। संज्ञान में यह बात आई उन्होंने इस सम्बंध में कार्य करना शुरू कर दिया। जल्द से जल्द सर्वेक्षण का कार्य पूर्ण कराकर गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर आरओबी की आधारशिला रख दी गई। 110 करोड़ रुपए की लागत से 1.34 किलोमीटर लंबे 1500 टन के भार वाले इस आरओबी के कारण विजयनगर और गाजियाबाद शहर की बीच बेहतर कनेक्टिविटी बनी है और घन्टों की दूरी अब मिनटों में पूरी हो रही है। इस रेलवे ओवर ब्रिज को बनाने में बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ा लेकिन जनरल साहब ने सभी समस्याओं का समाधान किया।

## वीके सिंह ने स्टेशन एक उत्पाद योजना का किया शुभारम्भ




**गाजियाबाद।** सांसद एवं केंद्रीय सड़क परिवहन राजमार्ग एवं नागर विमानन राज्यमंत्री जनरल डॉ. वीके सिंह ने मंगलवार को गाजियाबाद जंक्शन स्टेशन पर भारत सरकार के 'वोकल फॉर लोकल' दृष्टिकोण को बढ़ावा देने एक स्टेशन एक उत्पाद (ओएसओपी) योजना प्रारंभ की है।

इससे पहले स्थानीय एवं स्वदेशी उत्पादों को समुचित बाजार उपलब्ध कराने और समाज में हाशिए पर रहने वाले सभी वर्गों के लिए अतिरिक्त आय के अवसर सृजित करने के उद्देश्य से इस योजना को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से हरी झंडी दिखाकर शुरू किया। इस योजना का लक्ष्य देश भर के रेलवे स्टेशनों पर बिक्री केंद्र स्थापित करने प्रावधान के माध्यम से स्थानीय दस्तकारों, कुम्हारों, बुनकरों/हथकरघा कारीगरों, शिल्पकारों आदि को आजीविका के बेहतर अवसर प्रदान करना है। राष्ट्र को समर्पित किए जाने वाले इस कार्यक्रम के अंतर्गत गाज़ियाबाद रेलवे स्टेशन पर एक स्टेशन एक उत्पाद इकाई को राष्ट्र को समर्पित किया गया।

## सार संक्षेप

### लो हाइट लाइट से चमकेंगे शहर के सेक्टर

**नोएडा।** नोएडा में घने पेड़ होने की वजह से स्ट्रीट लाइट का प्रकाश जमीन पर नहीं आता। इसके लिए यहां छोटे हाइट के स्ट्रीट लाइट पोल लगाए जा रहे है। इनकी हाइट करीब 4 से 6 मीटर के है। खास ये है इन स्ट्रीट लाइट के लगने से पेड़ों को काटने की आवश्यकता नहीं है। साथ ही ये दिखने में काफी सुंदर लगते है। ये सभी पोल सेक्टरों में लगाए जा रहे है। इसके अलावा अब 7500 स्ट्रीट लाइट लगाई जा चुकी है। जिसमें नोएडा पुलिस की ओर बताए गए 220 ब्लैक स्पॉट पर 5361 स्ट्रीट लाइट लगाई गई और 121 स्ट्रीट लाइट और लगाई जा रही है। वहीं सौंदर्यीकरण के लिए डेकोरेटिव पोल लगाए जा रहे है। जिसमें सेक्टर-29 ब्रह्मपुत्र कांप्लेक्स, सेक्टर-18, कालिंदी कुंज एंट्री पाइंट, चार मूर्ति एंट्री पाइंट, फिल्म सिटी फ्लाईओवर, गंगाशापिंग कांप्लेक्स, सेक्टर-48,46,62 , शाहदरा एंट्री पाइंट में लगा दी गई है। इसके अलावा सेक्टर-34, 46,47,50 और 14, अरुण विहार में डेकोरेटिव पोल लगाने का काम किया जा रहा है।

### नोएडा में पुलिस ने किया फ्लैग मार्च



**नोएडा।** अपर पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था के नेतृत्व में सभी जोन के डीसीपी, एडीसीपी द्वारा समस्त पुलिस बल, पैरामिलट्री, पीएसी, बम स्कायड, डॉग स्कवायॅड टीम एवं एलआईयू टीम के साथ आगामी त्यौहारो व वर्तमान संवेदनशीलता के दृष्टिगत अपने-अपने क्षेत्रों में पैदल मार्च किया जा रहा है। इस क्रम में करते हुए मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रो, धार्मिक स्थल, महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों के आसपास पैदल मार्च किया जा रहा है। जिसके तहत भीड़ व यातायात प्रबन्धन व अन्य सुरक्षा मानकों को सुनिश्चित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त इसमें पुलिस द्वारा सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मो पर भी लगातार नजर रखी जा रही है। किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने वाले असामाजिक व्यक्ति के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। बतौर सोशल मीडिया की निगरानी के लिए पूरी टीम बनाई गई है। एडीसीपी मनीष मिश्रा ने बताया कि आगामी त्योहार , लोकसभा चुनाव और वर्तमान स्थिति को देखते हुए फ्लैग मार्च किया जा रहा है।

### लोन दिलाने का झांसा देकर 92 लाख हड़पे

**नोएडा।** 25 करोड़ रुपए का लोन दिलाने का झांसा देकर तीन आरोपियों ने एक कंपनी के निदेशक के 92 लाख रुपए हड़प लिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। सेक्टर-56 निवासी हेतल वर्मा ने शिकायत में बताया कि सेक्टर-80 में उनकी मैसर्स एरियन ग्लोबल लाइफस्टाइल प्राइवेट लिमिटेड नाम से कंपनी है। वह बतौर निदेशक संबंधित कंपनी में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। कंपनी के काम के सिलसिले में हेतल को भारी मात्रा में ऋण की आवश्यकता थी। इस संबंध में वह ऑनलाइन जानकारी भी जुटा रहे थे।

## स्कूल के पास कबाड़ के गोदाम में लगी भीषण आग

**गाजियाबाद**, 12 मार्च (देशबन्धु)। गाजियाबाद पर नंदग्राम थाना क्षेत्र में रेत मंडी के पास एक गोदाम में आग लग गई। जिसमें लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। इस दौरान फायर ब्रिगेड की छह गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद कई गाड़ियों ने आग पर काबू पाया।



- फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने कई घंटों की मशक्कत के बाद पाया आग पर काबू

मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि मध्य रात्रि में समय 01:23 बजे कोतवाली फायर स्टेशन, पुलिस कमिश्नरेट लगे होने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना प्राप्त होते ही तत्काल चार फायर टेंडर मय फायर सर्विस यूनिट कोतवाली फायर स्टेशन से घटनास्थल के लिए रवाना हुए। मौके पर पहुंचकर देखा कि आग बाबा इंटरनेशनल स्कूल के पास हाई टेंशन लाईन के नीचे के संरक्षित एरिया में टीन शेड की बाउंड्री वॉल के अन्दर लगभग पांच हजार वर्ग मीटर क्षेत्रफल में बने कबाड़ के गोदाम में प्लास्टिक, गज, कांच, लकड़ी इत्यादि के आग लगी हुई है। फायर सर्विस गाड़ियों ने तुरन्त पंपिंग शुरू करके आग को बुझाना और घेरना शुरू किया।

## वाहन चोरी करने वाले गिरोह के चार गिरफ्तार

**नोएडा**, 12 मार्च (देशबन्धु)। चोरी की बाइक से रेकी करने के बाद वाहनों की चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए सेक्टर-24 पुलिस ने मंगलवार को चार बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया।

- 1 कार 7 बाइक 2 स्कूटी बरामद
- अकेले एक थाने में दर्ज है 13 मुकदमें
- कस्टडी में एक नाबालिग



इनकी निशानदेही पर चोरी की सात मोटरसाइकिल, दो स्कूटी और एक कार बरामद हुई है। गिरोह में शामिल एक नाबालिग को भी पुलिस कस्टडी में लिया गया है। गिरफ्त में आए बदमाशों के खिलाफ सेक्टर-24 थाने में 13 केस दर्ज हैं। अन्य थानों से भी आरोपियों का आपराधिक इतिहास पता किया जा रहा है। एडिशनल डीसीपी मनीष कुमार मिश्र ने बताया कि थाना प्रभारी की अगुवाई में सोमवार को सेक्टर-24 थाने की पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि रेकी कर वाहनों की चोरी करने वाले गिरोह के कई सदस्य वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे हैं। इसी दौरान सेक्टर-12/22/56 तिराहे पर दो बाइक पर चार युवक सवार होकर उधर से गुजरे। संदिग्ध लगने पर बाइक सवारों को रोका गया तो सभी भागने का प्रयास करने लगे।

**गिरोह में नौ लोग है शामिल**

पुलिस ने चारों बाइक सवार और पीछे से आ रहे उसके नाबालिग साथी को दबोच लिया। पूछताछ के दौरान पांचों ने बताया कि वह दिल्ली-एनसीआर में वाहनों की चोरी करते हैं। आरोपियों की पहचान सेक्टर-22 निवासी आरिफ उर्फ जायमुल, राजेश और अंकित व दिल्ली के कोंडली निवासी अनकेश के रूप में हुई है। इनकी निशानदेही पर कई वाहनों की बरामदगी हुई है। बरामद वाहनों में से दो वाहनों को दिल्ली से जबकि एक को सेक्टर-24 थानाक्षेत्र से चुराया गया था। अन्य वाहनों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है।

## दो जालसाजों को क्राइम ब्रांच ने किया गिरफ्तार

**नोएडा**, 12 मार्च (देशबन्धु)। थाना सेक्टर-24 पुलिस और क्राइम ब्रांच ने संयुक्त रूप से दो आरोपियों को आईसीआईसी बैंक से गिरफ्तार किया है। इनका काम फर्जी बैंक खाते खोलकर बेचना था। इन्ही दोनों लोगों ने सेक्टर-22 स्थित साउथ इंडियन बैंक के सहायक प्रबंधक राहुल शर्मा को खाते उपलब्ध कराए थे। राहुल शर्मा ने साउथ इंडियन बैंक में 28.07 करोड़ की धोखाधड़ी की थी। हाल ही में क्राइम ब्रांच की ओर से इस मामले में फ्रीज किया गया 4 करोड़ की रकम भी इन्ही के द्वारा राहुल को प्रोवाइड किए गए खातों से मिली थी। डीसीपी क्राइम शक्ति मोहन ने बताया कि 4 करोड़ की रकम फ्रीज करने के इन लोगों के बारे में इनपुट मिला। इलेक्ट्रानिक सर्विलांस के आधार पर दोनों आरोपियों को आईसीआईसीआई बैंक सेक्टर-18 से गिरफ्तार किया गया। इनकी पहचान शैलेंद्र गौड़ और देवराज सिंह हुई। इनके पास से नगद 1 लाख 22 हजार 500 रुपए, 03 कम्प्यूटर सीपीयू, 02 लैपटॉप, 04 मोबाइल फोन, 75 डिजिटल सिगनेचर पैन ड्राइव, 12 कटे बिल, 23 मुहर व एक कार स्कॉर्पियों बरामद की गई है। इन लोगों ने किन-किन लोगों को खाते बेचे इसकी जानकारी की जा रही है। डीसीपी ने बताया कि ये दोनों लोग एक साथ मिलकर फर्जी बैंक खाते खोलकर नोएडा, दिल्ली, गाजियाबाद में लोगों में खाते प्रोवाइड कराते थे। और उससे मोटा कमीशन लेते थे।

## सालाना 2.5 लाख कार्बन रेडिएशन को कम करेगा प्राधिकरण

- कार्बन क्रेडिट के रूप में एवर एनवायरो देगी 74 लाख
- एनटीपीसी कार्बन क्रेडिट का 25 प्रतिशत, 18 महीने में लगाना है प्लांट

**नोएडा**, 12 मार्च (देशबन्धु)। प्राधिकरण नोएडा और ग्रेटरनोएडा से निकलने वाले म्यूनिसिपल सॉलिड वेस्ट की प्रोसेसिंग एवं साइंटिफिक डिस्पोजल के जरिए कार्बन क्रेडिट प्राप्त करेगा। इसके लिए अस्तौली सेक्टर-145 में प्लांट लगाने का काम शुरू होने के 18 महीने में वेस्ट निपटारे की प्रक्रिया शुरू करनी होगी। इसमें दो कंपनियां प्लांट लगा रही है। पहली इंडो एनवायरो इंटीग्रेटड सोल्यूशन लिमिटेड / एवर एनवायरो रिर्सोसेस मैनेमेंट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से 300 टीपीडी क्षमता का कंप्रेस्ड बायो गैस (सीबीजी) प्लांट (निपटारा ग्रेटरनोएडा का 100 टीडीपी नोएडा का प्राधिकरण 200 टीपीडी) का होगा। दूसरा प्लांट एनटीपीसी विद्युत व्यापार निगम लिमिटेड की ओर से 1100 टीपीडी (नोएडा का 600 टीपीडी और ग्रेटर नोएडा का 300 टीपीडी) इस मिक्स वेस्ट से टोरिफाइड चारकोल बनाया जाएगा। टोरिफाइड चारकोल का प्रयोग विद्युत उत्पादन में किया जाएगा। इसके लिए एनटीपीसी ने नोएडा प्राधिकरण के साथ लेटर ऑफ इंटेंट साइन किया है। इसके लिए प्राधिकरण को कोई खर्च नहीं करना होगा। सिर्फ दोनों कंपनियों को जमीन दी गई है। प्राधिकरण को कार्बन क्रेडिट के रूप में राजस्व मिलेगा।

**नोएडा से कितना निकलता है कचरा**

- गीला कचरा 400 मीट्रिक टन
- सूखा कचरा 600 मीट्रिक टन
- सीएंडडी वेस्ट 300 मीट्रिक टन
- ग्रेटरनोएडा से गीला कचरा करीब 300 मेट्रिक टन

**2 लाख 25 हजार मीटर क्यूब कार्बन उत्सर्जन से होगा बचाव**

प्राधिकरण के अधिकारी ने बताया कि यदि हम 900 टीपीडी म्यूनिसिपल सॉलिड वेस्ट का इस पद्यति से निपटारा करते है तो उससे सालाना करीब 2 लाख 25 हजार कार्बन उत्सर्जन कम होगा। इसे कार्बन रेडिएशन भी कह सकते है। इस उत्सर्जन से बचाव के बाद ही हमे कार्बन क्रेडिट मिलेगा। यहां दोनों प्लांट में एनटीपीसी की क्षमता 1100 टीपीडी की है और एवर एनवायरों की क्षमता 300 टीपीडी की है। इसी के अनुसार दोनों ने नोएडा प्राधिकरण के साथ समझौता किया है।

**दोनों संस्थान अलग-अलग क्षमता के अनुसार देंगी कार्बन क्रेडिट**

एवर एनवायरो रिर्सोसेस मैनेजमेंट नोएडा प्राधिकरण को सालाना 74 लाख रुपए कार्बन क्रेडिट के रूप में देगी और एनटीपीसी कार्बन क्रेडिट का 25 प्रतिशत देगी। इसका एक हिस्सा ग्रेटरनोएडा प्राधिकरण को भी जाएगी क्योंकि उसके वेस्ट का निपटारा भी दोनों ही कंपनियां मिलकर करेंगी। खास ये है कि दोनों ही प्राधिकरण को इसके लिए एक रुपए खर्च नहीं करना होगा।

## रूस के डेलीगेट्स ने की छात्रों से मुलाकात

**नोएडा**, 12 मार्च (देशबन्धु)। रूस की इग्नाइट 2.4 डेलीगेट्स ने सेक्टर 62 स्थित एवियर एजुकेशनल हब कॉलेज में पहुंचकर छात्र छात्राओं से मुलाकात की। इस अवसर पर डेलीगेट्स ने इंडो रूस रिलेशन को मजबूती देते हुए कई अहम विषय चर्चा की। जिसमे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ड्रोन टेक्नोलॉजी ,चिप टेक्नोलॉजी और साइबर सिक्योरिटी जैसे विषय शामिल थे। जिसकी ट्रेनिंग जल्द कॉलेज में शुरू की जाएगी। इस डेलीगेट्स में रूस के इंडस्ट्रियलिस्ट कमांडर मुकेश सैनी, रूस के आईटी एसोसिएशन के अध्यक्ष वालेंटीन, सीआईआरटीसी के डायरेक्टर देबजीत चक्रवर्ती और शुभम सरकार, एमसीएसटी एलएलसी के मार्केटिंग डायरेक्टर कांसतांतीं त्रुशकीन, बेस एएलटी के सीईओ माइकल, और प्रेसीडियम ऑफ द काउंसिल ऑन फॉरन और डिफेंस पॉलिसी के सदस्य एंड्रे बेजरूकोव शामिल थे। रूस डेलीगेट्स ने यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश के तीन कॉलेज में यह कार्यक्रम आयोजित किया जिसका उद्देश्य बच्चों को नवीन तकनीक से जोड़ना और आत्मनिर्भर बनाना है। इस अवसर पर कॉलेज के चेयरमैन संदीप सिंह ने मेक बाय इंडिया पर बल देते हुए कहा की यह पहल दो देशों के संबंधों को मजबूत करने के साथ साथ बच्चों के लिए भी एक अलग मुकाम स्थापित करेगा। इस अवसर पर कॉलेज की डायरेक्टर कनिका सिंह, संदीप सिंह, डॉ अमित सहगल, सीए शिव शुक्ला, कृष्णा वेमुला, विकास तोमर आदि मौजूद थे।



## कोविन पोर्टल की तर्ज पर यू-विन से होगा टीकाकरण

**नोएडा**, 12 मार्च (देशबन्धु)। कोविड के दौरान कोविन पोर्टल के माध्यम से लोगों को टीकाकरण (वैक्सीनेशन) कराने के लिए ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा प्रदान की गई थी । उसी तर्ज पर अब 'यू-विन' पोर्टल पर शून्य से पांच साल तक की आयु के बच्चों एवं गर्भवती को टीके लगवाने के लिए टीकाकरण केंद्रों की जानकारी व ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा दी जाएगी।

इस पोर्टल के माध्यम से लाभार्थी आसानी से टीका लगवाने के लिए बुकिंग करा सकेंगे। टीका लगवाने के बाद उन्हें डिजिटल प्रमाण पत्र भी पोर्टल के माध्यम से प्राप्त होगा। यू-विन पोर्टल पर पंजीकरण के बाद नवजात शिशुओं, बच्चों (पांच वर्ष तक) व गर्भवती को देश भर में कहीं भी टीका लगवाने की सुविधा मिलेगी।

यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुनील कुमार शर्मा ने दी। सीएमओ ने कहा कि यू-विन पोर्टल बच्चों एवं गर्भवती के टीकाकरण में अहम भूमिका निभाएगा। इसके लिए सभी वैक्सीनेटर को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। बुधवार से इस पर अमल शुरू हो जाएगा।

उप जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ उबैद कुरैशी ने बताया कि यू-विन पोर्टल या ऐप को मोबाइल में डाउनलोड कर लाभार्थी स्वयं व अपने परिवार के सदस्यों का पंजीकरण कर इसका लाभ उठा सकते हैं। आंकड़ों के आदान-प्रदान के लिए यू-विन पोर्टल को कोविन से भी जोड़ दिया गया है। इस कारण ज्यादातर लोगों के आंकड़े पहले से ही पोर्टल पर उपलब्ध हैं। जैसे ही आप पूर्व में कोविड टीकाकरण के वक्त कोविन एप दर्ज कराए गए अपने मोबाइल नंबर को यू-विन एप पर पंजीकृत करेंगे, वहां आपका नाम, पता, आधार नंबर आदि विवरण आ जाएगा। बच्चे की जन्मतिथि डालते ही लगने वाले टीके की पूरी सूची तारीख के साथ दिखने लगेगी।

**यू-विन पोर्टल पर पंजीकरण के लिए जरुरी दस्तावेज**

आधार से जुड़ा हुआ मोबाइल नंबर (माता-पिता का) बच्चे के मामले में उसकी जन्म तिथि की सही जानकारी गर्भवती के मामले में आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, पासपोर्ट, पेंशन बुक, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर स्मार्ट कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, दिव्यांग कार्ड या फोटो युक्त राशन कार्ड

**यूविन के फायदे**

परिवार के सभी सदस्यों के टीकाकरण का डाटा एक साथ एक ही जगह पर उपलब्ध होगा। पूरे देश में टीका की आपूर्ति एवं उपयोग की केन्द्रीयकृत निगरानी हो सकेगी।

## एमिटी ने पुलिस कमिश्नर को दिया 'अद्रिजा नारी शक्ति' सम्मान

**नोएडा**, 12 मार्च (देशबन्धु)। सेक्टर-125 स्थित एमिटी विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की सदस्य विजयाभारती सयानी मौजूद रही। इस मौके पर गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह, पद्मश्री शोभना नारायण, पूर्व राज्यसभा सदस्य और भारतीय कलाकार रूपा गांगुली को 'अद्रिजा - नारी शक्ति सम्मान' से सम्मानित किया गया। विजयाभारती सयानी ने कहा कि बिना शक्ति के शिवजी पूर्ण नहीं है। इसलिए भारतीय परंपरा में अर्द्धनारीश्वर की पूजा की जाती है। प्राचीन समय से हमारे देश में पुरूष और महिलाओं को समानता का अधिकार प्राप्त था। उन्होंने छात्रों को सदैव समानता और निष्पक्षता का भाव रखने के लिए प्रेरित किया। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आजादी और संविधान लागू होने के साथ ही हमारे देश में महिलाओं और पुरूषों को बराबरी का अधिकार प्राप्त हुआ। जिसके तहत उन्हे वोट देने से लेकर निर्णय लेने का अधिकार है। जबकी कई विकसित देशों में भी महिलाओं को यह अधिकार काफी समय बाद प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि आप देश के उत्तर प्रदेश राज्य में है जो सबसे तेजी से विकसित हो रहा है। आपको विकास के नये अवसर प्राप्त हो रहे है।



- पद्मश्री शोभना नारायण व भारतीय कलाकार रूपा गांगुली भी हुई सम्मानित

सिंह ने छात्रों से कहा कि समझौता, गलत नही हैं। अगर आप सपने देखती है और जीवन का उददेश्य निर्धारित किया है तो उसके लिए कोई समझौता ना करें। आपको अपना रास्ता स्वयं बनाना होगा। इसके लिए पर्याप्त संघर्ष करते है तो दूसरों के साथ भी साझा करें।

## सीएए कानून लागू होने पर लाखों नागरिकों को मिलेगा मौलिक अधिकार : नरेंद्र कश्यप

**गाजियाबाद**, 12 मार्च (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार मंत्री नरेंद्र कश्यप ने सोमवार को नागरिकता संशोधन अधिनियम 2019 लागू होने पर खुशी जाहिर करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह का धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि भारतीय गणराज्य के लिए 11 मार्च का दिन बेहद विशेष रहेगा। इसके साथ ही हिंदू ,सिख ,बौद्ध, जैन ,पारसी और ईसाइयों की एक बड़ी आबादी को इसका लाभ मिलेगा। कश्यप ने कहा है कि सीएए कानून लागू होना भारत के लिए एक ऐतिहासिक और साहसिक फैसला है। नरेंद्र कश्यप ने बयान जारी करते हुए कहा है कि जिस तरीके से सीएए कानून को पास किया गया है, उसे देश में एक नया संदेश गया है और प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह ने साबित किया है कि जो वह फैसला लेना चाहते हैं। उसे हर हाल में लेकर रहते हैं। नागरिकता संशोधन कानून के संदर्भ में कई गलतफहमीयां फैलाई गई थी। यह नागरिकता देश का कानून है। सीएए क़ानून से किसी भी भारतीय नागरिक की नागरिकता नहीं जाएगी, चाहे वह किसी भी धर्म का हो। यह कानून केवल उन लोगों के लिए है जिन्हें वर्षों से उत्पीड़न सहन पड़ा।



**सीएए से किसी भी भारतीय नागरिक की नागरिकता नहीं जाएगी, चाहे वह किसी भी धर्म का हो : नरेंद्र कश्यप**

उवाच “

फिल्म सिटी के प्रथम चरण के निर्माण के लिए सबसे बड़ी आर्थिक बिड लगाने वाली कंपनी को मुख्यमंत्री योगी आदित्य ने सोमवार को आवंटन पत्र सौंपा। कंपनी को 180 दिन के अंदर समझौता पत्र के शर्तों को पूरा करना होगा, इसके बाद उसे भूखंड पर कब्जा दे दिया जाएगा। अगर उससे पहले भी एग्रीमेंट के शर्तों को पूरा कर लिया तो जमीन पर कब्जा दिया जा सकता है। प्राधिकरण की तरफ से 230 एकड़ जमीन पर कब्जा लेकर पिलर लगाया जा चुका है : **डॉ अरुणवीर सिंह, सीईओ यमुना प्राधिकरण।**

# मुख्यमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी का भूखंड आवंटन पत्र बोनी कपूर कंपनी को सौंपा

- **अंतराष्ट्रीय तकनीक पर चार माह के अंदर शुरू हो जाएगा फिल्म फेस एक का निर्माण**
- **फिल्म सिटी के निर्माण के लिए सबसे बड़ी बिड लगाने वाली कंपनी को मिली थी मंजूरी**
- **प्रथम चरण में 230 एकड़ में विकसित होगी फिल्म सिटी**



**ग्रेटर नोएडा**,12 मार्च(देशबन्धु)। यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में विकसित वाली अंतराष्ट्रीय फिल्म सिटी के प्रथम चरण का निर्माण कार्य चार माह के अंदर शुरू हो जाएगा। फिल्म सिटी निर्माण के लिए चयन की गई विकासकर्ता कंपनी मेसर्स बेव्यू प्रोजेक्ट्स को मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने आवंटन पत्र सौंपा। कंपनी के सीईओ फिल्म निर्माता निर्देशक बोनी कपूर को मुख्यमंत्री ने आवंटन पत्र सौंपा। इस दौरान प्रदेश के औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह और यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण के सीईओ डॉक्टर अरूणवीर सिंह मौजूद थे। बोनी कपूर की तरफ से कहा गया कि अंतरराष्ट्रीय तकनीक पर फिल्म सिटी का निर्माण किया जाएगा। सभी औपचारिकताएं पूरी कर चार माह के अंदर फेस-एक का निर्माण कार्य षुरू कर दिया जाएगा। प्रथम चरण की अनुमानित लागत 1510 करोड़ रुपये है। फिल्म सिटी के निर्माण से क्षेत्र में विकास को गति मिलने के साथ ही रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे।

यीडा सिटी के सेक्टर- 21 में 1000 एकड़ में प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी का प्रथम चरण 230 एकड़ में विकसित किया जाना है। इसमें 155 एकड़ में फिल्म उद्योग से जुड़ी इंडस्ट्री और आवासीय सुविधा होगी, जबकि 75 एकड़ में व्यावसायिक गतिविधियां होटल, मॉल और प्लॉजा होंगे।

### इन चार कंपनियों ने लगाई थी बोली

- मेसर्स बेव्यू प्रोजेक्ट्स एलएलपी-18
- सुपरसोनिक टेक्नो बिल्ड प्राइवेट लिमिटेड -10 8
- सुपरकैसेट्स टी- सीरीज - 5 27
- 04 लायंस फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड - 15 12

वहीं दूसरे चरण में विला, गोल्फ कोर्स व मनोरंजन पार्क होंगे। फिल्म निर्माता व निर्देशक बोनी कपूर की कंपनी बेव्यू प्रोजेक्ट्स एलएलपी ने बिल्डर कंपनी भूटानी ग्रुप के साथ मिलकर 18 फीसदी रेवेन्यू शेयरिंग की बोली लगाकर प्रथम चरण के निर्माण के लिए विकासकर्ता कंपनी का अधिकार प्राप्त कर लिया है। पूर्व में कमेटी ऑफ सेक्रेटरीज की मंजूरी मिलने के बाद 4 मार्च को इस महत्वाकांक्षी परियोजना को कैबिनेट की भी मंजूरी मिली थी।

# यमुना प्राधिकरण के भारी भरकम 9992 करोड़ रुपए का बजट मंजूर

- **प्रदेश का सबसे ज्यादा बजट वाला पहला औद्योगिक विकास प्राधिकरण बना**
- **यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण की 80 वीं बोर्ड बैठक में वर्ष 2024- 25 का बजट हुआ पास**
- **जमीन अधिग्रहण पर 6063 करोड़, विकास व निर्माण पर 1948 करोड़ रुपए होंगे खर्च**



**ग्रेटर नोएडा**, 12 मार्च(देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की मंगलवार को हुई 80वीं बोर्ड बैठक में वित्तीय वर्ष 2024- 25 का 9992 करोड़ रुपए का बजट पास किया गया, जो अब तक का सबसे बड़ा बजट है। गौतमबुद्धनगर जिले के तीनों प्राधिकरणों का सबसे बड़ा बजट है। उत्तर प्रदेश में किसी भी औद्योगिक विकास प्राधिकरण का इतना बड़ा बजट नहीं है। यमुना प्राधिकरण बजट का सबसे बड़ा हिस्सा 6063 करोड़ जमीन अधिग्रहण और 1948 करोड़ विकास एवं निर्माण कार्य पर खर्च करेगा, जो कुल बजट का लगभग 80 फीसदी है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट और मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी के लिए भी बजट में विशेष व्यवस्था की गई है। यही नहीं प्राधिकरण ने अपनी सभी तरह की संपत्तियों में भी 5.1 फीसदी की बढ़ोतरी की गई है। आवंटन की नई दर आगामी एक अप्रैल से लागू होगी। प्राधिकरण के अध्यक्ष व प्रमुख सचिव औद्योगिक विकास अनिल सागर की अध्यक्षता में मंगलवार हुई 80 बोर्ड बैठक में 13 प्रस्तावों पर मुहर लगी।

बोर्ड बैठक के बाद यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के मुख्यकार्यपालक अधिकारी डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024- 25 के बजट में सबसे बड़ा मद 6063 करोड़ रुपए भूमि अधिग्रहण यानी किसानों से जमीन खरीदने के लिए रखा गया है। प्राधिकरण का लैंड बैंक 3700 हेक्टेयर हो जाएगा।

यीडा सिटी में 8 नए सेक्टर- 10, 7, 5, 6, 8, 9, 4ए और 5ए विकसित करने के लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया तेज की जाएगी। साथ ही टप्पल बाजना अर्बन सेंटर तथा सेक्टर- 28, 29 और 32 की अवशेष भूमि के अधिग्रहण के लिए कुल 11750 करोड़ का प्रस्ताव तैयार किया गया है। जिसमें से 50 फीसदी धनराशि 5875 करोड़ राज्य सरकार से ब्याज मुक्त ऋण के रूप में दिए जाने का अनुरोध किया गया तथा शेष 50 फीसदी की व्यवस्था प्राधिकरण द्वारा की जाएगी।

प्राधिकरण की आगामी परियोजनाओं वेयरहाउस, लॉजिस्टिक पार्क, सेमीकंडक्टर, लेदर पार्क, प्लास्टिक पार्क, ईवी पार्क आदि के लिए जमीन की जरूरत पड़ेगी। इसलिए लैंड बैंक तैयार करने पर जोर दिया जा रहा है। दरअसल नोएडा इंटरनेशनल का निर्माण शुरू होने के बाद से यीडा सिटी में निवेश करने के लिए कंपनियां आगे आ रही हैं।

### नोएडा एयरपोर्ट को 702 करोड़ व रैपिड रेल के लिए 300 करोड़ रुपए मिले

जेवर के पास निर्माणाधीन नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के तीसरे चरण के लिए बजट में 702 करोड़ रुपए और मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी के तहत रैपिड रेल के लिए 300 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। एयरपोर्ट की बेहतर कनेक्टिविटी के सड़क मार्ग के साथ- साथ मेट्रो व रैपिड रेल परियोजना पर भी काम चल रहा है। गाजियाबाद व नोएडा एयरपोर्ट के बीच एक ही ट्रैक पर रैपिड रेल और मेट्रो दौड़ेगी। इसकी डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट लगभग बनकर तैयार हो गई है। एयरपोर्ट के तीसरे चरण के लिए जमीन अधिग्रहण की जानी है। बजट में 702 करोड़ रुपए की व्यवस्था किए जाने से परियोजना को गति मिलेगी। बता दें कि नोएडा एयरपोर्ट में यमुना प्राधिकरण की हिस्सेदारी 12.5 फीसदी है। प्राधिकरण ने अपने हिस्से की धनराशि आवंटित कर दी है। एयरपोर्ट में नोएडा प्राधिकरण की 37 फीसदी, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की 12.5 फीसदी और प्रदेश सरकार की 37 फीसदी हिस्सेदारी है।

### दनकौर व रबूपुरा को डंपिंग ग्राउंड के लिए जमीन देगा यमुना

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना प्राधिकरण दनकौर और रबूपुरा नगर पंचायत को डंपिंग ग्राउंड के लिए अस्थाई रूप से जमीन उपलब्ध कराएगा। इससे संबंध प्रस्ताव पर बोर्ड की मुहर लग गई है। डंपिंग ग्राउंड न होने से काफी परेशानी हो रही है। दनकौर नगर पंचायत को सेक्टर- 17बी के अंतर्गत ग्राम दनकौर के खसरा संख्या- 893/1 में 10 हजार मीटर जमीन दी जाएगी। वहीं रबूपुरा नगर पंचायत को 3620 मीटर जमीन सेक्टर- 21 के पास उपलब्ध करायी जाएगी। दोनों नगर पंचायतों को अस्थाई रूप से डंपिंग ग्राउंड के लिए जमीन उपलब्ध कराई जा रही है। नगर पंचायत के अधिकारी काफी समय से डंपिंग ग्राउंड के लिए जमीन उपलब्ध कराने की मांग कर रहे थे। यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ अरुणवीर सिंह का कहना है कि भविष्य में कूड़ा निस्तारण की योजना बनाई जाएगी।

### सेक्टर- 28 में स्थापित किए जाएंगे चार विद्युत उपकेंद्र

यीडा सिटी के सेक्टर- 28 में विकसित हो रहे मेडिकल डिवाइस पार्क के आवंटियों के साथ आसपास के अन्य सेक्टरों के आवंटियों को विद्युत आपूर्ति में कोई दिक्कत न हो इसके लिए सेक्टर- 28 में उत्तर प्रदेश पॉवर कॉरपोरेशन द्वारा 400/ 220/132 व 33केवी के विद्युत उपकेंद्र का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए 4 9 हेक्टेयर भूमि आवंटित की जाएगी। यमुना प्राधिकरण ने अनाथालय, आश्रम, विधवा आश्रम, वृद्धाश्रम, बाल गृह आदि के लिए जमीन आवंटित किए जाने का निर्णय लिया है। मान्यता प्राप्त संस्थाओं को ही जमीन दी जाएगी।

## लाभार्थी सम्पर्क अभियान के तहत भाजपा ने कई गांवों में किया जनसम्पर्क

**ग्रेटर नोएडा**, 12 मार्च(देशबन्धु)। भाजपा कार्यकर्ताओं ने सूरजपुर मंडल, ग्रेटर नोएडा, दादरी, जारचा, बिसरख, कासना, जेवर, दनकौर, रबूपुरा, दादरी नगर, बादलपुर मंडल में लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत घर-घर जनसम्पर्क अभियान चलाया और भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर महेश



शर्मा को वोट करने का आग्रह किया सूरजपुर मण्डल के घोड़ी गांव में जिलाध्यक्ष गजेन्द्र मावी के नेतृत्व में लाभार्थीयों से संपर्क किया। जिला अध्यक्ष गजेन्द्र मावी ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने और प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी की सरकारों ने देश प्रदेश की जनता को लाभ देने का कार्य उज्ज्वला गैस योजना, जनधन खाता, किसान निधि योजना, शौंचालय योजना, आयुष्मान भारत, हर घर नल योजना, ऐसी सैकड़ों योजनाओं से लाभ देने का कार्य किया है। उन्होंने लोगों से भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर महेश शर्मा के ऐतिहासिक जेवर हवाई अड्डा विकास कार्यों पर प्रकाश डाला और उनको अधिक से अधिक मतों से विजयी हो उसके लिए वोट मांगे। गांव खेड़ा धर्मपुरा गांव में भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर महेश शर्मा के लिए जनसंपर्क कर वोट मांगे और उनके द्वारा कराए गए क्षेत्र में विकास कार्य पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख बिजेंद्र भाटी पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रेम प्रधान, मंडल अध्यक्ष महेंद्र नागर, मनोज भाटी, मंडल प्रभारी रवि जिंदल, कर्मवीर आर्य, पंकज रावल, बिजेंद्र रावल, धीरज मावी, गोकुल महावीर, सर्वेश रवि शर्मा, आनंद मावी, सतपाल मावी आदि जगह-जगह दर्जनों कार्यकर्ता शामिल हुए।

## डीएफसी न्यू बोड़ाकी स्टेशन पर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का हुआ प्रसारण

**ग्रेटर नोएडा**,12 मार्च(देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डेडीकेटेड फ्रंट कॉरीडोर के ऑपरेशन कंट्रोल सेंटर अहमदाबाद का लोकार्पण एवं वेस्टर्न डेडीकेटेड फ्रंट कॉरीडोर के न्यू मकरपुरा-न्यू घोलवाड एवं ईस्टर्न डेडीकेटेड फ्रंट कॉरीडोर के न्यू खुर्जा-साहनेवाल रेलखंडों का राष्ट्र को समर्पण अहमदाबाद से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया। इसी क्रम में न्यू बोड़ाकी स्टेशन (डीएफसी) पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां पर डीएफसीसी आईएल द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। इस अवसर पर न्यू बोड़ाकी स्टेशन पर सांसद डॉ. महेश शर्मा, विधान परिषद सदस्य एवं पूर्व केबिनेट मंत्री नरेंद्र भाटी, जिलाधिकारी , उपजिलाधिकारी सदर वेद प्रकाश पांडे, जनप्रतिनिधि गण एवं विशाल जन समूह उपस्थित हुए। इस अवसर पर स्थानीय विद्यालय ज्ञान इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, पल्ला एवं फ्यूचर प्राइड पब्लिक स्कूल पल्ला के विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा एवं डीएफसीसी अधिकारियों द्वारा प्रतिभावान छात्रों को पुरस्कृत किया गया एवं जिलाधिकारी द्वारा न्यू बोड़ाकी स्टेशन एवं परिसर का निरीक्षण भी किया गया।



- **जिलाधिकारी व डीएफसी के अधिकारियों ने छात्रों को किया पुरस्कृत**

# त्योहारों के मद्देनजर जिलाधिकारी ने की खाद्य सुरक्षा को लेकर बैठक



**क्षेत्र में व्यापक अभियान चलाकर खाद्य व पेय पदार्थों की सैंपलिंग के दिए निर्देश**

**ग्रेटर नोएडा**,12 मार्च(देशबन्धु)। शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने एवं खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों के लागू करने को लेकर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय अर्चना धीरान एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षय गोयल ने विगत दिवसों में जनपद वासियों को शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गई प्रवर्तन कार्रवाई से जिलाधिकारी को विस्तार से बताया। जिलाधिकारी ने बैठक में कहा कि आगामी होली एवं नवरात्रि के पर्व को देखते हुए खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के माध्यम से जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में व्यापक अभियान चलाकर खाद्य एवं पेय पदार्थों की सैंपलिंग की जाए, ताकि जनपद वासियों को शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध हो सके।

साथ ही निर्देश दिए कि संग्रहित किए गए सैंपल में प्रयोगशाला से मिलावट सिद्ध होती है तो संबंधित प्रतिष्ठान के विरुद्ध नियम अनुसार कार्रवाई करते हुए जुर्माना लगाए जाने की कार्रवाई अमल में लाई जाए। उन्होंने कहा कि होटल एवं रेस्टोरेंट में निकलने वाले वेस्ट खाद्य पदार्थों के सदुपयोग के लिए अध्ययन करते हुए अपने कार्य योजना बनाकर प्रस्तुत की जाए। साथ ही निर्देश दिए कि खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग का अधिकारियों के द्वारा जनपद में संचालित हॉस्टलों में संचालित कैंटिनों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए मानकों के अनुरूप कैंटीन का संचालन सुनिश्चित कराया जाए।



## भाजपा किसान मोर्चा ग्राम परिक्रमा यात्रा का समापन

**ग्रेटर नोएडा**,12 मार्च(देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा का ग्राम परिक्रमा यात्रा का समापन हुआ, जिसकी शुरुआत मुजफ्फरनगर से 12 फरवरी में हुई थी। मंगलवार को नगला नगली गांव ग्रेटर नोएडा मंडल में हुआ। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शिव ओम शर्मा रहे। कार्यक्रम जिला अध्यक्ष विमल पुंडीर की अध्यक्षता में हुआ। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हरेंद्र नागर क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी देवेंद्र बैसला, शैंकी ठाकुर, मोहित पुंडीर, वीरेंद्र राघव, श्यामवीर चौहान, नितिन चौहान, अजब सिंह प्रधान, कपिल भाटी, हरीश शर्मा, रविंद्र भाटी, जुगनू बैसला, रिंकू शर्मा, सोनू चौधरी, संजय शर्मा, दीपक शर्मा, अमित भाटी आदि लोग उपस्थित रहे।

## ग्रेनो प्राधिकरण का सुनपुरा गांव में अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर

- **2.30 लाख वर्ग मीटर जमीन कराई खाली**
- **जमीन की कीमत करीब 460 करोड़**
- **अधिसूचित एरिया में अवैध कॉलोनी काटने पर ग्रेनो प्राधिकरण ने की कार्रवाई**



**ग्रेटर नोएडा,** 12 मार्च(देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने ग्राम सुनपुरा में अधिसूचित एरिया की जमीन पर अतिक्रमण के खिलाफ मंगलवार को बुलडोजर चलाया। प्राधिकरण ने करीब 2.30 लाख वर्ग मीटर जमीन को अतिक्रमण मुक्त करा लिया। बाजार दर से इसकी कीमत करीब 460 करोड़ रुपए होने का आकलन है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने अधिसूचित एरिया में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। परियोजना विभाग अतिक्रमण हटाने की लगातार कार्रवाई कर रहा है। ग्रेटर नोएडा के सुनपुरा गांव में कुछ कालोनाइजर अधिसूचित एरिया (खसरा नंबर-403, 405, 406, 407, 408, 410, 411, 438, 444, 401, 434, 435, 442 व 430 आदि) में बाउंड्री बनाकर अवैध प्लॉटिंग कर रहे थे। प्राधिकरण की तरफ से नोटिस जारी की गई, लेकिन कोई असर नहीं हुआ, जिसके चलते मंगलवार को प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक राजेश कुमार के नेतृत्व में वर्क सर्किल दो की टीम ने जोरदार कार्रवाई की। इस टीम में उनके साथ मैनेजर स्वतंत्र वर्मा और सहायक प्रबंधक राजीव मोटला व अन्य स्टाफ भी शामिल रहे।

प्राधिकरण के सुरक्षा कर्मियों और स्थानीय थाना पुलिस की मदद से टीम ने इन खसरा नंबरों की लगभग 2.30 लाख वर्ग मीटर जमीन को कब्जा मुक्त करा लिया। खसरा नंबरा 407 व 434 की जमीन पर आंशिक रूप से अतिक्रमण हटाया गया है। इस कार्रवाई में 7 बुल्डोजरों का इस्तेमाल किया गया। करीब 3 घंटे तक कार्रवाई चली। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग ने चेतावनी दी है कि प्राधिकरण की अधिसूचित एरिया में जमीन कब्जाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने परियोजना विभाग के सभी वर्क सर्किल प्रभारियों को अपने एरिया में जमीन पर अतिक्रमण रोकने के लिए कड़ी नजर रखने और अतिक्रमण की सूचना मिलते ही कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग ने कहा है कि अवैध रूप से जमीन कब्जा कर काटी जा रही कॉलोनी में अपनी गाढ़ी कमाई न फंसाएं। अगर किसी कॉलोनाइजर से अवैध कॉलोनी में प्लॉट खरीदा है तो रजिस्ट्री का प्रपत्र लेकर पुलिस से शिकायत करें। साथ ही इसकी एक कॉपी प्राधिकरण को भी उपलब्ध कराएं ताकि ऐसे लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सके। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने कहा है कि ग्रेटर नोएडा के अधिसूचित एरिया में अवैध निर्माण करने की इजाजत नहीं है।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संपर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

## यमुना प्राधिकरण ने किसानों और फ्लैट बॉयर्स को दी बड़ी राहत

- **किसानों को मिलने वाली 7 फीसदी आबादी भूखंड का होगा विभाजन**
- **अमिताभ कांत समिति की सिफारिशों का लाभ देगा यीडा**
- **1 अप्रैल 2020 से 1 मार्च 2022 तक मिलेगा जीरो पीरियड का लाभ**

**ग्रेटर नोएडा**,12 मार्च(देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण ने किसानों के साथ विभिन्न बिल्डर परियोजनाओं में फंसे फ्लैट बॉयर्स को बड़ी राहत दी है। किसानों को जमीन अधिग्रहण के बदले मिलने वाले सात फीसदी आबादी के भूखंड का विभाजन अब विभाजन किया जा सकेगा। इसका लाभ उन सभी किसानों को भी मिलेगा जिन्हें सात फीसदी के आबादी का भूखंड आवंटित किया जा चुका है। अमिताभ कांत समिति की सिफारिशों का लाभ बॉयर्स को भी दिया जाएगा। यमुना प्राधिकरण बोर्ड की हुई 80 बैठक में इन प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है।

यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉक्टर अरूणवीर सिंह ने बताया कि अभी तक जमीन अधिग्रहण के बदले किसानों को मिलने वाली सात फीसदी आबादी के भूखंड में विभाजन का प्रावधान नहीं था। अगर एक खसरा संख्या में दस सहखाते दर है तो उन्हें एक साथ ही सात फीसदी आबादी का भूखंड आवंटित किया जाता है। सहखातेदार

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

# यमुना एक्सप्रेसवे शहर में मकान बनाना व उद्योग लगाना हुआ और महंगा

**ग्रेटर नोएडा**, 12 मार्च(देशबन्धु)। सपनों के शहर यमुना एक्सप्रेसवे सिटी में मकान बनाना व उद्योग लगाना और

- **यमुना प्राधिकरण के सभी तरह की संपत्तियों में 5.1 फीसदी की बढ़ोतरी**
- **यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण के 80 बोर्ड बैठक में संपत्तियों की दरों में बढ़ोत्तरी लगी मुहर**

अधिक महंगा हो गया। प्राधिकरण ने अपनी आवासीय, व्यावसायिक व औद्योगिक सहित सभी तरह की संपत्तियों में 5.1 फीसदी की बढ़ोतरी कर दी है। इससे संबंधित प्रस्ताव पर बोर्ड की मुहर लग गई है। नई आवंटन दरें आगामी एक अप्रैल से लागू हो जाएंगी। दरअसल निर्माणाधीन नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट व फिल्म सिटी की वजह से यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में जमीनों के दाम आसमान छू रहे हैं। हालांकि बाजार दर के मुकाबले प्राधिकरण की आवंटन दर काफी कम है। तीन गुना से अधिक का अंतर है। आवासीय व औद्योगिक सहित सभी श्रेणी में जमीन की मांग लगातार बढ़ रही है। आवंटन दर एवं बाजार दर में तीन गुना से अधिक के अंतर को संतुलित करने के लिए प्राधिकरण ने आवंटन दर में 5.1 फीसदी की बढ़ोतरी की है। डॉक्टर अरूणवीर सिंह ने बताया कि संपत्तियों में दरों मामूली बढ़ोतरी की गई है।



**2023-24 की आवंटन दर 2024-25 की दर**

- आवासीय 24,600 वर्गमीटर 25900 वर्गमीटर
- वाणिज्यिक 49200 वर्गमीटर 51800 वर्गमीटर
- ग्रुप हाउसिंग 30,750 वर्गमीटर 32,375 वर्गमीटर

### पहली बार मिश्रित भूखंड़ों का दर निर्धारित

यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण ने पहली बार मिक्स लैंड यूज के लिए भूखंड़ों की दरें निर्धारित किया है। अभी तक औद्योगिक भूखंड़ों के दरों पर मिश्रित भूखंड़ आवंटित किया जाता था। प्राधिकरण बोर्ड ने मिश्रित भूखंड की दर निर्धारित कर दिया। 51800 रूपए प्रति वर्गमीटर निर्धारित किया गया है। मिश्रित भूखंड योजना के तहत उद्योग के साथ आवासीय, संस्थागत, कामर्शियल आदि गतिविधि शामिल होगी।

## सेलीब्रेशियन कप- गोल्फ टूर्नामेंट में कार्पोरेट सेक्टर के लीडर्स ने की सहभागिता

**ग्रेटर नोएडा**,12 मार्च (देशबन्धु)। इनोवेटिव वर्कस्पेस सॉल्यूशंस तथा को-वर्किंग स्पेस गोल्फ टूर्नामेंट - सेलीब्रेशियन कप चौलेंज सीरीज 2024 का आयोजन किया है जो गोल्फ के बलबूते कार्पोरेट नेटवर्किंग की दुनिया में नए समीकरण तैयार करेगा। सेलीब्रेशियन कप चौलेंज सीरीज 2024, देश के तीन शहरों में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें नोएडा, पुणे और जयपुर। ग्रेटर नोएडा गोल्फ कोर्स में 70 कार्पोरेट लीडर्स ने हिस्सा लिया और इसे भारत के सर्वाधिक एक्सक्लुसिव गोल्फइवेंट्स का दर्जा दिलाया। इस मौके पर, संजय चौधरी, संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, इन्क्यूस्पेज ने कहा कि सेलीब्रेशियन कप गोल्फ टूर्नामेंट दरअसल, इन्क्यूस्पेज के पावर ऑफसिनर्जी में भरोसे को दर्शाता है। यह भारत तथा यूके में बिजनेस की दुनिया के लिए महत्वपूर्ण प्लेटफार्म है, जो परस्पर जुड़ावों को मजबूती देने के साथ-साथ अभूतपूर्व अवसरों को भी साकार कर रहा है।

हमारा मकसद नेटवर्किंग बढ़ाने के पुराने समीकरणों की जगह नए वातावरण का निर्माण करना है जिसमें गोल्फ की लय कार्पोरेट पार्टनरशिप की सफल पारियों को आकार दे। यह इवेंट वास्तव में गोल्फ से कहीं आगे पहुंचता है।

# { संपादकीय }

नई दिल्ली, बुधवार 13 मार्च 2024

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

## सीएए का असल मकसद

केंद्र सरकार ने नागरिकता संशोधन एक्ट यानी सीएए को आखिरकार लागू करने का फैसला सुना ही दिया है। सोमवार दिन में सारे देश में इस बात पर चर्चा चल रही थी कि चुनावी बॉंड के आंकड़े दिखाने में टालमटोल करने वाले स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को सुप्रीम कोर्ट ने जो कड़ा आदेश दिया है, उसका क्या असर भाजपा और नरेन्द्र मोदी पर होगा, लेकिन शाम होते-होते चर्चा का रुख ही बदल गया। पहले खबर आई कि प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्र के नाम संबोधन करने वाले हैं, जिससे कयास लगने लगे कि अब साहब कौन सा फरमान सुनाने वाले हैं। नोटबंदी और लॉकडाउन की उनकी घोषणाओं के बाद अब प्रधानमंत्री के राष्ट्र के नाम संबोधन को सहज रूप में नहीं लिया जाता है। हालांकि जल्द ही यह स्पष्ट हो गया कि प्रधानमंत्री कोई संबोधन नहीं कर रहे हैं और उन्होंने अग्नि 5 के परीक्षण पर बधाई का ट्वीट किया है। लेकिन इस ट्वीट के फौरन बाद ही यह खबर आ गई कि सरकार ने सीएए के नियमों की अधिसूचना जारी कर दी है और इसी के साथ यह क़ानून देश में लागू हो गया है।

गौरतलब है कि 2019 में ही केंद्र सरकार ने सीएए को संसद के दोनों सदनों से पारित करवा लिया था और इस पर राष्टपति के हस्ताक्षर भी तभी हो गए थे। यानी सरकार के पास इसे लागू करने के लिए पर्याप्त समय था। संसदीय कार्य नियमावली के मुताबिक राष्ट्रपति की मंजूरी के छह महीने के अंदर किसी भी कानून के नियम तय किए जाने चाहिए या फिर सरकार को लोकसभा और राज्यसभा में अधीनस्थ विधान समितियों से विस्तार मांगना होता है। 2020 से ही गृह मंत्रालय सीएए के नियम बनाने के लिए संसदीय समितियों से समय-समय पर विस्तार मांगता रहा, दूसरे शब्दों में कहें तो सीएए लागू करने को टालता रहा। शायद भाजपा इसके लिए माकूल वक्त के इंतजार में थी या इसे किसी ट्रंप कार्ड की तरह इस्तेमाल करने की फिराक में थी। तभी चुनाव की घोषणा के कुछ दिनों पहले सीएए को लागू करने का ऐलान हुआ है।

यह सर्वविदित है कि राम मंदिर के उद्घाटन के नाम पर ध्रुवीकरण की जो कल्पना भाजपा ने की थी, वो पूरी नहीं हुई। लोगों के सामने रोजगार और महंगाई के सवाल धर्म से अधिक महत्वपूर्ण बन कर खड़े हो गए। अलग-अलग राज्यों में जिस तरह भाजपा सरकारों की पूरी की पूरी कैबिनेट सामूहिक दर्शन के लिए अयोध्या पहुंच रही है, उससे यही नजर आ रहा है कि लोगों को किसी भी तरह राम मंदिर की याद दिलाई जा रही है, ताकि चुनाव में उसका लाभ मिल सके। राम मंदिर का कार्ड नहीं चल पाया तो अब सीएए का कार्ड चला गया है।

ज्ञात हो कि नागरिकता कानून में संशोधन के बाद अब इसका जो रूप सामने आया है, उसमें संविधान की मूल भावना का उल्लंघन है। संविधान का अनुच्छेद 14 नागरिकों को समानता का अधिकार देता है, किसी भी तरह के भेदभाव को नकारता है। लेकिन इस कानून में नागरिकता का प्रावधान ही धर्म के आधार पर है। सीएए के तहत 31 दिसंबर 2014 से पहले पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफ़ग़ानिस्तान केवल इन तीन देशों से भारत आए गैर मुस्लिम अल्पसंख्यकों यानी हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई समुदाय को नागरिकता देने की व्यवस्था की गई है। अब तक किसी भी व्यक्ति को भारतीय नागरिकता लेने के लिए कम से कम 11 साल भारत में रहना अनिवार्य था, लेकिन सीएए के साथ ही पड़ोसी देशों के अल्पसंख्यकों के लिए यह समय अवधि 11 साल से घटाकर 6 साल कर दी गई है।

पहली नजर में देखने पर यह व्यवस्था वसुधैव कुटुंबकम और शरणागत की रक्षा जैसे महान विचारों को धरातल पर लाने की प्रतीत होती है। लेकिन इसमें बड़ी चालाकी से विभाजन के तत्व शामिल किए गए हैं क्योंकि इसमें केवल गैर मुस्लिमों को नागरिकता का प्रावधान है, श्रीलंका में सताए हुए तमिल और म्यांमार के रोहिंग्या मुसलमानों के लिए यह सदाशयता नहीं दिखाई गई है। सीएए में भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने की साजिश भी नजर आती है। कुछ दिनों पहले भाजपा सांसद अनंत हेगड़े ने कहा था कि 4 सौ सीटें संविधान बदलने और हिंदू धर्म की रक्षा के लिए चाहिए। इसका मतलब है कि भाजपा संविधान बदलने की नीयत रखती है। श्री मोदी ने अभी अपने सांसद के बयान का खंडन नहीं किया है, तो इससे आशंका बलवती होती है कि क्या भाजपा संविधान के मुताबिक शासन चलाएगी। सीएए का फैसला भी संविधान के मुताबिक नहीं है। साथ ही इससे देश की समस्याओं में और बढ़ोतरी के डर भी संलग्न है।

जब इस कानून को लाने की तैयारी केंद्र सरकार ने की थी, तभी से इसका विरोध भी शुरु हो गया था। दिल्ली में शाहीन बाग में महिलाओं ने इसके विरोध में लंबा आंदोलन चलाया और फिर यह पूरे देश में फैला। इसका पूर्वोत्तर के राज्यों में भी काफी विरोध हुआ, क्योंकि असम, मेघालय, मणिपुर, मिज़ोरम, त्रिपुरा, नगालैंड और अरुणाचल प्रदेश ये सभी बांग्लादेश की सीमा के बेहद क़रीब हैं और यहां के नागरिकों को डर है कि बांग्लादेश से आने वाले लोग अगर भारत के नागरिक बन गए तो इससे उनके अधिकार छीने जाएंगे। मणिपुर में जब मैतेई और कूकी समुदायों के बीच अधिकारों की ऐसी ही लड़ाई से हिंसक संघर्ष खड़ा हो गया तो कल्पना की जा सकती है कि आने वाले वक्त में देश में ऐसे कई और संघर्ष हो सकते हैं। यानी साफ तौर पर यह जानबूझकर देश में खतरे पैदा करने की कोशिश है। भाजपा इसमें अपना राजनैतिक लाभ देख रही होगी, लेकिन देश को इससे नुकसान ही होगा। देश की 140 करोड़ की आबादी के लिए ही बुनियादी सुविधाओं, नौकरी, शिक्षा, सड़क, अस्पताल आदि की समुचित व्यवस्था सरकार नहीं कर पा रही है। पिछले 10 सालों में कम से कम 12 लाख लोग विदेश जाकर बस गए हैं, जो इस बात का प्रमाण है कि सरकार अपने नागरिकों को जीने का बेहतर माहौल नहीं दे पा रही है। ऐसे में तीन देशों के गैर मुस्लिमों के लिए नागरिकता के दरवाजे खोलने का कोई औचित्य नहीं दिखता, सिवाए इसके कि चुनावों में ध्रुवीकरण किया जा सके।

# कुछ छोटे और बहुत से बड़े इरादों को लेकर आया है सीएए

ऐसे वक्त में जब देश आम चुनावों की दहलीज पर है, भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र सरकार ने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सिटीजनशिप अमेंडमेंट एक्ट- सीएए), 2019 को सोमवार को अधिसूचित कर अपने कई इरादों को जाहिर कर दिया है। भाजपा के एकमात्र चेहरे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की छवि में लगातार गिरावट तथा उनकी सरकार की सभी मोर्चों पर नाकामियां दर्ज होने के बाद सीएए लाना यही बतलाता है कि 10 वर्षों तक सरकार चलाने के बाद भी पार्टी का एकमात्र हथियार अब भी ध्रुवीकरण ही है। इतना ही नहीं, सीएए लागू करने के बाद केन्द्र सरकार अगर तीसरा कार्यकाल पाने में सफल हो जाती है तो वह और क्या करने जा रही है- इसका भी संकेत इसी में छिपा हुआ है। मोदी व भाजपा को तीसरी बार सत्ता में लाना देश के लिये कितना खतरनाक हो सकता है- सम्भवत: यह समझ विपक्षी दलों एवं इंडिया गठबन्धन को इससे हो जानी चाहिये। हालांकि देखना यह भी होगा कि सीएए भाजपा ऐसे वक्त पर भी लेकर आई है जब वह इलेक्टोरल बॉंड्स के मामले में सुप्रीम कोर्ट के कठघरे में है जहां से यह संदेश देश भर में चला गया है कि उसने देश के धनिक वर्ग से खूब पैसे बटोरे हैं।

सीएए काफी समय से लम्बित था। 2019 में पहले लोकसभा और फिर राज्यसभा से यह पारित तो हो गया था परन्तु कोरोना के कारण इसे लागू नहीं किया गया था। इसका मकसद तीन पड़ोसी देशों- पाकिस्तान, बांग्लादेश एवं अफगानिस्तान से आने वाले वहां के अल्पसंख्यकों को नागरिकता प्रदान करना है जो उन देशों में धार्मिक रूप से प्रताड़ित हैं। ये सारे ही गैर मुसलिम समुदाय हैं। यह कह देना और इतना ही समझ लेना पर्याप्त नहीं है कि इलेक्टोरल बॉंड्स पर सरकार की हो रही फजीहत से ध्यान बंटाने के लिये भाजपा सरकार सीएए लेकर आई है। राममंदिर का मुद्दा जिस प्रकार से औंधे मुंह गिरा है, भाजपा को साम्प्रदायिक मुद्दों की ज़रूरत अब भी बनी हुई है जो इसी चुनाव में और उसके बाद भी सामाजिक ध्रुवीकरण के विमर्श को जिलाये रखे। इस मामले को केवल यह मानकर भी परे नहीं सरका दिया जाना चाहिये कि केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कह दिया है कि 'यह नागरिकता छीनने का नहीं बल्कि पड़ोसी मुल्कों से आने वाले प्रताड़ित अल्पसंख्यकों को नागरिकता देने का कानून है' (31 दिसम्बर 2014 के पहले भारत में आ गये थे)। पहले भी जब यह कानून लाया गया था तभी यह साफ हो गया था कि यह भेदभाव पर आधारित है क्योंकि इसमें म्यांमार जैसे देश के रोहिंग्या मुसलमान शामिल नहीं है जो वहां धार्मिक आधार पर प्रताड़ित हो रहे हैं। यह कानून उसी लाइन पर बना है जो भाजपा के साम्प्रदायिक एजेंडे के अनुकूल है। वैसे भी इसे तब मानवीयता के खिलाफ बतलाया गया था और देश की उस नीति के विरूद्ध भी जिसका आजादी के बाद से पालन होता आया है।



डॉ. दीपक पाचपोर

> सीएए को लागू किया जाना विपक्ष को चेतावनी की घंटी के रूप में लेना चाहिये। यदि भाजपा को इस बार भी पूर्ण बहुमत मिलता है तो इसमें कोई शक नहीं कि भारत को एक बड़ा बदलाव देखना होगा। इसकी आशंका लगभग तभी से व्यक्त की जा रही है जब भाजपा को 2014 में सरकार बनाने का मौका मिला था। यदि अगले कार्यकाल में उसे बड़ा बहुमत मिला तथा उसकी सरकार बनती है तो संविधान में किसी भी तरह के बदलाव के लिये तैयार रहना होगा- लोकतांत्रिक प्रणाली के बदले एकदलीय व्यवस्था से लेकर राष्ट्रपति शासन व्यवस्था- कुछ भी लागू हो सकती है।

2019 में जब यह कानून आया था तब और अब की सामाजिक व राजनीतिक परिस्थितियों में बड़ा फर्क आया है। अब मोदी और उनकी पार्टी जो तीसरी मर्तबा सरकार में आने की इच्छुक है, वह देश में बड़े बदलाव लाने के इरादे रखती है। इनमें सर्वोपरि है संविधान को बदलना। इसे पार्टी की ओर से कभी स्पष्ट तौर पर तो नहीं घोषित किया गया है लेकिन संविधान को लेकर जो विचार पार्टी रखती है और कई बार भाजपा से जुड़े लोग यदा कदा जाहिर करते रहते हैं, वह सब इसी दिशा की ओर इंगित करता है। वैसे भी मोदी का दिया नारा 'अबकी बार 400 के पार' भाजपा की ज़रूरत है जिसके बल पर संविधान को रद्द किया जा सकता है। इस लिहाज से देखें तो सीएए तो प्रवेश द्वार है जिसे पार करने के बाद राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) तथा राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) लागू करने का मार्ग प्रशस्त हो जायेगा। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जिस एनआरसी को असंवैधानिक करार दिया गया था, उसे नये रंग-रोगन के साथ भाजपा सरकार लागू करने पर आमदा है। मूल रूप से इसे लेकर असम एवं पश्चिम बंगाल में बड़ा असंतोष था (अब भी है)। भाजपा पहले भी इसे लागू करना चाहती थी पर विभिन्न कारणों से ऐसा वह कर नहीं पायी थी। तीसरी बार मोदी इन्हें लागू करने के लिये ही सत्ता में आना चाहते हैं। नागरिकों पर कई तरह से निगरानियां होने एवं नागरिकता छीनने के हथियार किसी भी सरकार के पास उपलब्ध हो जायेंगे तो नागरिक स्वतंत्रता का क्या होगा, इसकी सहज ही कल्पना की जा सकती है। पुराने दस्तावेजों के आधार पर लोगों की नागरिकता की शर्त को वे ही लोग पूरा कर सकेंगे जिनका जीवन सुव्यवस्थित व सुविधापूर्ण है। गरीब, दलित, अल्पसंख्यक, प्रवासी मजदूर, किसान, आदिवासियों जैसे वर्गों के लिये अपनी नागरिकता साबित करना मुश्किल हो जायेगा। यह आशंका पहले भी व्यक्त की गयी थी, अब उसका खतरा कहीं साकार रूप में सामने आता दिख रहा है। सीएए को लागू कर भाजपा ने एक तरह से इसका ऐलान कर ही दिया है।

सीएए को लागू किया जाना विपक्ष को चेतावनी की घंटी के रूप में लेना चाहिये। यदि भाजपा को इस बार भी पूर्ण बहुमत मिलता है तो इसमें कोई शक नहीं कि भारत को एक बड़ा बदलाव देखना होगा। इसकी आशंका लगभग तभी से व्यक्त की जा रही है जब भाजपा को 2014 में सरकार बनाने का मौका मिला था। यदि अगले कार्यकाल में उसे बड़ा बहुमत मिला तथा उसकी सरकार बनती है तो संविधान में किसी भी तरह के बदलाव के लिये तैयार रहना होगा- लोकतांत्रिक प्रणाली के बदले एकदलीय व्यवस्था से लेकर राष्ट्रपति शासन व्यवस्था- कुछ भी लागू हो सकती है। एक ऐसा शासन देखने को मिल सकता है जिसमें भाजपा के अलावा सारे दल समाप्त हो सकते हैं और जिस 'कांग्रेस मुक्त' से 'विपक्ष मुक्त भारत' का सपना भाजपा देखती आ रही है- उसे वह पा सकेगी। सम्भावित प्रणाली में वह सब होता दिखेगा जिसकी झाकियां पिछले 10 वर्षों से देशवासी देखते आ रहे हैं। इसमें बहुसंख्यकों का वर्चस्व होगा व अल्पसंख्यक दोयम दर्जे के समझे जायेंगे। भाजपा के अनुषांगिक संगठन एवं मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिस मनुस्मृति का जिक्र बहुत आत्मीयता से करता है तथा उसे लागू होते देखना चाहते हैं, उसमें देर नहीं लगेगी। इसमें कोई शक नहीं कि भाजपा एवं उसके समविचारी संगठनों का भारतीय संविधान में कोई विश्वास नहीं है। विकल्प के रूप में उनके पास मनुस्मृति ही है।

अगर ऐसा है तो एक बार फिर से भारतीय समाज गैरबराबरियों से परिपूर्ण होगा। बहुसंख्यकों व अल्पसंख्यकों के बीच ही नहीं वरन हिन्दुओं के बीच अगड़ों व पिछड़ों के बीच खाई गहराएगी। समाज का यह विभाजन ऊर्ध्वाधर एवं क्षैतिज दोनों ही होगा। यानी हिन्दू-मुसलिम टकराव के साथ सवर्णों की दलितों-पिछड़ों-अति पिछड़ों के साथ वैमनस्यता और भी बढ़ेगी- जो पहले भी चिंताजनक स्तर पर पहुंच गयी है। महिलाओं को पुरुषों के मुकाबले निम्नतर माना जायेगा। एक समाजवादी अर्थव्यवस्था के बदले देश में पूंजीवादी अर्थप्रणाली लागू होगी। देश के सारे अवसरों तथा संसाधनों पर कुछ शक्तिशाली लोगों का ही कब्जा होगा। निर्णय करने के अधिकार भी सीमित हाथों में सिमटकर रह जायेंगे। जिस प्रकार से मोदी के शासनकाल में देखा गया है कि संसद व कार्यपालिका दोनों ही दो व्यक्तियों (मोदी-शाह) के इशारों पर काम करती है- वही स्वीकृत प्रणाली होगी। सीएए के पीछे के ये सारे बड़े इरादे हैं। 2024 का लोकसभा चुनाव जीतना तो छोटा व तात्कालिक लक्ष्य है।

(लेखक देशबन्धु के राजनीतिक सम्पादक हैं)

# लोकसभा चुनाव में धन खर्च का बन सकता है रिकार्ड

■ नन्तू बनर्जी

भारत का चुनाव आयोग (ईसीआई) भले ही संदिग्ध चुनाव प्रचार प्रथाओं, जो पिछले कुछ वर्षों में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की प्रक्रिया को तेजी से भ्रष्ट कर रहा है, को नियंत्रित करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा हो, सत्तारूढ़ राजनीतिक पार्टी के व्यवहार को प्रभावित करना या निर्देशित करना उसके लिए आसान नहीं है।

पार्टियों और उनके उम्मीदवारों द्वारा प्रति लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र की आधिकारिक खर्च सीमा 75 लाख से 90 लाख रुपये के बीच है। संघीय सरकार चुनाव कराने के लिए अनुमानित सकल व्यय का लगभग 10प्रतिशत वहन करती है। आधिकारिक तौर पर, इसने 2014 के लोकसभा चुनाव के लिए 38.70 अरब रुपये खर्च किये। शेष राशि राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों ने खर्च की। हालांकि, कानूनी रूप से लेखा व्यय उम्मीदवारों और उनकी पार्टियों द्वारा खर्च की गई वास्तविक राशि का केवल एक अंश दर्शाता है। अनौपचारिक रूप से या वास्तविक स्थितियों में, उम्मीदवार द्वारा खर्च किया गया धन आधिकारिक खर्च सीमा से 10 से 15 गुना या उससे भी अधिक हो सकता है। चुनाव आयोग इस बारे में कुछ नहीं कर सका।

चुनाव अभियान का खर्च उम्मीदवारों और नकद धन उत्पन्न करने की उनकी क्षमता के अनुसार अलग-अलग होता है। सत्ताधारी दल के उम्मीदवार आम तौर पर सरकारी ठेकों या खर्चों से अवैध रूप से एकत्र किये गये गंदे धन, सभी प्रकार के अवैध व्यवसायों, रिश्वत, नौकरियों के लिए नकद और हवाला लेनदेन आदि से सुसज्जित होते हैं। काले धन के पहाड़ों पर बैठकर, वे सरकारी सत्ता बरकरार रखने और अगले चुनाव होने तक अधिक पैसा कमाने के लिए चुनाव जीतने के लिए बेतहाशा खर्च करते हैं। उनका मकसद किसी भी संभव तरीके से चुनाव जीतना है। वास्तविक मतदाताओं को वोट डालने से रोकने के लिए गलत मतदान और बाहुबलियों का इस्तेमाल असामान्य नहीं है, हालांकि असाधारण मामलों में समस्याग्रस्त बूथों पर दोबारा चुनाव होते हैं। दुर्भाग्य से, चुनाव और नयी सरकार के गठन के बाद सीमित प्रशासनिक अधिकार और शक्ति के साथ, ईसीआई शायद ही कभी सत्तारूढ़ दल के विजयी उम्मीदवार को अयोग्य ठहरा सकता है।

> प्रवर्तन निदेशालय, आयकर विभाग और राजस्व खुफिया निदेशालय सहित लगभग 20 केंद्रीय और राज्य एजेंसियों की संयुक्त सेवाओं का उपयोग करके चुनाव में अवैध धन के प्रभाव को रोकने के लिए मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार की नवीनतम पहल सबसे अधिक स्वागत योग्य है। उन्होंने कहा कि निगरानी और जांच एजेंसियों से अपेक्षा की जाती है कि वे हवाई अड्डों, हेलीपैडों और चार्टर्ड उड़ानों पर माल की आवाजाही पर नजर रखें। कानून-व्यवस्था की स्थिति कड़ी की जायेगी, हालांकि यह पूरी तरह से राज्यों की जिम्मेदारी है।

फिर भी, प्रवर्तन निदेशालय, आयकर विभाग और राजस्व खुफिया निदेशालय सहित लगभग 20 केंद्रीय और राज्य एजेंसियों की संयुक्त सेवाओं का उपयोग करके चुनाव में अवैध धन के प्रभाव को रोकने के लिए मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार की नवीनतम पहल सबसे अधिक स्वागत योग्य है। उन्होंने कहा कि निगरानी और जांच एजेंसियों से अपेक्षा की जाती है कि वे हवाई अड्डों, हेलीपैडों और चार्टर्ड उड़ानों पर माल की आवाजाही पर नजर रखें। कानून-व्यवस्था की स्थिति कड़ी की जायेगी, हालांकि यह पूरी तरह से राज्यों की जिम्मेदारी है। हिंसा, आतंकी रणनीति और प्रभाव का उपयोग बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बलों की तैनाती की योजना के बारे में राज्य पुलिस के नोडल अधिकारी को सभी राजनीतिक दलों को सूचित करना होगा। ये स्वतंत्र, निष्पक्ष और राजनीतिक उकसावे से मुक्त चुनाव सुनिश्चित करने के लिए सीईसी द्वारा निर्देशित कई अन्य कदमों में से कुछ हैं।

ऐसा नहीं है कि पहले के चुनावों में ऐसे कदम नहीं उठाये गये, लेकिन वे अपेक्षित परिणाम देने में विफल रहे। चुनाव अभियानों में नकदी बंडलों का उपयोग बड़े पैमाने पर और बढ़ रहा है। राज्यों में सत्तारूढ़ दल और उनके उम्मीदवार हमेशा पुलिस और प्रशासन के समर्थन और सहयोग से पूरी कमान संभाले हुए हैं। अपने चुनाव अभियान को मजबूत करने के लिए उम्मीदवारों के पास अवैध धन का प्रवाह जारी है। ऐसा माना जाता है कि 543 सीटों के लिए आगामी लोकसभा चुनाव में प्रमुख राजनीतिक दलों और उनके उम्मीदवारों द्वारा रिकॉर्ड नकद व्यय देखा जायेगा, जो पिछले सभी रिकॉर्ड को तोड़ देगा। दिल्ली स्थित सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज के मुताबिक, इस बार कुल खर्च 1.2 ट्रिलियन रुपये से ज्यादा हो सकता है, जो 2020 में अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के समय खर्च किये गये 14.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर से काफी अधिक होगा।

चुनावी बांड प्रणाली को खत्म करने से आगामी चुनाव में प्रचार खर्च पर कोई असर पड़ने की संभावना नहीं है, हालांकि राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राज्य स्तर पर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को थोड़ा झटका लग सकता है। 2017-18 से 2022-23 के बीच 12,008 करोड़ के चुनावी बांडों की बिक्री हुई, जिसमें भाजपा को करीब 55 फीसदी या 6,564 करोड़ रुपये मिले। कांग्रेस को केवल 1,135 करोड़ रुपये मिले। दिलचस्प बात यह है कि राज्य स्तरीय पार्टी टीएमसी को इसी अवधि के दौरान 1,096 करोड़ रुपये मिले, जो किसी क्षेत्रीय पार्टी द्वारा प्राप्त सबसे बड़ी रकम है। 2022-23 में राजनीतिक दलों के चुनावी बांडफंडिंग पर एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स द्वारा प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, यह पता चला कि मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी, जिसका प्रबंधन पी वी कृष्णा रेड्डी, अदारपूनावाला के नेतृत्व वाले सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया, और लक्ष्मी मित्तल की आर्सेलर मित्तलनिप्पॉन स्टील इंडिया तीन शीर्ष दानदाताओं के रूप में उभरे हैं।

माना जाता है कि चुनावी बांड प्रणाली खत्म होने के बावजूद राजनीतिक दलों ने आगामी चुनाव अभियान में खर्च करने के लिए बड़ी मात्रा में नकद धन इकट्ठा कर लिया है। राज्यों में सत्तारूढ़ दलों सहित अधिकांश दलों ने बहु-स्तरीय चुनाव अभियान एजेंडे तैयार किये हैं। उदाहरण के लिए, एक राज्य स्तरीय सत्ताधारी पार्टी के नेता ने घोषणा की है कि वह अपने राज्य भर में 1,00,000 दर्शकों के लक्ष्य के साथ 100 बैठकें आयोजित करेगा। कुछ ही लोग ऐसी विशाल सभाओं के आयोजन के संभावित खर्च का अनुमान लगा सकते हैं, जिसमें दूर-दराज के गांवों से प्रत्येक आयोजन स्थल तक प्रतिभागियों की यात्रा, उनके रात्रि प्रवास, खाद्य आपूर्ति और नकद उपहार की लागत शामिल है।

फरवरी के बाद से, सत्तारूढ़ राजनीतिक दल के बॉस नयी परियोजनाओं की घोषणा करने, शिलान्यास करने और योजनाओं का उद्घाटन करने की होड़ में लगे हुए हैं। पिछले महीने से विभिन्न आकृतियों और आकारों की हजारों परियोजनाओं की घोषणा की गयी है। लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनावों से पहले सत्ताधारी दलों द्वारा विकास, रोजगार सृजन और नये अवसरों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता से मतदाताओं को प्रभावित करना एक नियमित अभ्यास है। इनमें से अधिकांश परियोजनाएं शायद ही धरातल पर आती हैं। सरकारी सेवकों के लिए वेतन वृद्धि के रूप में अतिरिक्त नकद सहायता की घोषणा की जा रही है। चुनाव आयोग इस तरह के चुनाव पूर्व राजनीतिक झांसे और खैरात को रोकने के लिए कुछ नहीं कर सकता है।

सरकार और चुनाव आयोग असहमत हो सकते हैं, परन्तु यह सच है कि भ्रष्ट चुनाव प्रणाली कुछ राजनीतिक दलों को भ्रष्टाचार को और अधिक संस्थागत बनाने के लिए कई कार्यकालों तक सत्ता में बने रहने में मदद कर रही है। तंत्र लगातार जटिल और बोझिल होता जा रहा है, जो भारत की लोकतांत्रिक प्रणाली की सफलता के लिए एक बड़ी चुनौती है। जैसा कि पूर्व सीईसी एस वाईकुरैशी का मानना है कि राजनीतिक दलों द्वारा असीमित चुनाव खर्च के कारण चुनाव की 'शुद्धता' खतरे में है। चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने वाले गैर-सत्तारूढ़ दलों के लिए कोई समान अवसर नहीं है।

## पावन प्रसंग

# अनुपम संपदा है संतोष

संतोष अनुपम संपदा है। मनुष्य के अंदर असंतोष के कई कारण हेते हैं। यह जीवन में मानसिक व्यग्रता लाकर बौद्धिक क्षमता को विक्षुब्ध कर देता है। इसके परिणामस्वरूप निराशा, उदासीनता, द्वेष, तनाव के बीच हम ऐसे दब जाते हैं कि कोई भी कार्य करने की क्षमता खो देते हैं। एक प्रसिद्ध कहावत है कि- संतोषी सदा सुखी। अर्थात जो संतुष्ट है वह सदा सुखी है। संतोष मानव जीवन का श्रृंगार है। कहते हैं जो चेहरे से चमके वह संतुष्ट है किंतु दुर्भाग्यवश संसार में कुछ ही लोग ऐसे जो संतुष्टि से उत्पन्न मीठे फल का स्वाद चखते हैं। हम सारा जीवन और अधिक और अधिक के पाने के चक्कर में जीवन गुजार देते हैं और अंतत: मृत्यु को प्राप्त हो जाते हैं। नया जन्म होते ही हम फिर वही दौड़-भाग शुरु कर देते हैं। यह मृगतृष्णा जनम-जन्मांतर तक चलता रहता है, जब तक हम संतुष्टता को धारण नहीं कर लेते हैं। जो सदा संतुष्ट रहता है वह सदा प्रसन्न रहता है।

अधिकांश लोगों में संतोष को लेकर भ्रम की स्थिति रहती है। जब तक यथार्थ विधि से इसे समझा न जाए तब तक एक भ्रम के समान ही महसूस होता है। संतोष को समझने के लिए आवश्यक है इसके विपरीत पहलुओं को समझना। विशेषज्ञों के अध्ययन के अनुसार, संतोष तीन प्रकार के होते हैं। पहला, ईश्वर से संतुष्ट। जितना, जैसा और जब भी ईश्वर ने दिया उसमें संतुष्ट रहना। दूसरा, अपने आप से संतुष्ट अर्थात अपने अंदर जो भी गुण-अवगुण है उसको स्वीकार कर संतुष्ट रहना और तीसरा है -सर्वसंबंध और संपर्क से संतुष्ट अर्थात सबके गुण-अवगुणों के साथ स्वीकार करते हुए हरेक के अंदर सकारात्मकता के भाव रखना। संतोष प्रत्यक्ष रूप से प्रसन्नता देता है। इसी प्रसन्नता के आधार पर ही प्रत्यक्ष फल यह मिलता है कि सबके द्वारा स्वत: ही प्रशंसा मिलती है। हमें यह देखना है कि हम सदा संतुष्ट व प्रसन्न रहते हैं ? यदि हां तो ऐसे व्यक्ति की सभी प्रशंसा करते हैं।

असंतुष्ट लोगों के अंदर हवा में महल बनाने की आदत होती है। जबकि हकीकत में ये लोग कभी भी जीवन में कुछ नहीं कर पाते। क्योंकि ये पूरी तरह इस बात को समझ ही नहीं पाते कि जीवन में दोनों सिरों को मिलाने के लिए कड़ी मेहनत आवश्यक है। अत: केवल सही समझ के साथ सही मंजिल तक पहुंचा जा सकता है। हवा में बनाए हुए महल वास्तविक जीवन में अदृश्य हो जाते हैं। इसलिए हमें यह समझना चाहिए कि जैसे भोजन शरीर को संभालता है उसी प्रकार से मन भी खुशी में उपस्थित होता है। खुशी जैसी कोई उत्तम खुराक नहीं। जो संतुष्ट है वही सदा खुश है। अल्फ्रेड नोबेल ने कहा है- संतोष ही असली धन है। इसलिए हमें भी संतोषरूपी धन को छोड़कर अन्य धन को प्राप्त करने के लिए समयरूपी धन को बर्बाद नहीं करना चाहिए। क्योंकि संतोष के बराबर कोई खुशी नहीं। संतोष के समकक्ष कुछ भी नहीं है अगर हम संतुष्ट हो जाएं तो सब कष्ट स्वत: ही समाप्त हो जाए। इसलिए हमें इस ओर सदा ही ध्यान देना चाहिए। असंतुष्ट रहना ही सभी समस्याओं की जड़ है, इसी से कष्ट आता है। संतोष जीवन का सार है। जीवन की गति-प्रगति संतोष के पहिए से चलती है। अत: हमें सदा ही संतुष्ट रहने का प्रयास करना चाहिए।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

# सरकारी अड़चनों में उलझ कर रह गया जन वितरण प्रणाली का लाभ

केंद्र सरकार की ओर से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत देश के 80 करोड़ लोगों को मुफ्त में राशन दिया जा रहा है। माना जाता है कि इस योजना ने गरीबों के सामने भोजन की समस्या का हल कर दिया है। हालांकि इससे पहले भी देश में जन वितरण प्रणाली के माध्यम से गरीब और वंचित तबके को सस्ते में राशन उपलब्ध कराया जाता रहा है। दावा किया जाता है कि इस प्रकार की योजना ने भारत जैसे विशाल देश की एक बड़ी आबादी के सामने खाद्य सुरक्षा के मुद्दे को हल कर दिया है। लेकिन अक्सर दावे और हकीकत में ज़मीन आसमान का अंतर नज़र आता है। अभी भी देश के कई ऐसे ग्रामीण इलाके हैं जहां जन वितरण प्रणाली के माध्यम से लोगों को पूरी तरह से लाभ नहीं मिल रहा है।

ऐसा ही एक क्षेत्र राजस्थान के उदयपुर जिला का मनोहरपुरा गांव है। जिला मुख्यालय से मात्र चार किमी की दूरी आबाद इस गांव की आबादी लगभग एक हज़ार के आसपास है। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति बहुल इस गांव में अधिकतर परिवार बाहर से आकर बसा है ताकि निकट ही शहर में उन्हें रोज़गार मिल सके। इस गांव की आजीविका पूरी तरह से शहर पर टिकी हुई है। करीब पचास प्रतिशत साक्षरता वाले इस गांव के अधिकतर पुरुष प्रतिदिन शहर जाकर मज़दूरी करने का काम करते हैं। वहीं महिलाएं भी शहर के घरों में झाड़ू बर्तन करने का काम करती हैं। इस गांव की सबसे बड़ी समस्या लोगों को जन वितरण प्रणाली के माध्यम से राशन प्राप्त नहीं होना है। पलायन के कारण अधिकतर परिवारों के पास वैध प्रमाण पत्र नहीं है। कुछ परिवार ऐसे भी हैं जिन्हें दो साल पहले तक इसके माध्यम से लाभ मिलता था। लेकिन अब बंद हो गया है और लगातार प्रयासों के बावजूद अब तक शुरू नहीं हो सका है।

हालांकि गांव में कुछ परिवार ऐसा भी है जिन्हें जन वितरण प्रणाली के माध्यम से उचित दर पर राशन की सुविधा मिल रही है। इसके अलावा वन नेशन वन राशन जैसी योजना का लाभ भी कुछ प्रवासी परिवारों को हो रहा है। लेकिन सवाल उठता है कि जो गरीब और वंचित परिवार इस सुविधा से वंचित है उसकी चिंता कौन करेगा ? यदि ऐसा परिवार आधार कार्ड या किसी अन्य सरकारी दस्तावेज़ के कारण राशन से वंचित है तो इस कमी को दूर करने की ज़िम्मेदारी किसकी है ? सवाल यह भी उठता है कि क्या सरकारी विभाग ज़रूरतमंदों को सरकार द्वारा चलाई जा रही सुविधाओं से वंचित करने के लिए बनाई गई है या वंचितों को सुविधाओं से जोड़ने के लिए स्थापित की गई है ? कौन जवाबदेह है इसके लिए ?

**शैतान रेगर, भीलवाड़ा, राजस्थान**

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

## अमेरिका में स्कूल बस और ट्रक की टक्कर में पांच की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका के इलिनोइस राज्य की राजधानी स्प्रिंगफील्ड से लगभग 91 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में रशविल में एक हाईवे पर एक स्कूल बस के ट्रक से टकरा जाने से तीन बच्चों सहित पांच लोगों की मौत हो गई। एक प्रेस ब्रीफिंग में इलिनोइस राज्य पुलिस ने कहा कि दुर्घटना सोमवार सुबह 11: 30 बजे के आसपास हुई जब यूएस रूट नंबर 24 पर पूर्व की ओर जा रही स्कूल बस पश्चिम की ओर से आने वाली लेन में घुस गई और एक ट्रक से टकरा गई।

# देश विदेश

# भारत ने पाकिस्तानी आतंकवादियों को बचाने वाले यूएनएससी पर लगाया 'प्रच्छन्न वीटो' का आरोप



■ सुरक्षा परिषद में विकासशील देशों एशिया, अफ्रीका, व लैटिन अमेरिका को भी प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए

**संयुक्त राष्ट्र,** 12 मार्च (एजेंसियां)। भारत ने आतंकवाद पर सुरक्षा परिषद प्रतिबंध समिति की गुप्त कार्यप्रणाली की आलोचना करते हुए उस पर पाकिस्तान से जुड़े आतंकवादियों को बचाने के लिए 'प्रच्छन्न वीटो' की प्रणाली की अनुमति देने का आरोप लगाया है। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने सोमवार को कहा, आतंकवादियों के खिलाफ साक्ष्य-आधारित प्रस्तावों को बिना कोई औचित्य बताए रोकना अनावश्यक है। जब आतंकवाद की चुनौती से निपटने में परिषद की प्रतिबद्धता की बात आती है, तो इसमें दोहरेपन की बू आती है। उन्होंने कहा, यह एक प्रकार का प्रच्छन्न वीटो है। गौरतलब है कि चीन ने पाकिस्तान से जुड़े आतंकवादियों को अंतरराष्ट्रीय आतंकवादियों के रूप में सूचीबद्ध करने में बार-बार बाधा डाली है। 2009 में मुंबई पर 26/11 के आतंकवादी हमले के मास्टरमाइंड लश्कर-ए-तैयबा के साजिद मीर को वैश्विक आतंकवादी घोषित करने के प्रस्ताव को रोक दिया गया। कंबोज ने परिषद की समितियों के कामकाज में पारदर्शिता का आह्वान किया है। कम्बोज ने कहा, आज के बहुध्रुवीय विश्व में सुरक्षा परिषद में विकासशील देशों एशिया, अफ्रीका, व लैटिन अमेरिका को भी प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए।

आतंकवादियों के खिलाफ साक्ष्य आधारित प्रस्तावों को बिना कोई औचित्य बताए रोकना अनावश्यक है : रुचिरा कंबोज, यूएन में भारत की स्थायी प्रतिनिधि

### विदेश मंत्रालय का चीन को जवाब

## अरुणाचल प्रदेश भारत का 'अभिन्न व अविभाज्य हिस्सा'



**नई दिल्ली।** अरुणाचल प्रदेश भारत का 'अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा' है। यह कहते हुए विदेश मंत्रालय ने रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण सेला टनल का उद्घाटन करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अरुणाचल प्रदेश की हाल की यात्रा पर चीन की टिप्पणियों को खारिज कर दिया। अरुणाचल प्रदेश को दक्षिण तिब्बत के रूप में दावा करने वाले चीन ने कहा था कि वह पीएम मोदी की पिछले सप्ताह की वहां की यात्रा की कड़ी निंदा करता है और भारत का यह कदम सीमा मुद्दे को और जटिल करेगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को एक बयान जारी कर कहा, हम प्रधानमंत्री की अरुणाचल प्रदेश यात्रा के संबंध में चीन की टिप्पणियों को खारिज करते हैं।

# यूएस-कनाडा में रहने वाले हिंदुओं ने किया सीएए लागू होने का स्वागत



**नई दिल्ली,** 12 मार्च (एजेंसियां)। केंद्र की मोदी सरकार ने 'नागरिकता संशोधन कानून' को लागू कर दिया है। इसके बाद से पूरे देश में इस पर चर्चा हो रही है। वहीं, यूएस, यूके और कनाडा के हिंदू संगठनों ने भी केंद्र के इस कदम को मानवाधिकार के मोर्चे पर बड़ी जीत बताया है। नागरिकता संशोधन कानून 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी के लिए अहम एजेंडा था। इस कानून के अनुसार, हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध और पारसी को भारत की नागरिकता दिए जाने का प्रावधान है, जो धर्म के आधार पर सताए जाने के बाद 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत आ गए। कानून के मुताबिक, पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में धर्म के आधार पर सताए गए लोगों को भारत की नागरिकता दिए जाने का प्रावधान है। कनाडा के हिंदू फोरम ने अपने बयान में कहा, पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में धर्म के आधार पर सताए जाने के बाद भारत में शरण लेने वाले हिंदुओं को भारत की नागरिता दिलाने के लिए मार्ग प्रशस्त करना केंद्र की मोदी सरकार का सराहनीय कदम है। मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा और विभिन्न अन्य अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों के हस्ताक्षरकर्ता के रूप में, भारत का दायित्व है कि वह सताए गए व्यक्तियों को उनके धर्म की परवाह किए बिना शरण प्रदान करे। वहीं, केंद्र के कदम के बाद वैश्विक मोर्चे पर सक्रिय हिंदू संगठनों ने विश्वास जताया कि आगामी दिनों में भारतीय नागरिकों के बीच इससे भाईचारा बढ़ेगा। अमेरिका स्थित कोलिशन ऑफ हिंदूस ऑफ नॉर्थ अमेरिका ने केंद्र की मोदी सरकार के इस कदम को मानवाधिकार के मोर्चे पर बड़ी जीत बताया।

## सुडोकू 6494

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 2 | 3 | | 7 | | | |
| 3 | | 5 | | 9 | | | | |
| | | | 6 | | | | | |
| | 7 | 9 | | | | | 3 | 5 |
| | 2 | | 7 | | 4 | | 9 | |
| 5 | 4 | | | | | 2 | 8 | |
| | | | | | 3 | | | |
| | | | | 6 | | 7 | | 1 |
| | | | 5 | | 9 | 8 | 6 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : बुधवार 13 मार्च, 2024 फाल्गुन शुक्ल पक्ष 3

### राशिफल

मेष - आज का दिन आपके लिए शुभ है। परिवार के सदस्यों और करीबी दोस्तों के साथ किसी खास कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। उत्साह के साथ नए कार्य की शुरूआत करेंगे। इस दौरान अति उत्साह से हानि न हो इसका ध्यान रखें।

वृषभ - आज किसी भी प्रकार के निर्णय लेने से पहले सोच-विचारकर आगे बढ़ें। किसी के साथ गलतफहमी होने की संभावना है। खराब तबीयत के कारण आप उदास हो सकते हैं।

मिथुन - सामाजिक, आर्थिक तथा पारिवारिक क्षेत्र में लाभ होने की संभावना है। समाजिक मान- प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। मित्रों से लाभ होगा और उनके पीछे पैसे भी खर्च करेंगे।

कर्क - घर की साज-सजावट पर विशेष ध्यान देंगे। नए घरेलू सामान खरीदने की संभावना है। व्यापारियों और नौकरी पेशा लोगों को लाभ तथा पदोन्नति मिल सकती है। पारिवारिक सुख-शांति बनी रहेगी। सरकारी लाभ होगा।

सिंह - स्वभाव में उग्रता और क्रोध रहने के कारण आपका मन कहीं नहीं लगेगा। वाद-विवाद में अपने अहं के कारण किसी की नाराज़गी झेलनी पड़ेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

कन्या - मन के संयम को आज के दिन का मंत्र बना लें, क्योंकि स्वभाव की उग्रता के कारण किसी के साथ मनमुटाव होने की संभावना है। गुप्त शत्रु बाधा उत्पन्न करेंगे, इसलिए सतर्क रहें। नए काम की शुरुआत स्थगित रखें।

तुला - दैनिक कामकाज से राहत तथा मनोरंजन प्राप्त करने के लिए आप पार्टी, नाटक या फिल्म देखेंगे। घूमने-फिरने जा सकते हैं, मित्रों से मिलने की संभावना है। प्रिय व्यक्ति के साथ निकटता आपको खुशी देगी।

वृश्चिक - पारिवारिक शांति का माहौल आपके तन-मन को स्वस्थ रखेगा। निर्धारित काम में सफलता मिलेगी। नौकरी में साथी कर्मचारियों का सहयोग मिलेगा। विरोधियों और शत्रुओं की चाल निष्फल होगी।

धनु - आज आपको संतान की पढ़ाई तथा स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। पेट सम्बंधी तकलीफ आपको हो सकती है। काम सफल नहीं होने पर निराशा का अनुभव होगा। आपको अपने गुस्से पर अंकुश रखना चाहिए।

मकर - आपका आज का दिन प्रतिकूलताओं से भरा रहेगा, जिससे मन में खिन्नता अनुभव होगा। शरीर में स्फूर्ति और ताजगी का अभाव रहेगा। सार्वजनिक जीवन में मानहानि होने की संभावना रहेगी। छाती में दर्द रहने की संभावना है।

कुंभ - आज आप तन-मन से प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। आपके मन पर छाए हुए चिंता के बादल दूर होने से आपका उत्साह बढ़ेगा। भाई-बंधुओं से साथ मिलकर नए आयोजन को हाथ में लेंगे। उनके साथ आनंदपूर्वक समय व्यतीत होगा।

मीन - आज जिह्वा पर संयम न रखने से लड़ाई-झगड़े की आशंका बनी रहेगी। खर्च पर भी नियंत्रण रखें। धन सम्बंधित लेन-देन में भी सावधानी की आवश्यकता है। शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य में गिरावट आ सकती है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## आज का इतिहास

1560 – स्पेन की नौसेना ने त्रिपोली के डीजेरबा पर कब्जा किया।
1774 – भारत में पहला डाक सेवा कार्यालय खोला गया।
1800 – मराठा राजनेता नाना फडनवीस का निधन।
1881 – रूस के सम्राट अलेक्जेंडर द्वितीय की हत्या।
1899 – आंध्र प्रदेश के राजनैतिक नेता बुर्गुला रामकृष्ण राव का जन्म।
1921 – मंगोलिया ने चीन से स्वतंत्रता हासिल की थी।
1940 – भारतीय क्रांतिकारी ऊधम सिंह ने अंग्रेजों से जलियांवाला बाग का बदला लेने के लिए जनरल डायर पर गोलियां चलाईं।
1963 – खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अर्जुन पुरस्कार की घोषणा हुई।
1996 – हिन्दी फिल्मों के अभिनेता शफी ईनामदार का निधन।
1980 – भाजपा सांसद और संजय गांधी के पुत्र वरुण गांधी का जन्म।
2004 – भारत के प्रसिद्ध सितार वादक विलायत खाँ का निधन।
2008 – नासा का अंतरिक्ष यान एंडेवर सकुशल अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुँचा।
2009 – सार्क साहित्योत्सव आगरा में शुरू हुआ।
2012 – बंगलादेश की राजधानी ढाका के समीप तेल टैंकर और नौका के बीच हुई टक्कर में 110 लोगों की मौत।
2013 – कैथोलिक चर्च के 266 वें पोप बने पोप फ्रांसिस।
2016 – तुर्की के अंकारा में आत्मघाती बम विस्फोट में 37 लोगों की मौत।
2018 – छत्तीसगढ़ के सुकमा में नक्सलियों के हमलें में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के नौ जवानों की मौत।

## चीन और अफ़्रीका के बीच विश्वास एक मूल्यवान संपत्ति है : कार्लोस लोपेज

**बीजिंग,** 12 मार्च (एजेंसियां)। दक्षिण अफ्रीका के केपटाउन विश्वविद्यालय में प्रोफेसर कार्लोस लोपेज ने चीनी अख़बार 'चाइना डेली' में एक लेख लिखा, जिसमें बताया गया कि चीन और अफ्रीकी देशों के बीच विश्वास एक मूल्यवान संपत्ति है, और दोनों पक्षों के बीच सहयोग की मजबूती और साझा लाभ के क्षेत्रों में असीमित संभावनाएं मौजूद हैं। कार्लोस लोपेज के विचार में चीन और अफ्रीका को दीर्घकालिक हितों को देखते हुए हाथ मिलाकर साझा समृद्धि की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि चीन में अभी-अभी संपन्न दो सत्र दोनों पक्षों के लिए संबंधों को मजबूत करने का अच्छा अवसर है। कार्लोस लोपेज ने कहा कि लंबे समय से चीन-अफ्रीका सहयोग ने अफ्रीका के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एक तरफ़, चीन अफ्रीका के लिए वित्तपोषण चैनल और तकनीकी सहायता प्रदान कर सकता है दूसरी तरफ़, चीन ने अफ्रीका में स्थानीय आर्थिक विकास के लिए मजबूत समर्थन दिया है और अफ्रीका को सतत विकास के मार्ग पर चलने में मदद की है, जिससे आर्थिक विकास में अफ्रीकी देशों के सामने मौजूद कमोडिटी निर्यात पर अत्यधिक निर्भरता वाले जोखिमों को कम किया गया। इसके अलावा, अपने लेख में कार्लोस लोपेज ने यह भी कहा कि अनिश्चितता के इस दौर में, चीन और अफ्रीका को दीर्घकालिक हितों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

# हूती ने 17 फिलीपीनी बंधकों की रिहाई के बदले 'गाजा में युद्ध समाप्ती की मांग की

**मनीला,** 12 मार्च (एजेंसियां)। फिलीपींस के एक राजनयिक ने मंगलवार को कहा कि पिछले साल यमन के हूती विद्रोहियों की ओर से बंधक बनाए गए 17 फिलिपिनी नाविकों की रिहाई के लिए बातचीत जारी है और विद्रोही पूर्व शर्त के रूप में 'गाजा में युद्ध की समाप्ति' पर जोर दे रहे हैं। फिलीपींस के विदेश मामलों के अवर सचिव एडुआर्डो डी वेगा ने राष्ट्रपति भवन में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, हूती अपने बयान पर कायम हैं कि जहाज या नाविकों को रिहाई से पहले गाजा में युद्ध समाप्त करने की मांगी की है।श्री वेगा ने कहा कि सभी नाविक सुरक्षित हैं और वह अपने परिवारों से संपर्क कर सकते हैं, हालांकि उनकी स्थिति अच्छी नहीं है। उन्होंने कहा, हम कम से कम इसके बारे में हूतियों के साथ हमेशा संपर्क में रहते हैं, वह यह सुनिश्चित करें कि बंधक नाविकों के साथ अच्छा व्यवहार किया जाए और वे अपने परिवारों से संपर्क करने में सक्षम हों। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुसार, फिलीपींस दुनिया में समुद्री श्रम के सबसे बड़े आपूर्तिकर्ताओं में से एक है, जो दुनिया भर के नाविकों का लगभग पांचवां हिस्सा प्रदान करता है।

गौरतलब है कि 17 फिलिपिनी नाविक पिछले साल नवंबर में लाल सागर में हूतियों की ओर से बंधक बनाए गए जो एक जहाज चालक दल के सदस्यों में से थे।

हम कम से कम इसके बारे में हूतियों के साथ हमेशा संपर्क में रहते हैं

### हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में अमेरिकी मालवाहक जहाज पर किया हमला

सना। यमन समर्थित हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में अमेरिकी पिनोचियो मालवाहक जहाज पर मिसाइल हमला से किया है। हूती सैन्य प्रवक्ता याह्या सारेया ने मंगलवार को यह जानकारी दी। हूती द्वारा संचालित अल-मसीरा टीवी के माध्यम से प्रसारित सैन्य प्रवक्ता के बयान में दावा किया गया कि हमला सटीक निशाने पर लगा है। प्रवक्ता सारेया ने यह भी कहा कि हूती ने गाजा में फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए रमजान के दौरान अपने हमले तेज करने की योजना बनाई है।

# संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने महिलाओं के अधिकारों की रक्षा की वकालत की



बढ़ती हिंसा और बढ़ते डिजिटल लिंग विभाजन के कारण उनके अधिकार खतरे में हैं : गुटेरेस

**संयुक्त राष्ट्र,** 12 मार्च (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने महिलाओं के अधिकारों की रक्षा की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया है। उन्होंने कहा, बढ़ती हिंसा और बढ़ते डिजिटल लिंग विभाजन के कारण उनके अधिकार खतरे में हैं। दुनियाभर में महिलाओं के अधिकारों को बढ़ावा देने और उनकी सुरक्षा के लिए समर्पित महत्वपूर्ण प्लेटफॉर्म, महिलाओं की स्थिति पर आयोग (सीएसडब्ल्यू) के उद्घाटन को संबोधित करते हुए संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने सोमवार को महिलाओं पर युद्धों के असंगत प्रभाव पर भी बात की। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने तत्काल युद्धविराम और मानवीय सहायता का आग्रह करते हुए कहा, दुनिया भर के संघर्ष क्षेत्रों में महिलाएं और लड़कियां पुरुषों द्वारा छेड़े गए युद्धों से सबसे अधिक पीड़ित हैं।

### यूएन प्रमुख ने रमजान के दौरान गाजा व सूडान में संघर्ष विराम का किया आह्वान

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने रमजान के दौरान गाजा और सूडान में संघर्ष विराम का आह्वान किया है। गौरतलब है कि रमज़ान के दौरान दुनिया भर के मुसलमान जश्न मनाते हैं और शांति, मेल-मिलाप व एकजुटता के मूल्यों का प्रसार करते हैं। यूएन चीफ ने कहा, फिर भी गाजा में हत्या, बमबारी व रक्तपात जारी है।शिन्हुआ समाचार एजेंसी के मुताबिक संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने कहा, उनके कार्यकाल में दुनिया में बहुत बड़े पैमाने पर नागरिकों की हत्या हुई और विनाश हुआ। उन्होंने चेतावनी दी कि राफा पर इजराइली हमले की धमकी गाजा के लोगों की जिंदगी को और भी कठिन बना सकती है। गुटेरेस ने रमजान के दौरान सूडान में संघर्ष समाप्त करने का भी आह्वान किया।

## बाहरी देशों को दक्षिण चीन सागर मामले में लाने से घटनाक्रम जटिल होगा : विदेश मंत्रालय

**बीजिंग,** 11 मार्च (एजेंसियां)। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वनपिन ने सोमवार को नियमित प्रेस वार्ता में दक्षिण चीन सागर के तेल और गैस के विकास पर संबंधित सवाल के जवाब में बताया कि दक्षिण चीन सागर का सवाल चीन और आसियान के कुछ देशों के बीच का मुद्दा है। चीन प्रत्यक्ष रूप से संबंधित देशों के साथ वार्ता कर समाधान करने पर कायम रहता है, जिसमें संसाधन के विकास समेत समुद्र संबंधी मतभेद शामिल हैं। उन्होंने कहा कि संबंधित देशों को दक्षिण सागर में संसाधन का विकास करने में चीन की प्रभुसत्ता और समुद्री हितों पर नुकसान नहीं पहुंचाना चाहिए और बाहरी देशों को इस मामले में नहीं लाना चाहिए। उन्होंने बल दिया कि बाहरी देशों को दक्षिण चीन सागर मामले में लाने से घटनाक्रम और अधिक जटिल होगा।

## वर्ग पहेली 6494



**बांये से दांये**

१. संविधान, संबंधी
४. दूसरा साल
६. पीछे का, पीछे की ओर पड़ने वाला
७. पूजा में देवता को चढ़ाई जाने वाली सामग्री
८. बजरंग बली
१०. धातु का बना हुआ, धातु संबंधी
११. एक तरह का वाद्ययंत्र
१३. उत्साह, उल्लास, मौज, जोश
१४. सुग्रीव के राज्य से राजधानी
१५. कम खर्ची, कमदाम, बचत (उर्दू)
१७. चांदी
१९. जो मोटा न हो, जो गाढ़ा न हो
२१ दबाव देना, दबाना
२२. चापलूस
२४. बड़ा शहर

**ऊपर से नीचे**

१. सिकुड़ना
२. अविरल गति से होने या जारी रहने वाला
३. कासी के पास का एक तीर्थ स्थान
४. मेघ, बादल, पर्वत,
५. अनुवाद (उर्दू)
९. जिसका गठन अभी हाल ही में हुआ हो
११. वृद्धि (उर्दू)
१२. मुरदे रखने का संदूक (उर्दू)
१३. अपने नाम के अनुरूप, ऋण, कर्ज
१४. भाग्य, नसीब (उर्दू)
१५. किले में रहने वाली सेना का प्रधान दुर्ग रक्षक (उर्दू)
१६. अपने नाम के अनुरूप
१८. जोंक
१९. वायु, हवा
२०. निरूपाय (उर्दू)
२३. खून, लहू

### वर्ग पहेली-6493



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### दौरा: भारत से अपनी विशेष निकटता का लाभ उठाएं मॉरीशस

# राष्ट्रपति मुर्मू ने मॉरीशस के युवाओं से भारत से जुड़े रहने का किया आग्रह

पोर्ट लुइस, 12 मार्च (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को मॉरीशस के युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने गौरवशाली अतीत को पोषित करने और अपने उज्ज्वल भविष्य में निवेश करने के लिए भारत के साथ जुड़े रहें। देश 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने के लिए अपनी 'अमृत काल' यात्रा पर निकल पड़ा है। मॉरीशस विश्वविद्यालय में छात्रों और विशिष्ट अतिथियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने आशा व्यक्त की कि दोनों देशों के युवा विशेष साझेदारी को प्रगाढ़ करेंगे।

बता दें कि राष्ट्रपति 11 से 13 मार्च तक मॉरीशस दौरे पर हैं। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, मुझे विश्वास है कि हमारे युवाओं के बीच दोस्ती के ये बंधन हमारे रिश्ते को ऊपर की ओर ले जाएंगे। भारत 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने के लिए अपनी अमृत काल यात्रा शुरू कर रहा है।

उन्होंने कहा, मैं अपने मॉरीशस मित्रों से आग्रह करती हूं कि वे भारत से अपनी विशेष निकटता का लाभ उठाएं और यहां उपलब्ध विशाल आर्थिक अवसरों का फायदा उठाएं। शिक्षा हमारे दोनों देशों के बीच विशेष संबंधों को आकार देने में एक महत्वपूर्ण साधन रही है। उन्होंने भारत की दूरदेशी नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति की बात की, जिसके बारे में उन्होंने कहा, यह नवाचार का पावरहाउस बनने के लिए भारत के जनसांख्यिकीय लाभांश का लाभ उठाएगा। राष्ट्रपति ने इस बात पर प्रकाश डाला कि एक दशक से भी कम समय में भारत ने लगभग 400 नए विश्वविद्यालय, 5,300 नए कॉलेज, 75 नए राष्ट्रीय महत्व के संस्थान, 14 नए एम्स, सात नए आईआईटी और सात नए आईआईएम स्थापित किए हैं, जिनमें से आधे नए विश्वविद्यालय और अधिकांश नए कॉलेज ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित हैं। उन्होंने कहा, भविष्य की इस रोमांचक यात्रा में भारत मॉरीशस जैसे अपने विशेष मित्रों के साथ साझेदारी करने के लिए उत्सुक है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने देश को नौलेज इकॉनोमी की ओर ले जाने के लिए युवाओं को शिक्षित और सशक्त बनाने को प्राथमिकता दी है। 400 मॉरीशस वासियों को भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग (आईटीईसी) कार्यक्रम के तहत भारत में प्रशिक्षित किया जाता है और लगभग 60 मॉरीशस छात्रों को भारत में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए छात्रवृत्ति मिलती है। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, यह हमारे लिए गर्व की बात है कि उनमें से कई आज मॉरीशस की नौकरशाही और सार्वजनिक जीवन में उच्च पदों पर हैं।



मुझे विश्वास है कि हमारे युवाओं के बीच दोस्ती के ये बंधन हमारे रिश्ते को ऊपर की ओर ले जाएंगे : द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

## दुनिया को जानें

# ब्राजील में डेंगू से अब तक 391 मौत

**रियो डी जनेरियो,** 12 मार्च (एजेंसियां)। ब्राजील में इस साल अब तक डेंगू से 391 लोगों की मौत की पुष्टि की गयी है जबकि 854 लोगों की मौत के कारणों की जांच जारी है। स्वास्थ्य मंत्रालय की दैनिक रिपोर्ट के मुतबाकि में कहा कि देशभर में डेंगू के कुल 1,583,183 संदिग्ध मामले सामने आए हैं, जिनमें 12,652 गंभीर किस्म के मामले हैं।दक्षिण अमेरिकी देश में डेंगू बुखार की घटना दर वर्तमान में प्रति 100,000 निवासियों पर 757.5 मामले हैं। ब्राजील में इस साल की शुरुआत से ही डेंगू महामारी का प्रकोप बढ़ा हुआ है और बढ़ते मामलों के कारण नौ प्रांतो में सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित करना पड़ा है।



# प्रादेशिकी

**पौड़ी लोकसभा सीट पर भाजपा को प्रत्याशी का इंतजार**

**रामनगर।** पौड़ी लोकसभा सीट पर भाजपा ने अभीतक भले ही प्रत्याशी की घोषणा न की हो, लेकिन रामनगर विधानसभा क्षेत्र में अपना चुनाव कार्यालय जरूर खोल दिया है, जिसका मंगलवार को पूजा अर्चना के बाद विधिवत शुभारंभ किया गया। वहीं बीजेपी के नेताओं ने दावा किया है कि जल्द ही पार्टी पौड़ी लोकसभा सीट पर प्रत्याशी की घोषणा करेगी। इस मौके पर बीजेपी विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने कहा कि पौड़ी लोकसभा सीट के लिए जल्द ही प्रत्याशी की घोषणा की जाएगी। लोकसभा चुनाव को लेकर पार्टी कार्यकर्ता काफी उत्साहित हैं और पार्टी जिसे भी मैदान में उतारेगी कार्यकर्ता उसे जिताने के लिए जी जान लगा देंगे।

### जल जीवन मिशन को लेकर समय सीमा तय

## उत्तराखंड में बनेंगे 500 गांव स्वच्छ सुजल ग्राम



**देहरादून,** 12 मार्च (देशबन्धु)। उत्तराखंड में जल जीवन मिशन को लेकर शासन ने अब डेडलाइन तय कर दी है। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी की तरफ से साफ किया गया है कि सभी अधिकारी इस योजना को गंभीरता से लें और इसका काम आगे बढ़ाएं। प्रदेश में जल जीवन मिशन के तहत संचालित सभी प्रोजेक्ट्स को जून 2024 तक पूरा करने की डेडलाइन अधिकारियों को दी गई है।

■ स्कूलों में पेयजल और शौचालयों में जलापूर्ति हो सौ प्रतिशत : सीएस

मुख्य सचिव ने प्रदेश के सभी 13 जिलों में शत प्रतिशत एफएचटीसी (फंक्शनल हाउसहोल्ड टैप कनेक्शन) कवरेज पूरा करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने विशेष रूप से स्कूलों में पेयजल और शौचालयों में जलापूर्ति के लक्ष्य को सौ प्रतिशत पूरा करने का कहा है। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने देहरादून और टिहरी जनपदों में 500 गांवों को स्वच्छ सुजल ग्राम बनाने के पायलट प्रोजेक्ट पर तत्परता एवं गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि सरकार का उद्देश्य राज्य में इस प्रोजेक्ट के तहत सहभागी स्प्रिंग शेड प्रबंधन (जल स्रोत संरक्षण व पुनर्जीवीकरण) और जल आपूर्ति योजनाओं की दीर्घकालीन लक्ष्य के तहत देहरादून व टिहरी जनपदों के 500 गांवों को मॉडल वॉश विलेज बनाया जाए, जो उत्तराखंड की पहचान बनें। सीएस ने जल जीवन मिशन के प्रोजेक्ट्स की थर्ड पार्टी मॉनिटरिंग को भी टाइमबॉन्ड करवाने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने जल जीवन मिशन (एसडब्ल्यूएसएम तथा डीडब्ल्यूएसएम) के कर्मचारियों के मूल्यांकन के आधार पर वेतन वृद्धि के भी निर्देश दिए हैं। बैठक में बताया गया कि बीते कुछ सालों से उत्तराखंड में सरकारें इस मिशन में बेहद अधिक ध्यान दे रही हैं। उत्तराखंड में सूखते जल स्रोत को पुनर्जीवित करने के लिए भी कई तरह के प्रयास किये जा रहे हैं।

### धामी के नेतृत्व में नई फिल्म नीति राज्य के विकास की नई गाथा लिखेगी : उपाध्याय



**देहरादून।** रहेगा जहाँ वहीँ रोशनी लुटाएगा, किसी चिराग का अपना मक़ाम नहीं होता। इस बात को चरितार्थ करते हुए उत्तराखंड के लोग जहाँ-जहाँ हैं, वहीँ-वहीं रोशनी फैला रहे हैं। 'कौथिग-2024' में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित संयुक्त निदेशक (सूचना विभाग) व नोडल अधिकारी (उत्तराखंड फिल्म विकास परिषद) डॉक्टर नितिन उपाध्याय ने इन शब्दों के साथ प्रवासियों की भूमिका को रेखांकित किया। 'कौथिग' प्रांगण में उपस्थित हज़ारों की भीड़ को सम्बोधित करते हुए डॉ. उपाध्याय ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की ओर से सभी प्रवासियों को साधुवाद दिया और कहा कि आप सभी उत्तराखंड के सांस्कृतिक विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उत्तराखंड की नयी फिल्म नीति पर रोशनी डालते हुए उन्होंने कहा कि सरकार की नयी फिल्म नीति राज्य के विकास की नयी गाथा लिखेगी और भविष्य में उत्तराखंड को नए 'फिल्म डेस्टिनेशन' के रूप में स्थापित करेगा। 'कौथिग' के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि अपनी जड़ से जुड़े हुए लोगों को पहचानना और उन्हें सम्मानित करना महत्वपूर्ण कार्य है। साथ ही उत्तराखंडी प्रवासी स्वर को मुखर करने वाले अभिनेता हेमंत पाण्डे ने कहा कि प्रवासियों का आपसी मेल-मिलाप इस शहर में हमारे प्रेम की धुरी है और हमें इसमें मिठास घोलते रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि 'कौथिग' जैसे मेले समाज में नयी ऊर्जा का संचार करते हैं और सांस्कृतिक विस्तार को नया फ़लक देते हैं। 10 दिवसीय मेले 'कौथिग' में उमड़ी हज़ारों प्रवासियों की भीड़ ने करतल ध्वनि के साथ अतिथिगणों का स्वागत किया। अन्य अतिथियों में फिल्म निर्माता-निर्देशक यतीन्द्र रावत, जिनकी उत्तराखंडी फिल्म प्रदर्शन को तैयार है, अभिनेत्री निधि नौटियाल व वरिष्ठ फिल्म पत्रकार रेखा खान उपस्थित थीं। उल्लेखनीय है कि 8 से 17 मार्च 2024 तक चलने वाले इस मेले में 'उत्तराखंड आर्गेनिक कमोडिटी बोर्ड' की ओर से जैविक उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई है, जिसमें किसानों द्वारा उगाए गए उत्पाद पौष्टिक आहार पर नई रोशनी डालते हैं।

## मुख्यमंत्री ने राज्य पशुधन मिशन योजनान्तर्गत लाभार्थियों को बांटे चैक

**देहरादून,** 12 मार्च (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को सर्वे ऑफ इण्डिया स्टेडियम, हाथीबड़कला में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए राज्य पशुधन मिशन योजनान्तर्गत लाभार्थियों को चेक वितरण किए। उन्होंने आंचल ब्राण्ड के तहत आंचल शहद एवं आंचल इनामी योजना का भी शुभारम्भ किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर भराड़ीसैंण में बद्री गाय ट्रेनिंग सेण्टर खोले जाने एवं दुग्ध उत्पादको हेतु दुग्ध दरों में एक रूपये प्रति लीटर की बढ़ोत्तरी करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि किसान और पशुपालक देश, राज्य के विकास की नींव होते हैं। राज्य सरकार पशुपालकों के कल्याण और उत्थान के लिए प्रतिबद्ध होकर काम कर रही है। किसानों और पशुपालकों की आय में बढ़ोतरी करने और स्वरोजगार के अवसर सृजित करने के उद्देश्य से राज्य पशुधन मिशन योजना शुरु की है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार अंत्योदय के सिद्धांत पर कार्य कर रही है साथ ही अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुंचकर उनका उत्थान एवं सशक्तिकरण सुनिश्चित करने को संकल्पित हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने अगले दो वर्ष में दुधारू पशुओं, खच्चर, भेड़-बकरी, सूकर और मुर्गी पालन की लगभग 4500 इकाईयों की स्थापना हेतु ऋण उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह योजना सुदूर पर्वतीय क्षेत्रों में पारिवारिक पोषण और आजीविका को सुरक्षित बनाने के साथ ही पलायन को रोकने में भी मील का पत्थर साबित हुई है।




**सार संक्षेप**

### हिमाचल कांग्रेस के छह बागी विधायकों के मामले की सुनवाई 18 मार्च तक टली

**शिमला।** हिमाचल कांग्रेस के छह बागी विधायकों के मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में 18 मार्च तक टल गई है। बागी विधायकों ने उन्हें अयोग्य घोषित करने के विधान सभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया के फैसले को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी है। विधायकों ने संसदीय कार्यमंत्री हर्षवर्धन चौहान को भी अदालत में पार्टी बनाया है। मामले की सुनवाई टलने से कांग्रेस के छह विधायकों को सुप्रीम कोर्ट से अभी राहत नहीं मिली है। मंगलवार को जस्टिस संजीव खन्ना , दीपांकर दत्ता और पीके मिश्रा की बेंच में मामले की सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट की तीन सदस्यीय बेंच ने पूछा कि अयोग्य घोषित विधायक हाईकोर्ट क्यों नहीं गए? हालात विधायकों ने उत्पन्न किए , तभी उन्हें अयोग्य घोषित किया गया। बागी विधायकों के मामले की पैरवी कर रहे अधिवक्ता ने सर्वोच्च अदालत में कहा कि यह सामान्य केस (रेयर केस) नहीं है। लिहाजा उन्हें सर्वोच्च न्यायालय आना पड़ा है।

### विधायक चैतन्य शर्मा के पिता और निर्दलीय विधायक आशीष शर्मा को मिली अंतरिम अग्रिम जमानत

**शिमला।** प्रदेश हाईकोर्ट ने गगरेट से विधायक चैतन्य शर्मा के पिता और हमीरपुर से निर्दलीय विधायक आशीष शर्मा को अंतरिम अग्रिम जमानत दे दी है न्यायाधीश रंजन शर्मा ने राकेश शर्मा व आशीष शर्मा द्वारा दायर अग्रिम जमानत याचिका की प्रारंभिक सुनवाई के पश्चात दोनों प्रार्थियों को आदेश दिए कि वह 15 मार्च को बालूगंज पुलिस थाना के समक्ष अपनी उपस्थिति दर्ज करे व जांच कार्य में सहयोग दें। याचिकाओं में दिए तथ्यों के अनुसार शिमला के बालूगंज पुलिस स्टेशन में कांग्रेस के बागी एवं गगरेट से विधायक चैतन्य शर्मा के पिता और हमीरपुर से निर्दलीय विधायक आशीष शर्मा के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। दोनों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 420,171 ए और 171 सी, 120 बी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 एवं 8 के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया है। एफआईआर में बागी विधायक के पिता और निर्दलीय विधायक पर राज्यसभा चुनाव को गलत तरीके से प्रभावित करने का आरोप है। शिकायतकर्ताओं ने दोनों पर वोटों की खरीद-फरोख्त करने, रिश्वत एवं पैसों के लेन-देन के आरोप लगाए हैं। शिकायत में कहा गया है कि आरोपियों ने सरकार गिराने के लिए साजिश रची। शिकायतकर्ताओं ने हमीरपुर के निर्दलीय विधायक आशीष शर्मा और अयोग्य विधायक चेतन्य शर्मा के पिता के बैंक खातों की जांच कराए जाने की भी मांग की है। दोनों याचिकाओं पर सुनवाई 16 मार्च को होगी।

### सुडोकू 6494 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 8 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 3 | 8 | 5 | 2 | 9 | 1 | 6 | 7 | 4 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 4 | 5 | 3 | 2 | 8 |
| 6 | 7 | 9 | 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 8 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 3 | 6 | 2 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 1 | 3 | 9 | 4 | 2 |
| 9 | 3 | 8 | 4 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 |
| 2 | 1 | 4 | 5 | 7 | 9 | 8 | 6 | 3 |

## जनता के सुझावों से बनेगा भाजपा का संकल्प पत्र : बिहारी

**शिमला,** 12 मार्च (देशबन्धु)। भाजपा प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा ने कहा की हिमाचल प्रदेश के सभी स्थानों पर संकल्प पत्र सुझाव यात्रा के अनेकों कार्यक्रम चल रहे है। चारो संसदीय क्षेत्रों में दो-दो अर्थात आठ वाहनों के माध्यम से प्रदेश के सभी वर्गों के सुझाव आमंत्रित किए जा रहे है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देशभर से सुझाव आमंत्रित किए जा रहे हैं ताकि देश के प्रत्येक वर्ग, समुदाय, जाति, धर्म, संप्रदाय की भागीदारी एन0डी0ए0 का संकल्प पत्र बनाते हुए हो सके। बिहारी लाल शर्मा ने कहा कि इस गाड़ी में सुझाव पेटी लगी है जिसमें कोई भी व्यक्ति अपने सुझाव दे सकता है। 10 मार्च से 20 मार्च, 2024 तक यह आठ गाड़ियां पूरे प्रदेश में घूम-घूम कर सुझाव आमंत्रित करेगी। इसके अतिरिक्त हर शहर में 4-5 स्थानों पर सुझाव पेटी लगाई जा रही है जिसमें जनता अपने सुझाव डाल सकती है। नमो ऐप व मिस्ड कॉल के माध्यम से भी जनता अपने सुझाव दे सकती है। महामंत्री बिहारी लाल शर्मा ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र के साथ संपूर्ण राष्ट्र के दृष्टिकोण के साथ इस अभियान के बारे में चर्चा की। उन्होंने कहा की केंद्र की मोदी सरकार ने चार प्रमुख वर्गों यानी गरीब, महिलाएं, युवा एवं अन्नदाता (किसान) को ऊपर उठाने पर फोकस किया है । गरीब कल्याण, देश का कल्याण पिछले 10 वर्षों के दौरान सरकार ने 25 करोड़ लोगों को बहुआयामी गरीबी से बाहर आने में मदद की। पीएम-जनधन खातों के उपयोग से बैंक खातों में 34 लाख करोड़ रुपए का प्रत्यक्ष हस्तांतरण हुआ है।

## कांग्रेस के लिए लोकसभा उम्मीदवार चयन बना टेढ़ी खीर

■ चीफ इलेक्शन कमेटी की तीसरी बैठक भी रही बेनतीजा

■ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने दिल्ली में डाला डेरा

**अमरनाथ तिवारी**



**देहरादून,** 12 मार्च (देशबन्धु)। कांग्रेस के लिए उत्तराखंड में लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार तय करना टेढ़ी खीर बन गया है। लगातार एक के बाद एक बैठक के बाद कांग्रेस उम्मीदवार और उनके संसदीय सीटों की सूची पर अंतिम मुहर नहीं लगा पा रही है। सोमवार देर रात दिल्ली में हुई कांग्रेस केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक बेनतीजा निकली। अब 15 मार्च को फिर से बैठक बुलाई गई है। सोमवार देर रात दिल्ली में हुई कांग्रेस केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक से पहले अंदाजा जा रहा था कि बैठक के तुरंत बाद ही उत्तराखंड समेत कई राज्यों के लिए कांग्रेस लोकसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की सूची जारी कर देगी। लेकिन बैठक बेनतीजा निकली। बैठक में कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, अंबिका सोनी के साथ-साथ प्रदेश प्रभारी शैलजा कुमारी भी मौजूद थीं। उत्तराखंड से प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य और चकराता विधायक प्रीतम सिंह भी बैठक में मौजूद रहे। करन माहरा पिछले दो दिन से दिल्ली में पार्टी के बड़े नेताओं के साथ उत्तराखंड की पांच लोकसभा सीटों को लेकर लगातार बैठक में शामिल हो रहे थे। बताया जा रहा है कि जिन नेताओं के नाम पार्टी ने पैनल में भेजे थे। उन नेताओं में से कई नेता चुनाव लड़ने से भी इनकार कर रहे हैं। ऐसे में पार्टी अपना हर कदम फूंक-फूंककर रख रही है। यह तीसरी बैठक थी जब किसी तरह का निर्णय होने के बाद भी फैसला बाहर नहीं आ पाया है। अब बताया जा रहा है कि 15 मार्च को पार्टी उम्मीदवारों के ऐलान को लेकर एक और बैठक करेगी। हालांकि पार्टी के कुछ नेताओं का यह भी कहना है कि भाजपा के बाकी बचे दो और उम्मीदवारों के नाम तय होने के बाद कांग्रेस अपनी लिस्ट जारी करेगी। कांग्रेस प्रवक्ता गरिमा दसौनी की मानें तो कांग्रेस अनुभवी और जनप्रिय नेताओं को ही मैदान में उतारेगी। प्रदेश में भाजपा को कौन नेता पटखनी दे सकता है? इसको लेकर मंथन चल रहा है। एक सीट पर कई ऐसे नेता हैं जो भाजपा को टक्कर दे सकते हैं। जल्द ही कांग्रेस पार्टी पांचों लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार तय कर देगी। उधर जानकारी ये भी है कि अल्मोड़ा से प्रदीप टम्टा और नैनीताल से पार्टी यशपाल आर्य पर दांव खेलने पर विचार कर रही है।

## भ्रष्टाचार को रोकने के लिए बनाएंगे और सख्त कानून : मुख्यमंत्री

**शिमला,** 12 मार्च (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार को रोकने के लिए पूरी सतर्कता और सावधानी से कार्य कर रही है तथा इसे पूरी तरह से रोकने के लिए और सख्त कानून बनाए जाएंगे। यह बात उन्होंने आज कांगड़ा जिला के फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र में जनसभा को सम्बोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री ने फतेहपुर में सिविल कोर्ट खोलने, फतेहपुर में शहीद स्मारक बनाने, फतेहपुर और राजा का तालाब में सीवरेज सिस्टम का निर्माण करने, कॉलेज का नामकरण स्वर्गीय सुजान सिंह पठानिया के नाम पर करने, राजा का तालाब में ऐतिहासिक तालाब के जीर्णोद्धार के लिए 75 लाख रुपए,नंगल पटवार सर्कल को पुनः खोलने, तलाड़ा-डक-गुरियाल-चकबाड़ी में 33 केवी सब स्टेशन स्टेशन बनाने और बागवानी विभाग का पीसीडीओ फार्म खोलने की घोषणा की। इससे पूर्व, ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए 232 करोड़ रुपए लागत की 14 विकासात्मक परियोजनाओं की सौगात दी।

## सरकार की योजनाओं का लाभ जनता को मिले : अग्रवाल

**देहरादून,** 12 मार्च (देशबन्धु)। राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की 88 वीं विशेष बैठक का आयोजन सोमवार को स्थानीय होटल में किया गया। इस अवसर पर बैठक को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि हम सभी का ध्येय यही होना चाहिए कि सरकार की ज्यादा से ज्यादा योजनाओं का लाभ जनता को लाभ मिले। उन्होंने कहा कि बैंकिंग के क्षेत्र में उत्तराखंड में पहले की अपेक्षा में काफी सुधार आया है। उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा बैंक शाखाओं का खुलना दर्शाता है कि यह क्षेत्र खुशहाली की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सत्ता संभालते ही सबसे पहले गरीब की चिंता की। गरीब का खाता किसी ने नहीं खोला था लेकिन उन्होंने यह कार्य सबसे पहले किया। उन्होंने कहा कि बैठक में बताया गया कि हमारे राज्य का सीडी रेशियो हिमाचल से बेहतर है लेकिन हमें यहीं नहीं रुकना है बल्कि हमें और भी अच्छा करना चाहिए। वित्त मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने कहा है कि 21 वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखण्ड का होगा और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में हमारा राज्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री जी के कहे अनुसार हमारा राज्य जब 25 वर्ष का होगा तो हम देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हों, इसके लिए हमारी सरकार सतत प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि राज्य की जीडीपी वर्ष 2022-23 में 7.3 प्रतिशत रही है। इस बार हमारे द्वारा 88 हजार करोड़ से ज्यादा का बजट पेश किया गया जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 15 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने कहा कि 2021-22 में राज्य में सीडी रेशियो 48 प्रतिशत रहा, इसे और बेहतर किया जाना चाहिए। उन्होंने ऋण वितरण में निजी बैंकों की भूमिका को और अधिक बढ़ाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि राज्य में अभी तक 103 गांव ऐसे थे जहां बैंक की शाखाएं नहीं थी लेकिन अब इनमें से 88 गांव में बैंक खुल चुके हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि बहुत शीघ्र बाकी 15 बैंकों में बैंक शाखा खुल जाएंगी। वित्त मंत्री ने कहा कि बैंकों को चाहिए कि वे अपनी योजनाओं के बारे में ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार करें। बैठक में अवगत कराया गया कि राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित ऋण योजनाओं के अंतर्गत वर्ष 2023-24 में 29 फरवरी 2024 तक मुद्रा योजना में 142 प्रतिशत, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना में 106, एमएसएमई में 102, एनयूएलएम में 101, वीर चंद्र सिंह गढ़वाली पर्यटन स्वरोजगार योजना में 99, पीएम स्वनिधि में 84 प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति की गई है।



■ राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की 88वीं विशेष बैठक आयोजित

## डोईवाला में ग्रामीणों के चुनाव बहिष्कार को लेकर बढ़ी प्रशासन की मुश्किलें

**देहरादून,** 12 मार्च (देशबन्धु)। देहरादून जिले के डोईवाला विधानसभा क्षेत्र की तीन ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों ने सड़क की मांग को लेकर लोकसभा चुनाव बहिष्कार का ऐलान किया है। जिसके बाद शासन प्रशासन के हाथ पांव फूल गए हैं। इसी कड़ी में ग्रामीणों से वार्ता के लिए प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन वार्ता बेनतीजा रही। इस दौरान ग्रामीण लिखित आश्वासन पर अड़े रहे। उनका कहना था कि जब तक सड़क निर्माण को लेकर लिखित आश्वासन नहीं मिल जाता, तब तक वो नहीं मानने वाले हैं। दरअसल, डोईवाला विधानसभा क्षेत्र की तीन पंचायतें सनगांव, नाही कला और सिन्धवाल के ग्रामीण सड़क की मांग को लेकर लोकसभा चुनाव का बहिष्कार कर रहे हैं। मंगलवार को ग्रामीणों के साथ डोईवाला एसडीएम अपर्णा ढौंडियाल समेत संबंधित विभागों के अधिकारियों ने वार्ता की। साथ ही ग्रामीणों को समझाने की कोशिश की, लेकिन ग्रामीण सड़क के ना बनने तक चुनाव बहिष्कार की मांग पर अड़े रहे। ग्रामीणों का कहना था कि हर बार उनको आश्वासन दिया जाता है और चुनाव के बाद सब भूल जाते हैं, लेकिन इस बार ग्रामीण लिखित आश्वासन के बाद ही शांत बैठेंगे। उनका कहना है कि अगर उनकी मांग नहीं मानी गई तो ग्रामीण चुनाव बहिष्कार के साथ उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। ग्रामीणों से वार्ता करने पहुंची डोईवाला उपजिलाधिकारी अपर्णा ढौंडियाल ने कहा कि ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया जा रहा है। आज भी उनके साथ विभागीय अधिकारी मौके पर पहुंचे, लेकिन ग्रामीण उच्च अधिकारियों से वार्ता करने की बात कह रहे हैं। जिसको लेकर जल्द ही ग्रामीणों के जन प्रतिनिधियों के साथ उच्च अधिकारियों से वार्ता कर हल निकालने का प्रयास किया जाएगा।

## सीएए के साथ भाजपा का एक और संकल्प पूरा : अनुराग ठाकुर

**नई दिल्ली,** 12 मार्च (देशबन्धु)। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने भारतीय जनता पार्टी को संकल्पों को पूरा करने वाली पार्टी बताया है और सीएए को भी उसी दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया है। अनुराग ठाकुर ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी ने अपने सभी संकल्पों को सिद्धि तक पहुंचाया है। हमने धारा 370 और 35 ए से मुक्ति दिलाने का वादा किया था, तो दिला दिया। आज कश्मीर में शांति व खुशहाली है और उद्योग और पर्यटन को बढ़ावा मिला है। हमने ट्रिपल तलाक से मुस्लिम माताओं बहनों को आजादी दिलाई। हमने कहा था भव्य राम मंदिर बनाएंगे, तो राम मंदिर के साथ-साथ सोमनाथ धाम, केदारनाथ धाम, काशी विश्वनाथ धाम, महाकाल लोक और बुद्ध सर्किट इत्यादि बना दिए। हमने कहा था कि हम सीएए लागू करेंगे ताकि अफगानिस्तान, बांग्लादेश, पाकिस्तान जैसे पड़ोसी देश में उत्पीड़ित अल्पसंख्यकों को यहां नागरिकता मिल सके। ठाकुर ने कहा कि सीएए के लागू होने के बाद उन लोगों को फायदा होगा जिन्हें नागरिकता के लिए 70 वर्षों तक का भी इंतजार करना पड़ा है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि आज मोदी सरकार के नेतृत्व में भारत के लिए कुछ भी असंभव नहीं है। अगर हम विश्व को इंटरनेशनल सोलर एलाइंस, ग्लोबल बायोफ्यूल एलाइंस, इंटरनेशनल बिग कैट एलाइंस, योग और आयुर्वेद में नेतृत्व दे सकते हैं। हम 74 एयरपोर्ट से 150 एयरपोर्ट मात्र 10 वर्षों में कर सकते हैं, 7 एम्स से 22 एम्स कर सकते हैं, 380 मेडिकल कॉलेज से 700 मेडिकल कॉलेज कर सकते हैं, 1100 यूनिवर्सिटी कर सकते हैं, 320000 किलोमीटर ग्रामीण सड़कों के साथ 375000 नई ग्रामीण सड़क जोड़ सकते हैं, 96, 000 किलोमीटर नेशनल हाईवे से डेढ़ लाख किलोमीटर नेशनल हाईवे बना सकते हैं, रिकॉर्ड समय में द्वारका एक्सप्रेसवे बना सकते हैं।

### खेलों इंडिया उभरती प्रतिभाओं की पहचान : खेल मंत्री

**चंडीगढ़।** केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने मंगलवार को चंडीगढ़ के सेक्टर 7 स्थित खेल परिसर में उत्साहपूर्ण वातावरण के बीच अद्वितीय खेलो इंडिया उभरती प्रतिभाओं की पहचान (कीर्ति) कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

9 से 18 वर्ष की आयु-वर्ग के स्कूली बच्चों के लिए शुरू की गयी इस राष्ट्रव्यापी योजना के दो मुख्य उद्देश्य हैं। एक तो देश के हर कोने से प्रतिभा की खोज करना तथा दूसरा मादक पदार्थों और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की लत को रोकने के लिए खेल को एक प्रभावी उपाय के रूप में प्रयोग करना।

ठाकुर ने इस बात पर जोर दिया कि 'कीर्ति', प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना था कि खेल संस्कृति का निर्माण और प्रतिभाओं का एक समूह तैयार किया जाना चाहिए, जो ओलंपिक और एशियाई खेल जैसी वैश्विक प्रतियोगिताओं में भारत को पदक दिला सकें। 'कीर्ति' ने भारत के 50 केंद्रों में ठोस शुरुआत की है। पहले चरण में, एथलेटिक्स, मुक्केबाजी, कुश्ती, हॉकी, फुटबॉल समेत 10 खेलों के लिए पचास हजार आवेदकों का मूल्यांकन किया जा रहा है। कीर्ति का लक्ष्य अधिसूचित प्रतिभा मूल्यांकन केंद्रों के माध्यम से प्रतिभा की पहचान करने के लिए पूरे वर्ष के दौरान देश भर में 20 लाख आवेदकों का मूल्यांकन करना है। इस अवसर पर चंडीगढ़ की सांसद किरण खेर, चंडीगढ़ प्रशासन के सलाहकार राजीव वर्मा और हांगझोऊ एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता एवं उभरते भाला फेंक खिलाड़ी तथा पेरिस ओलंपिक में पदक के दावेदार किशोर कुमार जेना उपस्थित थे।




■ अनुराग सिंह ठाकुर ने मंगलवार को चंडीगढ़ के सेक्टर 7 स्थित खेल परिसर में कीर्ति का उद्घाटन किया

## हरियाणा में बदलाव का समय : सैलजा

**हिसार,** 12 मार्च (एजेंसियां)। कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव व प्रभारी कुमारी सैलजा ने मंगलवार कहा कि भाजपा की दमनकारी नीतियों को देखते हुए जनता पूर्ण रूप से बदलाव का मन बना चुकी है और वर्तमान परिस्थितियों से यह स्पष्ट हो गया है कि यह एक बदलाव का समय है। सुश्री सैलजा ने मीडिया में जारी एक बयान में कहा पिछले साढ़े नौ साल से भाजपा जनता को गुमराह करती आ रही है वंही साढ़े चार साल हरियाणा की जनता की आंखों में धूल झोंकने के बाद यदि भाजपा यह सोच रही हैं कि जनता सब भूल जाएगी तो यह उनका भ्रम है। आने वाले चुनाव में भाजपा का यह भ्रम भी टूट जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा और जननायक जनता पार्टी गठबंधन ने पुनः जनता को परेशान करने का असफल प्रयास किया जा रहा है जो कतई सफल नही होगा। उन्होंने कहा कि आने वाले चुनाव में राज्य की जनता कांग्रेस की सरकार चुनेगी।

# प्रादेशिकी

## फर्रुखाबाद में नशेड़ी युवक ने बड़े भाई को ही मार डाला

**फर्रुखाबाद,** 12 मार्च (देशबन्धु)। नशेड़ी भाइयों में विवाद के दौरान एक ने दूसरे को ही मार डाला। यह सनसनीखेज घटना कोतवाली कायमगंज के ग्राम रजपालपुर में की है। सायं घर में महाराज सिंह जाटव का 25 वर्षीय पुत्र रंजीत एवं छोटा बेटा गोलू उर्फ गोयल थे। दोनों भाइयों ने शराब की दावत उड़ाई किसी बात को लेकर दोनों भाइयों में विवाद हुआ। इसी दौरान गोलू ने बड़े भाई रंजीत पर गड़ासा एवं दराती से जानलेवा प्रहार किये जिससे रंजीत की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद लहूलुहान गोलू शरीर से खून साफ कर रहा था। यह देखकर पड़ोसियों ने पुलिस को जानकारी दी। घटना के समय महाराज सिंह अपनी साइकिल मरम्मत की दुकान पर थे। पुलिस ने गोलू को हिरासत में ले लिया।

# अब और सुरक्षित होंगी यूपी रोडवेज की बसें

**लखनऊ,** 12 मार्च (देशबन्धु)। प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को परिवहन की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश परिवहन निगम द्वारा संचालित बसों को और सुलभ व सुरक्षित बना दिया है। इसके तहत योगी सरकार ने मंगलवार को निगम मुख्यालय स्थित कमांड कंट्रोल सेंटर का उद्घाटन किया। इस कमांड कंट्रोल सेंटर के माध्यम से बसों की लाइव लाइव ट्रैकिंग, आपात स्थिति में रियलटाइम लोकेशन पर तत्काल सहायता समेत पैनिक बटन के अलर्ट जैसी सुविधाएं मिलेंगी। इससे निगम की बसों को और अधिक सुरक्षित बनाने में मदद मिलेगी। मंगलवार को निगम द्वारा 3067 करोड़ रुपए की लागत से दस बस स्टेशनों के नव निर्माण और पुनर्निर्माण के कार्य का शिलान्यास किया गया, जबकि 1048 करोड़ की लागत से बने कमांड एंड कंट्रोल सेंटर और तीन अन्य बस स्टेशन का लोकार्पण भी किया गया।

- परिवहन विभाग की हजारों करोड़ की परियोजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास
- परिवहन निगम के मुख्यालय में कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का हुआ उद्घाटन, हो सकेगी बसों की लाइव ट्रैकिंग
- आपात स्थिति में रियलटाइम लोकेशन पर तत्काल दी जा सकेगी सहायता
- पैनिक बटन के अलर्ट जैसी सुविधा भी होगी



कमांड कंट्रोल सेंटर में 24 घंटे सात दिन उपलब्ध रहेंगे कार्मिक : दयाशंकर सिंह

परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने निगम मुख्यालय के सभागार कक्ष में इन सभी परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया। उन्होंने बताया कि कंट्रोल एंड कमांड सेंटर की स्थापना से मुख्यालय में परिवहन निगम की बसों की लाइव ट्रैकिंग उपलब्ध रहेगी। किसी आकस्मिक स्थिति में वास्तविक लोकेशन उपलब्ध रहने से तत्काल सहायता पहुंचाना संभव हो सकेगा। यात्रा के दौरान किसी अप्रिय स्थिति में यात्री द्वारा वाहन में स्थापित पैनिक बटन प्रेस करने पर निगम मुख्यालय स्थित कमांड कंट्रोल सेंटर एवं संबंधित क्षेत्रीय कंट्रोल रूम में पैनिक अलर्ट प्रदर्शित होगा। कमांड कंट्रोल सेंटर तथा क्षेत्रीय कंट्रोल रूम में मॉनीटरिंग के लिए 24×7 आधार पर उपलब्ध कार्मिक द्वारा कंट्रोल रूम में अलर्ट प्राप्त होने पर त्वरित निदान के लिए निर्धारित एसओपी के अनुसार कार्यवाही की जाएगी। परिवहन मंत्री ने कहा कि इस सुविधा से लोगों को काफी राहत मिलेगी। इसके अलावा, रायबरेली में ड्राइवर ट्रेनिंग एंड रिसर्च सेंटर का भी उद्घाटन किया गया है। इससे हमें अच्छे और दक्ष ड्राइवर्स प्राप्त होंगे।

### अयोध्या में ड्राइविंग टेस्टिंग इंस्टीट्यूट की शुरुआत

परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि हमने बहुत सारी सुविधाओं को ऑनलाइन कर दिया है, जिससे लोगों को काफी राहत मिली है। जैसे ड्राइविंग लाइसेंस को शत प्रतिशत ऑनलाइन कर दिया गया है और अब ड्राइविंग टेस्टिंग इंस्टीट्यूट का भी उद्घाटन किया जा रहा है। यह पूरी तरह ऑटोमैटिक रहेगा। इससे अब न कोई किसी को पास कर सकता है और न कोई किसी को फेल कर सकता है। उन्होंने बताया कि परिवहन विभाग प्रदेश के प्रत्येक सेंटर में मॉडर्न ड्राइविंग टेस्टिंग इंस्टीट्यूट की स्थापना करने जा रहा है। कमिश्नरी लेवल पर हमने इसे खुद बनाया है, जिसमें मारुति ने 5 सेंटर को लिया है। इसमें आज अयोध्या के ड्राइविंग टेस्टिंग इंस्टीट्यूट की शुरुआत की जा रही है। इसके अलावा गोरखपुर, मथुरा, काशी और प्रयागराज में भी मारुति अपने सीएसआर फंड से इसको संचालित करेगी। अभी हमारे पास और भी 10 इंस्टीट्यूट हैं। बाकी हर जनपद में हम पीपीपी मॉडल पर इसको स्थापित कर रहे हैं, जिसमें एक करोड़ रुपए का अनुदान भी दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अभी तक जो ड्राइविंग सेंटर थे वो आधुनिक नहीं थे। हम हर जगह पारदर्शिता के साथ आधुनिक ड्राइविंग सेंटर बना रहे हैं। अब दक्ष ड्राइवर मिलेंगे। किसी को भी बिना ट्रेनिंग लाइसेंस नहीं दिया जाएगा। इससे मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप एक्सीडेंट के मामलों में 50 प्रतिशत का जो लक्ष्य रखा गया है, उसको पूरा किया जा सकेगा।

## सांधन के ग्रामीणों ने मिट्टी भरे डंफर पकड़े, धरना दिया

**मवाना,** 12 मार्च (देशबन्धु)। मवाना तहसील के ग्राम सांधन के ग्रामीणों ने मंगलवार को मिट्टी से भरे डंफर पकड़ लिये और सड़क किनारे धरना दिया। धरने पर बैठे ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि मिट्टी से भरे ओवरलोड डंफरों से तीन करोड़ रुपये से बनी सड़क चार माह में तोड़ डाली। साथ ही गांव में सड़क किनारे रहने वाले परिवारों को घरों में धूल जा रही है, जिससे घरों में रहना मुश्किल हो गया है। धरना दे रहे ग्रामीण मौके पर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अफसरों को बुलाने की मांग पर अड़े रहे। सांधन गांव के पूर्व प्रधान हर्षवर्धन, कंवरपाल सिह, प्रवीन कुमार जिम्मी, अजयपाल, भोला चौधरी, राममोहन सिंह, पवन कुमार, दीपक, भूपेन्द्र, संसार सिंह व रवीश कुमार समेत अनेक ग्रामीणों ने मंगलवार को उनके गांव के आसपास से मिट्टी ढो रहे चार डंफरों को गांव में रोक लिया। इनमें दो डंफर मिट्टी से भरे हुए थे, जबकि दो डंफर खाली थे। ग्रामीणों ने बताया कि बहुत कोशिश करने के बाद एक साल पहले ग्रामीण अभियंत्रण सेवा विभाग ने उनके गांव की मुख्य सड़क को तीन करोड़ रुपये से अधिक में निर्माण कराई गई थी। चार माह से मिट्टी से भरे ओवरलोड डंफरों ने गांव की मुख्य सड़क को कई स्थानों पर तोड़ डाला और सड़क कई स्थानों पर धस गई है। डंफरों से सड़क किनारे परिवारों को रहना मुश्किल हो गया है।

## पूर्व की सरकारों में कूड़े से लदे होते थे शहरी क्षेत्र : योगी

**लखनऊ,** 12 मार्च (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह नए भारत का नया उत्तर प्रदेश है, जो विकास भी करता है और विरासत को संरक्षित भी करता है। युवाओं के आजीविका की व्यवस्था करता है और आमजन की आस्था को सम्मान भी देता है। प्रदेश में सुरक्षा का बेहतर माहौल देता है तो प्रदेश को समृद्धि के नित नए सोपान की ओर से अग्रसर करने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य भी करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले शहरी क्षेत्र कूड़े से लदे होते थे। आज पहले की तुलना में सफाई बहुत अच्छी हुई है, फिर भी अच्छे कार्य को और अच्छा करना चाहिए। शहर में जलजमाव न हो, सड़कें अच्छी हों, अभी से पांच वर्ष की कार्ययोजना बनाकर काम करें, हमारा नगर निकाय आत्मनिर्भर बने। इसके लिए निकाय की आय को भी बढ़ाएं। नए भारत के नए उत्तर प्रदेश की इस गति में जब प्रदेश का हर नागरिक सहभागी बनता है, तब पीएम मोदी के विकसित भारत के संकल्प की प्रतिपूर्ति होती है। हर भारतवासी का संकल्प होना चाहिए कि हमारा देश विकसित भारत बने। 2017 में 24 फीसदी आबादी नगरीय क्षेत्रों में रहती थी, आज यह आबादी 30 फीसदी है और आने वाले पांच वर्ष में उप्र में यह आबादी 40 फीसदी पहुंचने वाली है। सीएम ने कहा कि पहले लोग केवल मनुष्य को कहते थे कि बड़ा स्मार्ट बन रहा है, लेकिन प्रधानमंत्री ने सिटी को भी स्मार्ट बना दिया। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में नगर विकास विभाग की 11 हजार करोड़ रुपए की 3419 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास किया।



- मुख्यमंत्री ने नगर विकास विभाग की 11 हजार करोड़ की परियोजनाओं का किया लोकार्पण-शिलान्यास
- कई योजनाओं के लाभार्थियों को किया सम्मानित

## सार संक्षेप

### डीएम ने किया मतदान केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण

**मेरठ।** जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की तैयारी के दृष्टिगत थाना परतापुर तथा ग्राम काशी एवं ग्राम अंजौली के मतदान केंद्र का स्थलीय निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। थाना परतापुर में बैठक कर थाना स्तर पर की गई तैयारी की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि जिला बदर, गुंडा एक्ट, शस्त्र जमा किए जाने आदि की कार्यवाही तत्काल पूर्ण कर ली जाए तथा थानाध्यक्ष अपने क्षेत्र के समस्त बूथों का निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करें कि क्रिटिकल वल्नरेबल बूथों का चिन्हांकन मानक के अनुसार हुआ है तथा बूथ स्तर पर ग्रामीण लोगों के साथ मीटिंग कर तदानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवान, जॉइंट मजिस्ट्रेट गामिनी सिंगला, एसडीएम सदर कमल किशोर, जिला सूचना अधिकारी सुमित कुमार, क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्ष परतापुर सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### सैद्धांतिक मास्टर्स ट्रेनिंग कार्यक्रम आयोजित

**मेरठ।** विकास भवन सभागार में सामान्य निर्वाचन-2024 की तैयारी के दृष्टिगत सैद्धांतिक मास्टर्स ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा निर्वाचन के संबंध में अपने अनुभव साझा किए गए। उन्होंने कहा कि ट्रेनिंग गुणवत्तापरक हो सभी मास्टर ट्रेनर्स निर्वाचन आयोग की बुकलेट का गहनता के साथ अध्यन कर लें,किसी भी स्तर पर शिथिलता न बरती जाए। इस अवसर पर डीडीओ अंबरीश कुमार, जिला कृषि अधिकारी राजीव कुमार सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुनील कुमार व मास्टर ट्रेनर्स उपस्थित रहे।

### हवाई सफर का सपना पूरा कर रही उत्तर प्रदेश सरकार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के लोग अब हवाई सफर कर रहे हैं। योगी सरकार प्रदेश के लोगों के हवाई सफर का सपना पूरा कर रही है। 10 मार्च को ही पीएम मोदी ने उत्तर प्रदेश के 5 जनपदों (आजमगढ़, श्रावस्ती, चित्रकूट, अलीगढ़ और मुरादाबाद) में नए एयरपोर्ट का उद्घाटन किया था और दो दिनों में ही यहां सारी फ्लाइट फुल होकर जा रही हैं। इस पर सीएम योगी ने भी खुशी जाहिर की है। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश, देश में सर्वाधिक क्रियाशील एयरपोर्ट वाला प्रदेश है और ये 5 नए एयरपोर्ट यहां पर लोगों उड़ान की चाहत को नए पंख देने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रहे हैं।

### एनटीपीसी ऊंचाहार की दो इकाइयों में उत्पादन ठप

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश में रायबरेली के ऊंचाहार स्थिति नेशनल थर्मल पावर कारपोरेशन (एनटीपीसी) की दो विद्युत उत्पादन करने वाली इकाइयां अनुरक्षण के कारण बंद की गई है जिसमे से एक इकाई से सर्वाधिक ऊर्जा उत्पादन होता है। एनटीपीसी की प्रवक्ता कोमल शर्मा ने मंगलवार को बताया कि एनटीपीसी की दो इकाइयों को रख रखाव व अनुरक्षण के कारण बन्द किया गया है जिसे जल्द शुरू किया जाएगा।

## शोभित में कोडिंग प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**मेरठ,** 12 मार्च (देशबन्धु)। शोभित इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी में कंप्यूटर साइंस विभाग ने यूनिवर्सिटी कंप्यूटर सेंटर में एस यू कोड क्वेस्ट आयोजन किया। इसका उद्देश्य प्रतिस्पर्धी प्रोग्रामिंग में कोडरों को जटिल एल्गोरिदमिक चुनौतियों के खिलाफ प्रतिस्थापित करना था। इस कार्यक्रम के आयोजक प्रोफेसर डॉ. ममता बंसल एवं प्रोफेसर अविनव पाठक ने बताया की कैसे इस तीव्र प्रतिस्पर्धी मैदान में, प्रोग्रामर संवेदनशील समस्याओं को हल करने के लिए समय के खिलाफ लड़ते हैं। तेज समस्या समाधान की कौशल, एल्गोरिदमिक कुशलता, और रणनीतिक सोच महत्वपूर्ण हैं। प्रतिभागी अक्सर डेटा संरचनाओं, एल्गोरिदमों, और गणितीय अवधारणाओं का उपयोग करते हैं ताकि समस्या को हल कर सकें। टॉपकोडर और लीटकोडर जैसे प्लेटफॉर्म गहरी सोच वाले कोडिंग प्रतियोगिताओं को होस्ट करते हैं।



इंजीनियरिंग विभाग के डीन प्रोफेसर डॉक्टर विनोद कुमार त्यागी एवं कंप्यूटर साइंस विभाग की निदेशिका प्रोफेसर डॉ. निधि त्यागी ने सभी छात्र एवं छात्रों को बधाई प्रेषित की और उनको यह भी बताया की कैसे सी प्रोग्रामिंग प्लेसमेंट और रिटेन एप्टीटुड में एक महत्वपूर्ण हिस्सा होती है और कैसे छात्र सी प्रोग्रामिंग सीखकर कंप्यूटर साइंस फील्ड में अपना भविष्य बना सकते हैं।

## विद्यार्थियों को अपनी रचनात्मकता बनाए रखनी चाहिए : थपलियाल



- मीडिया फेस्ट के अंतर्गत होने वाले प्रतियोगी क्रियाकलापों की सराहना की

**मेरठ,** 12 मार्च (देशबन्धु)। स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के छात्रों द्वारा आयोजित दो दिवसीय मीडिया फेस्ट बहिरंग-2024 का शानदार आगाज हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत पारंपरिक रूप से मां शारदे के सम्मुख विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ.जी.के. थपलियाल, नेताजी सुभाष चंद्र बोस शोधपीठ के अध्यक्ष डॉ. देशराज सिंह, विभागाध्यक्ष प्रो.डॉ. सुभाष चंद्र थलेड़ी, प्रो. अशोक त्यागी, डॉ. पिंटू मिश्रा, डॉ. दुर्वेश पुंडीर, मेरठ के सुप्रसिद्ध फोटोग्राफर विश्वमोहन नौटियाल, शहीद मंगल पांडे शासकीय कन्या महाविद्यालय की समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. लता कुमार, चीफ प्रॉक्टर डॉ. शशिराज तेवतिया एवं मीडिया प्रभारी अनम शेरवानी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ.जी.के.थपलियाल ने मीडिया फेस्ट के अंतर्गत होने वाले प्रतियोगी क्रियाकलापों की सराहना की और कहा कि विद्यार्थियों को अपनी रचनात्मकता बनाए रखनी चाहिए।

उन्होंने विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाते हुए कि उन्हें खुद पर भरोसा रखना चाहिए। कुलपति ने कहा कि ऐसे आयोजनों में भाग लेना विद्यार्थियों के लिए जरूरी है। संचालन बीएजेएमसी प्रथम वर्ष की छात्रा वर्षा राज ने किया। वहीं पलक टंडन ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। छात्रा मनीषा कुमारी ने उपस्थित गण्यमान्य व्यक्तियों को धन्यवाद व्यक्त किया।

## शुगर यूनिट में विनायक के छात्रों का भ्रमण

**मेरठ,** 12 मार्च (देशबन्धु)। रुद्रा इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट विभाग द्वारा बायोटेक, माइक्रोबायोलॉजी, लाइफ साइंसेज एवम रासायनिक शास्त्र के छात्र छात्रों के लिए इंडियन पोटाश लिमिटेड की शुगर यूनिट में भ्रमण का आयोजन किया। जिसको रुद्रा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी की प्राचार्या डॉव उर्मिला मोरल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, इस दौरान महाविद्यालय के निदेशक डॉ. मनोज कुमार शर्मा, एकेडमिक कॉर्डिनेटर संजीत सिंह, चीफ प्रॉक्टर राहुल पोसवाल, प्रवेश अधिकारी सुमित काकरान, साइंस डीन सतेंद्र भाटी, सहायक प्रोफेसर अंसुल रघुवंशी, सदब एवं शिवानी मौजूद रहे। छात्रों को कंपनी में गन्ना आने से लेकर चीनी बनाने तक की प्रक्रिया को दिखाया एवं उसके बारे में विस्तारपूर्वक समझाया। महाविद्यालय की ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर प्रवीन शर्मा ने इंडियन पोटाश लिमिटेड के जनरल मैनेजर दीपेंद्र कुमार खोखर एवं उनकी टीम जिसमें अवधेश कुमार, विजय चौहान एवं चंद्रहास शर्मा का धन्यवाद किया।



## फलावदा पैंठ बाजार का ठेका 7.40 लाख रुपए में छूटा

**मवाना,** 12 मार्च (देशबन्धु)। फलावदा नगर पंचायत के वार्षिक ठेकों की नीलामी में मंगलवार को केवल पैंठ बाजार का ठेका छोड़ा गया। पैंठ बाजार का ठेका 7.40 लाख रुपए में छोड़ा गया। इनके अलावा शहजाद व मजाहिर ने भी बोली लगाई लेकिन वह बोली कम रही। पिछले साल यह ठेका अंकन 5.35 लाख रुपए में छोड़ा गया था। नगर पंचायत कार्यालय में मंगलवार को चेयरमैन अशोक कुमार सैनी की अध्यक्षता में लिपिक फहीम अहमद ने वार्षिक ठेकों की नीलामी में बोली लगाई। सबसे पहले ठेका पैंठ बाजार की बोली लगवाई गई। सर्वाधिक बोली मोहित तोमर ने दी। इस पैंठ का ठेका 7.40 लाख रुपए में मोहित तोमर के नाम छोड़ दिया गया। यह ठेका अगले वित्तीय वर्ष में 13 अप्रैल से शुरु होगा। नीलामी में ठेका पार्किंग, आढ़त फल फूल व सब्जी का भी ठेका छोड़ा जाना था लेकिन ये ठेके नीलाम नहीं हो पाए। सभासद अनुराधा ने कहा है कि ठेके नगर पंचायत की आय के स्रोत है लेकिन कुछ समर्थक ठेके नीलाम करने के खिलाफहै। ठेके नीलाम नहीं करने का दबाव बनाया गया। सभासद पति मोहित तोमर का आरोप है कि चंद लोग नगर पंचायत को आर्थिक नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। चेयरमैन अशोक सैनी ने बताया कि अन्य ठेकों की नीलामी जल्द घोषित करके कराई जाएगी। वहां पर नगर पंचायत के लिपिक फईम अहमद, सोहनवीर सैनी, सभासद, कुसुमलता सभासद, अनुराधा तोमर, सभासद, नईम अनवर कुरैशी सभासद, वकार आलम सभासद, मौ. कादिर, विवेक कुमार सैनी, प्रशान्त खटीक, दीपक कुमार सैनी, हर्षवर्धन, विश्वास विश्नोई, सतबीर, मूसा, साजिद, नौशाद, शहजाद, अकरम, शुऐब, राहत हुसैन, मौ. आरिफ, मजाहिद, विशाल रस्तौगी, विनीत कुमार, मौ. आसिफ, शुऐब अहमद, फैजान, मौ. इरफान समेत कर्मचारी उपस्थित रहे।

- बुधवार व शनिवार पैंठ की नीलामी में पहुंचे ठेकेदार

## लम्बी कूद स्पर्धा में निखिल व अर्पणा रही प्रथम

**मवाना,** 12 मार्च (देशबन्धु)। एएस(पीजी) कालेज मवाना में मंगलवार को अन्तर संकाय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड़ छात्र वर्ग में निखिल शर्मा प्रथम, अहमद हुसैन द्वितीय व हिमांशु तृतीय स्थान पर रहे। 100 मीटर दौड़ छात्रा वर्ग में प्रथम स्थान पर कुमारी अर्पना रानी, द्वितीय स्थान पर कुमारी स्वाति व कुमारी तनिसा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर छात्र वर्ग में शुभम ने प्रथम स्थान, अक्षय कुमार ने द्वितीय स्थान व निखिल शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर छात्रा वर्ग में कुमारी अर्पणा रानी प्रथम स्थान, कुमारी स्वाति ने द्वितीय स्थान व कुमारी अंशिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 800 मीटर दौड़ छात्र वर्ग में निखिल शर्मा ने प्रथम स्थान, सचिन ने द्वितीय स्थान व शुभम यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

एएस पीजी कॉलेज में हुई अन्तर संकाय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता

## मुशायरा व पुरस्कार समारोह का किया गया आयोजन

**मेरठ,** 12 मार्च (देशबन्धु)। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में हरफकार फाउंडेशन, शोभित विश्वविधालय और सीसीएस यूनिवर्सिटी, मेरठ के अंग्रेजी विभाग द्वारा बृहस्पति भवन में मुशायरा और पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि निधि शेखर जो कि एक सामाजिक उद्यमी और शोभित विश्वविद्यालय की ट्रस्टी हैं, ने अपने संबोधन में महिलाओं की साहित्यिक और सामाजिक उपलब्धियों का जिक्र करते हुए शिक्षा और उद्यम के क्षेत्र में महिलाओं के योगदान की प्रशंसा की। प्रोफेसर विकास शर्मा, कवि और उपन्यासकार, ने अध्यक्ष के रूप में समारोह का संचालन किया। आमंत्रित कवयित्रियों पूनम यादव, रेशमा जैदी, पूनम मीरा, रूपम चोपड़ा, हिमांशी बर्बरा, नीलोफर नूर, सना असलम खान, और आकिब साबिर (निजामत) ने विचारोत्तेजक और मन को छू लेने वाली शायरी पेश की। समारोह में शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में उनके असाधारण कार्य के लिए डॉ. ममतेश गुप्ता और प्रोफेसर विदुषी शर्मा को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन डॉ. ताबिश फरीद, कार्यक्रम समन्वयक, और अजहर इकबाल, हरफकार फाउंडेशन के सचिव के नेतृत्व में सुचारु रूप से संपन्न हुआ।



- महिलाओं की साहित्यिक व सामाजिक उपलब्धियों का किया जिक्र

## आयोजन — बैंक ऑफ बड़ौदा ने मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

# नारी शक्ति के त्याग व परिश्रम को किया गया नमन

**मेरठ,** 12 मार्च (देशबन्धु)। मंगलवार को बैंक ऑफ बड़ौदा क्षेत्रीय कार्यालय के सभागार में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरीश कुमार अरोड़ा, क्षेत्रीय प्रमुख, मेरठ क्षेत्र ने की। इस अवसर पर हरीश कुमार अरोड़ा, क्षेत्रीय प्रमुख, मेरठ क्षेत्र ने भी अपने विचारों से सभी महिला स्टाफ कर्मियों का हौसला बढ़ाया तथा नारी शक्ति के त्याग, परिश्रम को नमन किया।

- समाज के लिए बेहतर कार्य करने वाली नारी शक्तियां सम्मानित
- महिला स्टाफकर्मियों का हौसला बढ़ाया

इस अवसर पर अनुज चित्रांश, उप क्षेत्रीय प्रमुख, मेरठ क्षेत्र, क्षेत्रीय कार्यालय, मेरठ तथा मेरठ शहर की शाखाओं से महिला स्टाफ सदस्य तथा अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। साथ ही अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बैंक ऑफ बड़ौदा, क्षेत्रीय कार्यालय, मेरठ के द्वारा समाज के लिए बेहतर कार्य कर रही नारी शक्तियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हरीश कुमार अरोड़ा, क्षेत्रीय प्रमुख ने इंदु सिद्धार्थ, एसपी, सतर्कता कार्यालय, मेरठ, संगीता शुक्ला, कुलपति, चौधरी चरण सिंह, विश्वविद्यालय, मेरठ तथा अंजू तेवतिया, सहायक कमांडेंट, पीएसी 44 बटालियन मेरठ को पुष्पगुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर शाखा स्तर से भी समाज में बेहतर कार्य कर रहे नारी शक्ति यों को भी सम्मानित किया गया। इसी क्रम में बैंक ऑफ बड़ौदा, शास्त्री नगर शाखा के द्वारा सुश्री भारती सिंह, पुलिस उपमहानिरीक्षक दृ पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय, मेरठ को सम्मानित किया गया।

बैंक ऑफ बड़ौदा, सहारनपुर शाखा के द्वारा सहारनपुर पुलिस थाना के महिला पुलिस कर्मियों को शाखा परिसर में सम्मानित किया गया तथा उनका उत्साहवर्धन किया गया। बैंक ऑफ बड़ौदा, गंगानगर शाखा के द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल करने वाली नारी शक्तियों को शाखा परिसर में सम्मानित किया गया तथा उनका उत्साहवर्धन किया गया।



## तेरह दिन व तेरह माह के प्रधानमंत्री बने थे अटल

**स्वामीनाथ शुक्ल**

**अमेठी/लखनऊ,** 12 मार्च (देशबन्धु)। इतिहास के पन्नों में प्रधानमंत्री का सबसे छोटा कार्यकाल अटल बिहारी वाजपेई का था। वाजपेई तीन दफा 13 दिन,13 महीने और 5 साल के प्रधानमंत्री बने थे। पहली बार 13 दिन के कार्यकाल में बहुमत सिद्ध नहीं कर पाए थे। जिससे कुर्सी छोड़नी पड़ी थी। पूर्व प्रधानमंत्री 12 बार सांसद चुने गए थे। इसमें 10 बार लोकसभा सांसद और दो बार राज्यसभा सांसद बने थे। वाजपेई का जन्म 25 दिसंबर 1924 को ग्वालियर मध्य प्रदेश में हुआ था। अटल बिहारी वाजपेई भारतीय जनसंघ और भाजपा की बुनियाद भरने में थे। पूर्व प्रधानमंत्री 1951 में जनसंघ की स्थापना के बाद 1952 का पहला चुनाव लड़ें थे। लेकिन हार गए थे। इसके बाद 1957 में जनसंघ से पहली बार बलरामपुर उत्तर प्रदेश से सांसद चुने गए थे। वाजपेई 12 बार सांसद बने थे। इसमें मध्यप्रदेश के ग्वालियर, विदिशा, गुजरात के गांधीनगर, दिल्ली और उत्तर प्रदेश के बलरामपुर से एक एक बार सांसद बने थे। जबकि सबसे ज्यादा लखनऊ से 5 बाद सांसद चुने गए थे।

देशबन्धु नई दिल्ली, बुधवार, 13 मार्च, 2024, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

### अभिनेत्री तेजस्वी ने मेक्सिको में दिखाई अपनी हॉटनेस, बैकलेस ड्रेस में बिखेरा जलवा

**मुंबई,** 12 मार्च (एजेंसियां)। अभिनेत्री तेजस्वी प्रकाश इन दिनों मेक्सिको में छुट्टियों का आनंद ले रही हैं। उन्होंने अपने प्रशंसकों के लिए प्यूर्टो वालार्टा से अपनी एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें वह बेहद हॉट लग रही हैं। अभिनेत्री के इंस्टाग्राम पर 74 लाख फॉलोअर्स हैं। उन्होंने हॉल्टर नेक वाली बैकलेस शिमरी ड्रेस पहने हुए अपनी आकर्षक तस्वीरें शेयर कीं। उन्होंने अपना मेकअप मिनिमल रखा और बालों को खुला रखा। 'बिग बॉस 15' की विजेता तस्वीरों में समुद्र के किनारे एक बोट पर पोज देती नजर आ रही हैं। तेजस्वी के प्रेमी करण कुंद्रा ने उनके पोस्ट पर लाल दिल वाला इमोजी शेयर किया।

# अब गंगा आरती के लिए हरिद्वार नहीं जाना दिल्ली में यमुना किनारे दिखेगा धार्मिक नजारा

## आरती के लिए डीडीए करा रहा है कुदेशिया घाट का कायाकल्प

■ डॉ. कला अय्यर



**नई दिल्ली,** 12 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली में बहने वाली यमुना नदी के घाटों का इन दिनों कायाकल्प किया जा रहा है। आने वाले दिनों में दिल्ली की यमुना नदी के किनारे बने वासुदेव घाट पर यमुना आरती की जाएगी। इस घाट पर होने वाली आरती के लिए डीडीए की तरफ से कवायद शुरू हो गई है। डीडीए की देखरेख में यमुना के वासुदेव घाट को सुनियोजित तरीके से सजाने - संवारने का काम भी जोरो शोरों से किया जा रहा है। यमुना नदी के घाटों पर हर शनिवार और रविवार को यमुना आरती की जाएगी, बिलकुल वैसे ही जैसे काशी के घाटों पर गंगा आरती हर रोज होती है। बता दें कि इससे पहले भी यमुना आरती की गई है, जो कि 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर दिल्ली के उपराज्यपाल ने यमुना नदी के किनारे वासुदेव घाट पर यमुना आरती की थी। जिस घाट पर यमुना आरती की जाएगी उसका नाम पहले कुदेसिया घाट था, मगर अब इसका नाम बदलकर वासुदेव घाट किया गया है। इस घाट पर यमुना आरती शानदार तरीके से हो सके इसके लिए पर्याप्त इंतजाम भी किए जा रहे है।

वासुदेव घाट कुल 16 हेक्टेयर में फैला हुआ है। इस वासुदेव घाट का कायाकल्प पश्चिमी तट पर वजीराबाद से पुराने रेलवे पुल तक किया जाएगा। ये कायाकल्प डीडीए की खास पहल का हिस्सा है, जिसके जरिए 66 हेक्टेयर घाटों को पुनर्जीवित करने पर जोर दिया जाएगा। इसी बीच दिल्ली में वासुदेव घाट का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। वासुदेव घाट पर हरे लॉन, साइकिल ट्रैक, बारादरी और छतरियों के साथ चारबाग शैली में पैदल चलने की जगह का निर्माण किया जा रहा है। इसके साथ ही इसका जीर्णोद्धार कार्य भी हो रहा है, जो इस महीने के अंत तक पूरा होने वाला है। इसमें वाराणसी में गंगा आरती के समान नियमित यमुना आरती आयोजित करने की योजना है। यमुना आरती सुचारू रूप से हो सके, इसके लिए घाट से गाद हटाने का काम भी जारी है। घाट पर हो रहे काम में ये भी ध्यान दिया जा रहा है कि नदी का पानी नवनिर्मित सीढ़ियों तक पहुंच सके। इससे नियमित रूप से होने वाली आरती में सुविधा हो सकेगी। जीर्णोद्धार पूरा होने के बाद हर शाम आरती आयोजित करने के लिए एक संगठन के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

# ज्यादातर स्वास्थ्य बीमा योजनाएं भारतीय महिलाओं का ध्यान खींचने में नाकाम

**नई दिल्ली,** 12 मार्च (एजेंसियां)। फ्यूचर जनरली इंडिया इंश्योरेंस कंपनी ने यूनोमर द्वारा संचालित एक विशेष सर्वे 'हेल्थ पावर' के निष्कर्षों की घोषणा की। सर्वे में स्वास्थ्य बीमा लेने वाली भारतीय महिलाओं के बारे में बताया गया है। फ्यूचर जनरली इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और सीईओ अनूप राव ने कहा, 'फ्यूचर जनरली में, हम मानते हैं कि भारत में स्वास्थ्य बीमा की क्षमता को उजागर करने की चाबी हर समूह को संबोधित करने के लिए समाधानों को अनुकूलित कर मार्केट का विस्तार करने में निहित है, चाहे वह छोटा ही क्यों न हो।' लेकिन, आज हम यहां भारत में सबसे बड़े अंडर-सर्व ग्रुप को संबोधित करने के लिए हैं। यह किसी भी पैमाने पर भारत का सबसे बड़ा अल्पसंख्यक समूह है। वह समूह महिलाएं हैं! फ्यूचर जनरली में, हम यहां महिलाओं को उनकी जरूरतों के अनुसार अनुकूलित उत्पाद पेश करते हैं। यह उत्पाद महिलाओं द्वारा महिलाओं के लिए कठोर शोध के जरिए डिजाइन किया गया है और हमें इसे मार्केट में लाने पर गर्व है। 'फ्यूचर जनरली ने इस अंतर को पाटने की दिशा में आज अपनी सबसे व्यापक महिला-स्वास्थ्य बीमा योजना के लॉन्च की भी घोषणा की। इसे महिलाओं की अनूठी जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है।



**'फ्यूचर जनरली में, हम मानते हैं कि भारत में स्वास्थ्य बीमा की क्षमता को उजागर करने की चाबी हर समूह को संबोधित करने के लिए समाधानों को अनुकूलित कर मार्केट का विस्तार करने में निहित है, चाहे वह छोटा ही क्यों न हो:**

**अनूप राव, प्रबंध निदेशक और सीईओ फ्यूचर जनरली इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड**

एफजीआईआई 'हेल्थ पावर' का मकसद महिलाओं के जीवन के विभिन्न चरणों में उनकी विभिन्न जरूरतों को ध्यान में रखना है। हेल्थ पावर में महिला कैंसर उपचार, यौवन और मासिक धर्म का बंद हो जाने (रजोनिवृत्ति) से संबंधित विकारों के लिए कवरेज, मानसिक बीमारी को 200 प्रतिशत तक बहाल करने के साथ शारीरिक और मानसिक कल्याण पर ओपीडी का ध्यान, बांझपन उपचार, ओसाइट क्रायोप्रिजर्वेशन के लिए कवरेज, स्टेम सेल स्टोरेज, नवजात दोष के लिए एकमुश्त लाभ, नर्सिंग देखभाल, हड्डियों को मजबूत करने वाले इंजेक्शन, जोड़ों के इंजेक्शन, प्रसवपूर्व कवर के समावेश के साथ उन्नत मातृत्व लाभ और भी बहुत कुछ शामिल हैं। इसके अलावा, पॉलिसी में वार्षिक स्वास्थ्य जांच, देखभाल पैकेज, फिटनेस, आहार और पोषण, स्पा कल्याण, स्त्री रोग संबंधी परामर्श, योग और अन्य व्यापक स्वास्थ्य देखभाल योजनाएं शामिल हैं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे भारत की रिपोर्ट से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, भारत में महिलाएं देश की आबादी का लगभग आधा हिस्सा हैं।

15-49 आयु वर्ग की एक तिहाई से भी कम को 2019-2021 के बीच स्वास्थ्य बीमा के तहत कवर किया गया था। फ्यूचर जनरली इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के बारे में जानें फ्यूचर जनरली इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, 74 प्रतिशत बहुमत हिस्सेदारी के साथ 190 साल पुराने विरासत वाले विश्व बीमा व्यवसाय जनरली ग्रुप और फ्यूचर ग्रुप के बीच एक संयुक्त उद्यम है। कंपनी की स्थापना 2006 में व्यक्तियों और कॉरपोरेट्स को जोखिमों को प्रबंधित करने और कम करने में मदद करने के लिए खुदरा, वाणिज्यिक, व्यक्तिगत और ग्रामीण बीमा समाधान प्रदान करने के लिए की गई थी।

## वेस्टर्न और एथनिक के फ्यूजन लुक में नजर आई एक्ट्रेस हुमा कुरैशी

**मुंबई,** 12 मार्च (एजेंसियां)। पॉलिटिकल वेब सीरीज 'महारानी' से दर्शकों के दिलों में जगह बनाने वाली एक्ट्रेस हुमा कुरैशी ने अपने फैंस के लिए एक फोटो शेयर की है जिसमें उन्हें वेस्टर्न और एथनिक लुक के फ्यूजन ड्रेस में देखा जा सकता है। हुमा 'मैडनेस मचाएंगे-इंडिया को हंसाएंगे' में एक कॉमेडी चैंपियन की भूमिका भी निभा रही हैं। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर अपनी एक खूबसूरत तस्वीर शेयर की, जिसमें उन्हें वेस्टर्न और एथनिक आउटफिट में देखा जा सकता है। तस्वीरों में हुमा ने नारंगी रंग का टैंक टॉप, नीली फिटेड डेनिम और नारंगी और लाल रंग का लंबा श्रग पहना हुआ है। मेकअप के लिए उन्होंने पिंक लिपस्टिक, और अपने गालों को रेड ब्लश से हाईलाइट किया। उन?होंने आपने बालों को पोनीटेल में बांधा। एक्ट्रेस ने ऑक्सीडाइज़्ड सिल्वर ज्वैलरी और लाल हील्स के साथ अपने आउटफिट को पूरा किया। 'महारानी' सीजन तीन में अमित सियाल, विनीत कुमार, प्रमोद पाठक, कानी कुसरुति, अनुजा साठे, सुशील पांडे, दिब्येंदु भट्टाचार्य भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। यह 7 मार्च से सोनी लिव पर प्रसारित हो रही है। हुमा अगली बार फिल्म 'पूजा मेरी जान' में नजर आएंगी।



## फैशन इंडस्ट्री में नीता लुल्ला ने पूरे किए 40 साल, कहा-आसान नहीं रही यात्रा

**नई दिल्ली,** 12 मार्च (एजेंसियां)। फैशन की दुनिया के सबसे प्रसिद्ध नामों में से एक नीता लुल्ला ने फैशन इंडस्ट्री में अपने 40 साल पूरे कर लिए हैं। नीता ने कहा कि यहां तक पहुंचने के लिए उन्होंने बड़ा संघर्ष किया है। फैशन इंडस्ट्री में अपने 40 साल के अनुभव के बारे में बात करते हुए नीता लुल्ला ने बताया, 'इंडस्ट्री में 40 साल का सफर आसान नहीं रहा, यह काफी संघर्षपूर्ण रहा है। एक फैशन डिजाइनर होने के अलावा मैं एक कॉस्ट्यूम डिजाइनर, एक गृहिणी और एक मां भी हूं। इन भूमिकाओं को निभाना और एक भूमिका से दूसरी भूमिका में सहजता से बदलाव करना काफी कठिन काम था।' 1985 से शादी के कपड़े डिजाइन करने वाली नीता ने 300 से अधिक फिल्मों में अपना सहयोग दिया है। लुल्ला ने कहा, 'मेरे लिए मेरा कार्यस्थल शुरुआत में मेरा घर था। लेकिन बाद में यह मेरे घर के नजदीक हो गया, इस चीज का मुझे फायदा मिला। इससे मुझे दोनों भूमिकाएं निभाने में आसानी हुई।' डिजाइनर को 2009 में 'जोधा अकबर' और 2012 में मराठी भाषा की फिल्म 'बालगंधर्व' के लिए सर्वश्रेष्ठ कॉस्ट्यूम डिजाइनर राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उन्होंने इस फैशन इंडस्ट्री में एक महिला डिजाइनर होने के बारे में बात की। लुल्ला ने कहा, 'हमारी इंडस्ट्री में लैंगिक समावेशिता हमेशा एक आदर्श रही है।' जब मैंने काम करना शुरू किया तो इंडस्ट्री में पहले से ही कई दिग्गज काम कर रहे थे। फिल्मों में ज्यादातर काम करने वाली कॉस्ट्यूम डिजाइनर महिलाएं ही थी। लुल्ला ने कहा, अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन के मेहंदी समारोह के लिए एक अविस्मरणीय मोती-जड़ित लहंगा एक पुरुष डिजाइनर ने डिजाइन किया था।' उन्होंने कहा, 'आज पुरुष डिजाइनर महिलाओं के लिए और महिला डिजाइनर पुरुषों के लिए कपड़े डिजाइन करती हैं। यह पहले से ही इस इंडस्ट्री में काफी सामान्य रहा है। एक फैशन स्टाइलिस्ट और एक कॉस्ट्यूम डिजाइनर के रूप में लुल्ला पिछले 40 वर्षों के दौरान श्रीदेवी, जूही चावला, करीना कपूर खान, शिल्पा शेट्टी, दीपिका पादुकोण, प्रियंका चोपड़ा जोनस, रजनीकांत सहित प्रमुख बॉलीवुड हस्तियों के लिए कपड़े डिजाइन कर चुकी हैं। भारतीय फिल्म उद्योग के साथ काम करने को लेकर लुल ?ला ने कहा, भारतीय फिल्म उद्योग के साथ काम करना एक खूबसूरत यात्रा रही है। यह वर्ष फैशन इंडस्ट्री में मेरा 40वां वर्ष है और 2026 में फिल्मों में मेरा 40वां वर्ष होगा। यह यात्रा कई आनंदमय यात्राओं और चुनौतियों से भरी है, लेकिन अगर मुझे यह सब दोबारा करना पड़ा तो मैं इसे खुशी-खुशी करूंगी।



**'आज पुरुष डिजाइनर महिलाओं के लिए और महिला डिजाइनर पुरुषों के लिए कपड़े डिजाइन करती हैं। यह पहले से ही इस इंडस्ट्री में काफी सामान्य रहा है :नीता लुल्ला**

## 2023 में 80 लाख हेक्टेयर से अधिक हुआ चीन का राष्ट्रीय हरित क्षेत्र



**बीजिंग,** 12 मार्च (एजेंसियां)। चीन के 46वें वृक्षारोपण दिवस के अवसर पर चीनी राष्ट्रीय हरित समिति कार्यालय ने मंगलवार को 2023 में चीन की भूमि हरित स्थिति पर विज्ञप्ति जारी की। इसके अनुसार चीन ने पूरे वर्ष में 39 लाख 98 हजार हेक्टेयर में वनीकरण पूरा किया और भूमि हरित क्षेत्र 80 लाख हेक्टेयर से अधिक हो गया। इसके अलावा 19 लाख 5 हजार हेक्टेयर मरुस्थलीकृत भूमि को नियंत्रित किया गया। विज्ञप्ति के अनुसार, 2023 में सभी लोगों के लिए अनिवार्य वृक्षारोपण को और बढ़ावा दिया गया, ऑनलाइन और ऑफलाइन गतिविधियां तेज़ी से बढ़ रही हैं। एक वर्ष में भूमि हरितीकरण की कार्यवाही ठोस रूप से की गई है और शहरी और ग्रामीण हरियाली और सौंदर्यीकरण को समन्वित तरीके से बढ़ावा दिया गया। इसके अलावा विज्ञप्ति के अनुसार 2023 में, वन और घास उद्योग स्वस्थ रूप से विकसित हुआ। राष्ट्रीय वानिकी और घास उद्योग का कुल उत्पादन मूल्य 92 खरब 80 अरब युआन तक पहुंच गया, जिसमें वर्ष 2022 से 2.3त्न की वृद्धि हुई।

## शाही अंदाज में निकली मंडी महाशिवरात्रि महोत्सव की मध्य जलेब

**शिमला,** 12 मार्च (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश में छोटी काशी में चल रहे अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव की मध्य जलेब मंगलवार को मंडी जिले में शाही शान के साथ निकाली गई। इसमें बतौर मुख्यातिथि स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धनीराम शांडिल ने जलेब में शामिल होने से पहले राजदेवता माधोराय मंदिर में पूजा-अर्चना की। देव ध्वनियों के साथ राजदेवता माधोराय के मंदिर से शुरू हुई जलेब पड्डल मैदान में पूरी हुई। स्वास्थ्य मंत्री डीसी कार्यालय से लेकर सेरी मंच तक पैदल और उसके बाद पड्डल मैदान तक दर्जनों देवी-देवताओं के साथ शामिल हुए। शोभायात्रा के दौरान वाद्य यंत्रों से निकलने वाली देव ध्वनियों से पूरा शहर गुंजायमान रहा। जलेब में हजारों लोग देव परंपरा के गवाह बने। इस जलेब में भी परंपरा के अनुसार 21 देवी-देवता माधोराय की पालकी के आगे और छह देवी-देवता पालकी से पीछे चलते हैं। जलेब में देव धुनों पर देवताओं संग देवलुओं ने भी खूब नृत्य किया।



इस जलेब में अव्यवस्था के चलते लोग हैरान हुए। क्योंकि यह जलेब दो हिस्सों में बंट गई।

# एक्स कॉर्प ने भारत में 5 लाख से ज्यादा अकाउंट बैन किए

**नई दिल्ली,** 12 मार्च (एजेंसियां)। एलन मस्क की एक्स कॉर्प ने 26 जनवरी से 25 फरवरी के बीच भारत में रिकॉर्ड 5,06,173 अकाउंट बैन कर दिए हैं। मस्क के माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म के अनुसार, ज्यादातर भारतीय यूजर्स के अकाउंट पर बाल यौन शोषण और नग्नता वाले पोस्ट पाए जाने की वजह से कार्रवाई की गई है। इसके अलावा, आतंकवाद से संबंधित पोस्ट की वजह से 1,982 अकाउंट को बैन किया गया है। कुल मिलाकर एक्स ने देश में रिपोर्टिंग अवधि में 5,08,155 अकाउंट पर बैन लगा दिया। एक्स ने अपनी मासिक रिपोर्ट में बताया कि इस दौरान कुल 14,421 शिकायतें प्राप्त हुईं। ये शिकायतें भारतीय यूजर्स ने आईटी रूल 2021 के तहत बनाए गए ग्रीवांस रिड्रेसल मैकेनिज्म के तहत मिलीं। इसके अलावा एक्स ने अकाउंट सस्पेंशन वाले 41 शिकायतों पर सुनवाई की है। कंपनी ने कहा कि इनमें से 1 अकाउंट पर लगे बैन को हटाया गया, जबकि शेष अकाउंट बैन रहेंगे। कंपनी ने कहा कि हमें इस रिपोर्टिंग अवधि के दौरान अकाउंट्स के बारे में सामान्य सवालों से संबंधित 71 अनुरोध मिले। भारत से ज्यादातर शिकायतें (7,510) बैन बारे में थीं। इसके बाद आत्महत्या या खुद को नुकसान पहुंचाने वाली 3,785 शिकायतें, हेट स्पीच को लेकर 1,395, और दुर्व्यवहार/उत्पीड़न को बढ़ावा देने को लेकर 746 शिकायतें मिलीं थीं। 26 दिसंबर से 25 जनवरी के बीच एक्स ने भारत में 2,31,215 अकाउंट पर बैन लगा दिया। माइक्रो-ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म ने प्लेटफॉर्म पर आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए 1,945 अकाउंट को भी हटा दिया।



# ट्यूलिप गार्डन है अब पहचान कश्मीर की, इस माह के अंत में लाखों ट्यूलिप महकाएंगें कश्मीर को

**जम्मू,** 12 मार्च (देशबन्धु)। इस महीने के आखिर में खुलने जा रहा ट्यूलिप गार्डन का इतिहास मात्र 17 साल पुराना है। मात्र 17 साल में ही यह उद्यान अपनी पहचान को कश्मीर के साथ यूं जोड़ लेगा कोई सोच भी नहीं सकता था। डल झील के सामने के इलाके में सिराजबाग में बने ट्यूलिप गार्डन में ट्यूलिप की 73 से अधिक किस्में अगले सप्ताह से आने-जाने वालों को अपनी ओर आकर्षित करने वाली हैं।

कहा जाता है कि 1947 से पहले सिराजद्दीन नामक एक व्यक्ति घाटी का मशहूर फल उत्पादक था। उसके पास 650 कनाल से ज्यादा जमीन पर फैला फलों का एक बाग था, जिसमें वह सेब, अखरोट, खुबानी और बादाम का उत्पादन किया करता था। ये बाग जब्रवान पहाड़ियों के दामन में स्थित था (जहां आजकल बाटोनिकल गार्डन और ट्यूलिप गार्डन है)। इस बाग का नाम उसके नाम से ही मशहूर था।



जब्रवान पहाड़ियों की तलहटी में स्थित ट्यूलिप गार्डन में खिलने वाले सफेद, पीले, नीले, लाल और गुलाबी रंग के ट्यूलिप के फूल आज नीदरलैंड में खिलने वाले फूलों का मुकाबला करते रहे हैं। फूल प्रेमियों के लिए ये नीदरलैंड का ही माहौल कश्मीर में इसलिए पैदा करते रहे हैं क्योंकि भारत भर में सिर्फ कश्मीर ही एकमात्र ऐसा स्थान है जहां पर मार्च से लेकर मई के अंत तक तीन महीनों के दौरान ये अपनी छटा बिखेरते हैं। रोचक बात यह है कि पिछले साल ट्यूलिप गार्डन के आकर्षण में बंध कर आने वालों की भीड़ से चकित होकर कश्मीर के किसानों ने भी अब ट्यूलिप के फूलों की खेती में हाथ डाल लिया है। वे इस कोशिश में कामयाब भी हो रहे हैं कि जिन केसर क्यारियों में बारूद की गंध कई सालों से महक रही हो वहां अब ट्यूलिप की खुशबू भी हो चाहे वह कम अवधि के लिए ही क्यों न हो।

जानकारी के लिए सिराजबाग हरवान-शालीमार और निशात चश्माशाही के बीच की जमीन पर पहले यह करीब 700 कनाल एरिया में फैला हुआ था। फिर तीसरे चरण में इसे 1360 और 460 कनाल भूमि और साथ में जोड़ दिया गया। शुरू-शुरू में इसे शिराजी बाग के नाम से पुकारा जाता था। असल में महाराजा के समय उद्यान विभाग के मुखिया के नाम पर ही इसका नामकरण किया गया था। पर अब यह शिराज बाग के स्थान पर ट्यूलिप गार्डन के नाम से अधिक जाना जाने लगा है।

पास ही रहने वाले एक 70 वर्षीय बुजुर्ग अहमद गनेई ने उन दिनों को याद करते हुए बताया कि हम इस बाग को सिराज बाग के नाम से जानते थे। जहां पर हर तरफ सेब, अखरोट, बादाम और खुबानी के पेड़ फैले हुए थे। इस बाग की देखरेख खुद मलिक सिराजद्दीन को बरसे में मिली थी। कहा जाता है कि 1947 में भारत-पाक विभाजन के दौरान मलिक सिराजद्दीन अपनी सारी संपत्ति को छोड़ परिवार सहित पाकिस्तान चला गया। उसके चले जाने के बाद स्थानीय लोगों ने इस बाग पर कब्जा कर लिया और तकरीबन 13 वर्षों तक उनके कब्जे में रहने के बाद 1960 में कश्मीर के तत्कालीन मुख्यमंत्री गुलाम मुहम्मद सादिक ने इस बाग को अपने कब्जे में ले लिया।

## अपने बेटे गुरिक के साथ योग करती नजर आई एक्ट्रेस नेहा धूपिया



**मुंबई,** 12 मार्च (एजेंसियां)। एक्ट्रेस नेहा धूपिया ने इंस्टाग्राम पर अपने वर्कआउट सेशन की झलक शेयर की है जिसमें उनके 'पसंदीदा योग मित्र' उनके बेटे गुरिक की झलक देखी जा सकती है। नेहा को पिछली बार 2022 की विजिलेंट थ्रिलर फिल्म 'ए थर्सडे' में देखा गया था। उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ फोटोज शेयर की, जिसमें उन्हें अपने घर में योग करते हुए देखा जा सकता है। पूर्व मिस इंडिया को हरे रंग की योगा शॉर्ट्स और ग्रे रंग का स्पोर्ट्स टॉप पहने हुए देखा जा सकता है। तस्वीरों में उनके बेटे गुरिक को अपनी मां की तरह ही योग मुद्रा करते हुए दिखाया गया है। पोस्ट में नेहा ने अपने चैट शो 'नो फिल्टर नेहा सीजन 6' में करीना की उपस्थिति के बारे में बात की। अभिनेत्री रसिका दुग्गल ने टिप्पणी अनुभाग में लाल दिल वाला इमोजी दिया। नेहा ने एक्टर अंगद बेदी से शादी की है। इस जोड़े की मेहर नाम की एक बेटी भी है।

# [ अर्थ जगत ]

**सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| एचडीएफसी बैंक | 2.30 प्रतिशत |
| टीसीएस | 1.69 प्रतिशत |
| मारुति | 0.92 प्रतिशत |
| इंफ़ोसिस | 0.80 प्रतिशत |
| रिलायंस | 0.65 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| एसबीआई | 1.82 प्रतिशत |
| जेएसडब्ल्यू स्टील | 1.47 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 1.11 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 0.85 प्रतिशत |
| विप्रो | 0.73 प्रतिशत |

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2750-2850 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**शुगर**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3590-3690 |
| चीनी एम | 4150-4250 |
| मिल डिलीवरी | 3470-3570 |
| गुड़ | 4600-4700 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 5500-5600 |
| दाल चना | 6500-6600 |
| मसूर काली | 7350-7450 |
| उड़द दाल | 10000-10100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 12500-12600 |



## पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज यथावत रहे। जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

# बड़े पैमाने पर मिल रहा लोगों को जन औषधि केंद्र का फायदा : डॉ मनसुख मंडाविया

- 2014 से पहले 80 जन औषधि केंद्र थे
- वर्तमान में इनकी संख्या 11 हजार हो गई

**नई दिल्ली**, 12 मार्च (वार्ता) प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना के तहत फार्मास्यूटिकल्स एंड मेडिकल डिवाइसेज ब्यूरो ऑफ इंडिया (पीएमबीआई) ने जनऔषधि केन्द्रों को कार्यशील पूंजी उपलब्ध कराने और अगले दो वर्षों में खुलने वाले 15 हजार नए केन्द्रों को शुरू करने के लिए आवश्यक पूंजी के साथ ही कार्यशील पूंजी उपलब्ध कराने के लिए भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) के साथ मिलकर क्रेडिट सहायता कार्यक्रम शुरू करने की मंगलवार को घोषणा की।



केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मंडाविया ने यहां जन औषधि केंद्रों के लिए इस ऋण सहायता कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उनकी मौजूदगी में सिडबी और पीएमबीआई के बीच समझौता ज्ञापन आदान-प्रदान किया गया। उन्होंने जन औषधि केंद्रों को ऋण सहायता के लिए एक वेबसाइट भी लॉन्च की। इस मौके पर उन्होंने सिडबी द्वारा कार्यशील पूंजी प्राप्त राजधानी के पूर्वी दिल्ली के मयूर विहार में जनऔषधि केन्द्र का संचालन करने वाली श्रीमती संगीता राज को प्रशंसा प्रमाण पत्र से सम्मानित किया। इसके साथ ही उन्होंने इस ऋण सहायता कार्यक्रम को सफल बनाने में शामिल व्यक्तियों को भी सम्मानित किया।

> किफायती व सुलभ दवाई किसी भी समाज की जरूरत होती है प्रतिदिन 10 से 12 लाख लोग जाते है जन औषधि केंद्र : डॉ मनसुख मंडाविया

इस मौके पर डॉ मंडाविया ने कहा कि जो दवाएं सस्ती और सुलभ हैं, वे किसी भी समाज के लिए एक अनिवार्य आवश्यकता हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इन्हें गरीबों के लिए संजीवनी बताया है। 2014 में केवल 80 जन औषधि केंद्रों से, आज देश भर में लगभग 11,000 इकाइयां संचालित हो रही हैं। उन्होंने कहा अनुमान है कि लगभग 10 से 12 लाख लोग हर दिन इन जन औषधि केंद्रों पर आते हैं, जिससे उन्हें महत्वपूर्ण बचत और आवश्यक दवाओं तक पहुंच मिलती है।

इस मौके पर पीएमबीआई के सीईओ रवि दाधीच और सिडबी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक शिवसुब्रमण्यम रमन के साथ ही पीएमबीआई एवं सिडबी के अधिकारियों के अलावा वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग और रसायन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। जन औषधि केंद्र चलाने वाले उद्यमियों को चालान-आधारित वित्तपोषण की सुविधा प्रदान करने और उन्हें स्टोर की ढांचागत स्थापना के लिए सहायता प्रदान करने के लिए सिडबी और पीएमबीआई ने आज दो समझौते किए। जन औषधि केंद्रों को कार्यशील पूंजी सहायता प्रदान करने के लिए एक पायलट क्रेडिट कार्यक्रम के सफल समापन के बाद लगभग 11,000 मौजूदा और प्रस्तावित 15,000 जन औषधि केंद्रों को कार्यशील पूंजी की ऋण सुविधा प्रदान करने के लिए आगे बढ़ने का निर्णय लिया गया है।

# वित्त मंत्री ने की विभिन्न क्षेत्रों के हितधारकों के साथ चर्चा

- सुझावों को वित्त मंत्री प्रधानमंत्री के साथ साझा करेंगी
- विकास में तेजी लाने के लिए सुझाव मांगना था उद्देश्य



**नई दिल्ली**, 12 मार्च (एजेंसियां)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वर्ष 20247 तक विकसित भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण पर विभिन्न क्षेत्रों के हितधारकों के साथ विचार विमर्श किया।

इस विचार विमर्श के दौरान मिले सुझावों को वित्त मंत्री प्रधानमंत्री के साथ साझा करेंगी। चर्चा में विभिन्न उद्योगों, स्टार्ट-अप, उभरते और उभरते क्षेत्रों, फिनटेक, बुनियादी ढांचे, बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं, सामाजिक क्षेत्र, शिक्षा और थिंक टैंक के विशेषज्ञ शामिल थे। इस दौरान मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन भी उपस्थित थे।

इस बातचीत का उद्देश्य भारत की क्षमता को उजागर करने के लिए एक गहरी, सहयोगात्मक बातचीत को बढ़ावा देना और भारत के विकास पथ में तेजी लाने के लिए सुझाव मांगना था।

कुछ विषय जिन पर श्रीमती सीतारमण ने प्रतिभागियों के साथ विचार-विमर्श किया उनमें बैंकिंग और बीमा क्षेत्रों को बढ़ावा देने के लिए डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे का लाभ उठाना, जीवनयापन में सुगमता को बढ़ावा देने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग, समावेशी विकास और सामाजिक-आर्थिक विकास, आत्मनिर्भर भारत के लिए लक्ष्य प्राप्त करना, हरित एवं सतत विकास आदि विषय शामिल थे।

> विभिन्न उद्योगों, स्टार्ट-अप, उभरते क्षेत्रों, फिनटेक, बुनियादी ढांचे, बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं, सामाजिक क्षेत्र, शिक्षा और थिंक टैंक के विशेषज्ञ शामिल थे : : निर्मला सीतारमण

# खाद्य तेल सहित सभी जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली**, 12 मार्च (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में आई गिरावट के प्रभाव से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मार्च का पाम ऑयल वायदा तीन रिंगिट फिसलकर 4205 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.29 सेंट की गिरावट के साथ 46.35 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। इस दौरान सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले स्तर पर टिके रहे। **दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, अरहर दाल और उड़द दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़ी रही।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

# केंद्र ने आंध्र प्रदेश में राजमार्ग परियोजनाओं के लिए 1,347 करोड़ रुपए को दी मंजूरी

**नई दिल्ली**, 12 मार्च (एजेंसियां)। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि तमिलनाडु से आंध्र प्रदेश की पुत्तूर सीमा तक राष्ट्रीय राजमार्ग-716 खंड को 4-लेन करने के लिए 1,346.81 करोड़ रुपए की मंजूरी दी गई है। आंध्र प्रदेश में 20 किमी की इस परियोजना में सड़क को 4-लेन में अपग्रेड किया जाएगा।



इसके अलावा चित्तौड़ और तिरूपति जिलों में एनएच-71 पर मल्लावरम जंक्शन से रेनिगुंटा जंक्शन (17.40 किमी) तक 4-लेन को 6-लेन में बदला जाएगा।ज्ज

> इस सड़क के विकास से तिरुथानी व तिरुपति को जोड़ने में सहूलियत होगी : नितिन गडकरी

मंत्री ने कहा कि इस सड़क के विकास से तिरुथानी और तिरुपति को जोड़ने में सहूलियत होगी।

## जम्मू-कश्मीर के शोपियां बाईपास के लिए 224 करोड़ रुपए की मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर में राष्ट्रीय राजमार्ग-444 पर शोपियां बाईपास के निर्माण के लिए 224.44 करोड़ रुपए मंजूर करने की घोषणा की। मंत्री ने कहा कि यह परियोजना रणनीतिक महत्व भी रखती है, क्योंकि यह शोपियां जिले को एक तरफ पुलवामा और दूसरी तरफ जम्मू-कश्मीर के कुलगाम से जोड़ती है। इसके बन जाने से घाटी का सेब का कटोरा कहे जाने वाले शोपियां जिले के सेब उत्पादकों को अपने माल को बाजारों तक तेजी से पहुंचाने की सुविधा होगी।

## सार संक्षेप

### जनवरी में औद्योगिक उत्पादन 3.8 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली।** अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर भारत के लिए एक बड़ी खबर आई है। साल 2024 के पहले महीने यानी जनवरी में भारत का औद्योगिक उत्पादन पिछले साल के मुकाबले 2 फीसदी घटकर 3.8 फीसदी हो गया है। हालांकि मासिक आधार पर देखा जाए तो दिसंबर 2023 के मुकाबले इसमें कोई बदलाव नहीं आया है। दिसंबर 2023 में भी यह 3.8 फीसदी पर ही था। गौरतलब है कि पिछले साल की समान अवधि यानी जनवरी 2023 में यह 5.8 फीसदी था। पिछले साल के मुकाबले मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में भी गिरावट आई है। पिछले साल जनवरी में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर का ऑउटपुट 4.5 फीसदी था, जो जनवरी 2024 में घटकर 3.2 फीसदी हो गया है। मासिक आधार पर देखें तो दिसंबर 2023 में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर का उत्पादन 3.9 फीसदी बढ़ा था। इस लिहाज से मैन्युफैक्चरिंग में मासिक आधार पर बढ़ोतरी देखी गई है।

### कई देश भारत से रुपए में कारोबार करने को इच्छुक

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश, श्रीलंका और खाड़ी क्षेत्र के देशों सहित कई विकसित और विकासशील देशों ने रुपए में व्यापार करने की इच्छा जताई है। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत के साथ साझेदारी से कारोबार के लिए लेनदेन की लागत घटेगी। उन्होंने भरोसा जताया कि यह कदम भारत के अंतरराष्ट्रीय व्यापार की दिशा में एक बड़ा बदलाव होने जा रहा है। उन्होंने बताया, 'बांग्लादेश, श्रीलंका पहले ही हमसे बात कर रहे हैं और वे चाहते हैं कि हम इसे तुरंत शुरू करें। खाड़ी क्षेत्र के दूसरे देश भी इस पर विचार कर रहे हैं। मुझे लगता है कि समय के साथ लोगों को इसका फायदा पता चलेगा।' गोयल ने कहा कि इस पहल में विकसित देश और सुदूर पूर्व के देश भी शामिल हो रहे हैं। मंत्री ने कहा कि धीरे-धीरे देशों को यह एहसास हो रहा है कि घरेलू मुद्रा में व्यापार करने के कई फायदे हैं। इसलिए कई देश अब अपनी स्थानीय मुद्रा और रुपए के बीच सीधा लेनदेन शुरू करना चाहेंगे।

### मानसिक तनाव से जूझ रहे कैब ड्राइवर

**नई दिल्ली।** काम के अधिक घंटे और कम कमाई के कारण देश के गिग कामगारों को घर चलाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा उनके लिए प्लेटफॉर्म पर अपनी आईडी निष्क्रिय होने अथवा रद्द होने का खतरा भी रहता है। साथ ही वे मानसिक तनाव से भी गुजरते हैं। काम के अधिक घंटे और कम कमाई के कारण देश के गिग कामगारों को घर चलाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा उनके लिए प्लेटफॉर्म पर अपनी आईडी निष्क्रिय होने अथवा रद्द होने का खतरा भी रहता है। साथ ही वे मानसिक तनाव से भी गुजरते हैं। यह जानकारी इंडियन फेडरेशन ऑफ ऐप-बेस्ड ट्रांसपोर्ट वर्कर्स के सहयोग से पेंसिल्वेनिया विश्वविद्यालय द्वारा तैयार की गई सर्वेक्षण रिपोर्ट से मिली है।

# दिग्गज कंपनियों में लिवाली की बदौलत बाजार में तेजी

- सेंसेक्स 165.32 अंक की तेजी लेकर 73,667.96 पर
- निफ्टी 3.05 अंक की बढ़त के साथ 22,335.70 पर बंद

**मुंबई**, 12 मार्च (एजेंसियां)। फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों में कटौती शुरू करने की अवधि का निर्धारण करने में अहम स्थान रखने वाले अमेरिका के महंगाई आंकड़ों के जारी होने से पहले विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर एचडीएफसी बैंक, मारुति, रिलायंस और महिंद्रा जैसी दिग्गज कंपनियों में हुई लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार पिछले दिवस की भारी गिरावट से उबर गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 165.32 अंक की तेजी लेकर 73,667.96 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 3.05 अंक की मामूली बढ़त के साथ 22,335.70 अंक पर रहा। हालांकि दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में हुई भारी बिकवाली से शेयर बाजार पर दबाव रहा। बीएसई का मिडकैप 1.31 प्रतिशत लुढ़ककर 39,237.90 अंक और स्मॉलकैप 2.11 प्रतिशत का गोता लगाकर 42,831.29 अंक रह गया।

**बीएसई सेंसेक्स 12 मार्च 2024**

**अधिकतम उछाल**

खुला 73,516.42

बंद 73,667.96

पिछला बंद 73,502.64

बदलाव: 165.32 (0.22%)

| | अंतिम भाव ₹ में | % बदलाव |
|---|---|---|
| एचडीएफसी बैंक | 1,459.90 | 2.30 |
| टीसीएस | 4,191.35 | 1.69 |
| मारुति सुजुकी | 11,497.65 | 0.92 |
| इंफोसिस | 1,612.20 | 0.80 |
| रिलायंस | 2,950.20 | 0.65 |
| भारती एयरटेल | 1,204.40 | 0.61 |
| टेक महिंद्रा | 1,292.00 | 0.18 |
| एम एंड एम | 1,893.50 | 0.15 |

KBK Infographics

इस दौरान बीएसई में कुल 3967 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 3224 में गिरावट जबकि 669 में तेजी रही वहीं 74 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 37 कंपनियों में बिकवाली जबकि शेष 13 में लिवाली हुई।

बीएसई में आईटी और टेक समूह की 0.61 प्रतिशत तक की बढ़त को छोड़कर अन्य 18 समूहों पर बिकवाली का दबाव रहा। इससे कमोडिटीज 1.73, एफएमसीजी 1.05, हेल्थकेयर 1.16, इंडस्ट्रियल्स 1.74, यूटिलिटीज 1.59, कैपिटल गुड्स 1.32, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.95, धातु 1.34, पावर 1.42, रियल्टी 3.53 और सर्विसेज़ समूह के शेयर 1.70 प्रतिशत कमजोर रहे।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीसीए 0.98, जर्मनी का डैक्स 0.28 और हांगकांग का हैंगसेंग 3.05 प्रतिशत मजबूत रहा। वहीं, जापान का निक्केई 0.06 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 0.41 प्रतिशत फिसल गया।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 14 अंक बढ़कर 73,516.42 अंक पर खुला और लिवाली की बदौलत थोड़ी देर बाद 74,004.16 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली के दबाव में दोपहर से पहले यह 73,342.12 अंक के निचले स्तर पर आ गया। अंत में पिछले दिवस के 73,502.64 अंक के मुकाबले 0.22 प्रतिशत मजबूत होकर 73,667.96 अंक हो गया।

निफ्टी मामूली बढ़त के साथ 22,334.45 अंक पर सपाट खुला और सत्र के दौरान 22,452.55 अंक के उच्चतम जबकि 22,256.00 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 22,332.65 अंक की तुलना में 0.01 प्रतिशत बढ़कर 22,335.70 अंक पर रहा।

# फरवरी में भारत की खुदरा मुद्रास्फीति चार महीने के निचले स्तर पर

**नई दिल्ली**, 12 मार्च (एजेंसियां)। भारत की खुदरा मुद्रास्फीति फरवरी महीने में चार महीने के निचले स्तर 5.09 प्रतिशत पर आ गई, जिससे घरेलू बजट में कुछ राहत मिली है। मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों से पता चला कि जनवरी में खुदरा मुद्रास्फीति थोड़ी अधिक यानी 5.1 प्रतिशत थी।

फरवरी के दौरान खाना पकाने के लिए तेल की कीमतों में भारी गिरावट आई और यह 11.67 प्रतिशत तक कम हो गई। मसालों की कीमत में वृद्धि धीमी होकर 13.28 प्रतिशत रह गई, जो जनवरी में 16.36 प्रतिशत थी।

हालांकि, आंकड़ों से पता चलता है कि जनवरी में सब्जियों की कीमतें 31.38 प्रतिशत तक बढ़ गईं। जहां तक दालों का सवाल है, कोई राहत नहीं मिली। वे 20.47 प्रतिशत महंगी हो गईं, जबकि अनाज की कीमतें 7.83 प्रतिशत बढ़ गईं।

मुद्रास्फीति अब आरबीआई के 2-6 प्रतिशत टारगेट के 4 प्रतिशत से ऊपर है। यही कारण है कि आरबीआई आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए ब्याज दरों में कटौती नहीं कर रहा है।



- मुद्रास्फीति अब आरबीआई के 2-6 प्रतिशत टारगेट के चार प्रतिशत से ऊपर

आरबीआई स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए मुद्रास्फीति को नियंत्रण में रखना चाहता है। उसने अपनी मौद्रिक नीति समीक्षा में लगातार छह बार रेपो रेट को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। नवीनतम मुद्रास्फीति डेटा आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की 3-5 अप्रैल को फिर से होने वाली बैठक से कुछ हफ्ते पहले आया है।

# आईकू ने भारत में जेड सीरीज का नया स्मार्टफोन किया लॉन्च

**नई दिल्ली**, 12 मार्च (एजेंसियां)। ग्लोबल स्मार्टफोन ब्रांड आईक्यूओओ (आईकू) ने मंगलवार को भारत में जेड सीरीज का अपना नया दमदार स्मार्टफोन जेड9 लॉन्च किया।




स्मार्टफोन ब्रश्ड ग्रीन और ग्राफीन ब्लू कलर में उपलब्ध हैं।

- अमेजन प्राइम ग्राहकों के लिए आज से व सभी के लिए 14 मार्च से होगा उपलब्ध

स्मार्टफोन को दो वेरिएंट 8जीबी प्लस 128जीबी और 8जीबी प्लस 256जीबी में खरीदा जा सकता है। फोन आईकू ई-स्टोर और अमेजन डॉट इन पर जाकर खरीदा जा सकता है। यह अमेजन प्राइम ग्राहकों के लिए 13 मार्च से और सभी ग्राहकों के लिए 14 मार्च से उपलब्ध होगा। स्मार्टफोन की कीमत की बात की जाए तो यह 8जीबी प्लस 128जीबी 17,999 रुपए और 8जीबी प्लस 256जीबी 19,999 रुपए में उपलब्ध होगा।

आईकू के मुख्य कार्यकारी अधिकारी निपुण मार्या ने कहा कि जेनज़ेड के लिए तैयार किया गया यह स्मार्टफोन स्टइलिश और दमदार परफॉर्मेंस के साथ आता है। स्मार्टफोन सोनी आईएमएक्स 882 ओआईएस इनेबल्ड 50मेगापिक्सल कैमरा और 2 मेगापिक्सल (बोकेह) सेंसर से लैस है। सेल्फी के लिए फोन में 16मेगापिक्सल फ्रंट कैमरा दिया गया है।

# धारावी का डिजिटल सर्वेक्षण 18 मार्च से होगा शुरू

**मुंबई**, 12 मार्च (एजेंसियां)। धारावी रिडिवलेपमेंट प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड (डीआरपीपीएल) यहां के धारावी इलाके में रहने वाले लाखों झुग्गी निवासियों का 'डिजिटल सर्वेक्षण' 18 मार्च को शुरू करेगा। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। डीपीपीएल-अडाणी समूह और महाराष्ट्र सरकार का संयुक्त उद्यम-'डिजिटल धारावी' या दुनिया की सबसे बड़ी झुग्गी बस्तियों में से एक की उन्नत लाइब्रेरी बनाएगा। प्रस्तावित पुनर्विकास परियोजना में धारावी निवासियों के इस हिस्से के पुनर्वास पात्रता मानदंड निर्धारित करने के लिए राज्य सरकार इसका उपयोग करेगी। संयुक्त उद्यम के एक आधिकारिक प्रवक्ता ने कहा, डीआरपीपीएल और राज्य सरकार का सर्वेक्षण दुनिया की सबसे बड़ी शहरी कायाकल्प परियोजनाओं में से एक होगा और मुंबई को 'स्लम-मुक्त' बनाने की दिशा में पहला कदम होगा।

डीआरपीपीएल प्रवक्ता ने कहा कि यह धारावी को एक विश्वस्तरीय टाउनशिप, मुंबई के भीतर एक अत्याधुनिक शहर में बदलने की शुरुआत है। हम सभी धारावीकरों से इस अभ्यास का समर्थन करने का आग्रह करते हैं, जो हमें पुनर्वास प्रक्रिया पूरी करने और उनके सपनों का घर उन्हें प्रदान करने में सक्षम बनाएगा। डिजिटल सर्वेक्षण कमला रमन नगर से शुरू होगा और प्रत्येक अनौपचारिक टेनमेंट को एक अद्वितीय नंबर दिया जाएगा। इसके बाद संबंधित लेन की लेजर मैपिंग की जाएगी, जिसे लिडार सर्वेक्षण के रूप में जाना जाता है। एक प्रशिक्षित टीम प्रत्येक टेनमेंट का दौरा करेगी। प्रवक्ता ने कहा कि डीआरपीपीएल ने धारावीकरों के सवालों और चिंताओं का जवाब देने के लिए एक टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर (1800-268-8888) भी चालू किया है। धारावीकर दशकों से अपने सपनों के घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में जाने के लिए पुनर्विकास की प्रतीक्षा कर रहे हैं। डिजिटल सर्वेक्षण धारावी को विश्वस्तरीय टाउनशिप में बदलने की प्रक्रिया को चिह्नित करता है। यह लाखों निवासियों की नियति को नया आकार देगा। प्रत्येक अनौपचारिक किरायेदारी धारक को एक घर दिया जाएगा और इस तरह की परियोजना में पहली बार योग्य अपात्र किरायेदारी धारकों को भी घर प्रदान किए जाएंगे। डीआरपीपीएल ने हाल ही में घोषणा की कि डीआरपी की निविदा के अनुसार, सभी पात्र और अपात्र निवासी किराएदारों को एक स्वतंत्र रसोई और शौचालय के साथ एक फ्लैट मिलेगा। इसके अलावा, पुनर्विकसित धारावी में पात्र औद्योगिक और वाणिज्यिक इकाइयों को अपने व्यवसाय को बढ़ावा देने और औपचारिक रूप देने में मदद करने के लिए राज्य माल और सेवा कर (एसजीएसटी) भुगतान में पांच साल की छुट्टी का आनंद मिलेगा, जो निविदा शर्तों के अनुसार भी है (आईएएनएस, 26 फरवरी)। धारावी में कपड़ों और चमड़े की वस्तुओं का निर्माण करने वाली हजारों औद्योगिक और वाणिज्यिक इकाइयां शामिल हैं।



- मुंबई को 'स्लम-मुक्त' बनाने की दिशा में होगा पहला कदम
- 'डिजिटल धारावी' दुनिया की सबसे बड़ी झुग्गी बस्तियों में से एक की उन्नत लाइब्रेरी बनाएगा

# खेल जगत

## टी20 वर्ल्ड कप के लिए मिचेल मार्श होंगे कप्तान

**नई दिल्ली।** टी20 वर्ल्ड कप 2024 में ऑस्ट्रेलियाई टीम की कप्तानी पैट कमिंस नहीं बल्कि मिचेल मार्श को सौंपी जा सकती है। इस बात का समर्थन खुद टीम के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने किया है। टीम के कोच ने मार्श के नाम को आगे रखा है। ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि जल्द ही क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया कप्तान के तौर पर मार्श के नाम का ऐलान कर सकता है। साल 2022 में टी20 वर्ल्डकप के बाद फिंच ने संन्यास ले लिया था। इसके बाद मार्श ने अनौपचारिक आधार पर टी20 में नेतृत्व की भूमिका निभाई है। एंड्रयू मैकडोनाल्ड, जॉर्ज बेली की अध्यक्षता वाले सेलेक्शन पैनल का हिस्सा हैं। वो क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया बोर्ड को सिफारिश करेंगे कि 32 वर्षीय मार्श को औपचारिक आधार पर बागडोर सौंपी जाए। आरोन फिंच की सेवानिवृत्ति के बाद फुलटाइम कप्तान की भूमिका तय करना अभी भी बाकी है।



# जोकोविच को हराकर नार्डी बने विश्व में नंबर-1

जोकोविच को तीसरे राउंड में दो घंटे 17 मिनट में 6-4, 3-6, 6-3 से हराकर सबको चौंकाया



**इंडियन वेल्स,** 12 मार्च (एजेंसियां)। 20 वर्षीय इटालियन लुका नार्डी , जिन्होंने परीबा ओपन के मुख्य ड्रॉ में लकी लूज़र खिलाड़ी के रूप में प्रवेश किया। लेकिन, इय युवा खिलाड़ी ने विश्व नंबर 1 नोवाक जोकोविच को तीसरे राउंड में दो घंटे 17 मिनट में 6-4, 3-6, 6-3 से हराकर सबको चौंका दिया। पिछले हफ्ते नार्डी क्वालीफाइंग के अंतिम दौर में डेविड गोफिन से हार गए, लेकिन उन्हें लकी लूज़र के रूप में ड्रॉ में प्रवेश करने के लिए बुलाया गया जब अर्जेंटीना के टॉमस मार्टिन एटचेवेरी ने ड्रॉ से नाम वापस ले लिया।

वर्ल्ड नंबर 123 रैंक वाला इटालियन मास्टर्स 1000 या ग्रैंड स्लैम इवेंट में जोकोविच पर जीत हासिल करने वाला इतिहास का सबसे कम रैंक वाला खिलाड़ी बन गया है। वह मास्टर्स 1000 में मौजूदा विश्व नंबर 1 को हराने वाले चौथे सबसे कम रैंक वाले खिलाड़ी भी हैं।



नार्डी ने कहा कि मेरे पास शब्द नहीं है। मैं क्या कह सकता हूं? कल रात मैं इसके बारे में सपना देख रहा था, मैं कोचों से इसके बारे में बात कर रहा था। अब यह सच है! इटालियन, जो अपने प्रदर्शन के दम पर अगले सप्ताह शीर्ष 100 में डेब्यू करने के लिए तैयार है, राउंड 16 में अमेरिकी टॉमी पॉल से भिड़ेंगे। सिनसिनाटी और पेरिस में खिताब जीतने के बाद जोकोविच का एटीपी मास्टर्स 1000 में अपनी 11 मैचों की जीत का सिलसिला टूट गया ।

2018 में इंडियन वेल्स में नंबर 109 टैरो डैनियल से हार के बाद उन्हें एटीपी रैंकिंग के शीर्ष 50 के बाहर किसी खिलाड़ी से पहली हार का सामना करना पड़ा। इंडियन वेल्स में अपने मुख्य ड्रॉ में डेब्यू कर रहे नार्डी शुरुआती सेट में बेहतर थे, क्योंकि उन्होंने छठे गेम में सर्विस ब्रेक के साथ पहला सेट 6-4 से जीत लिया। इसके बाद दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर हुई लेकिन बाजी नार्डी ने अपने नाम की। जोकोविच ने कहा कि मैं अपने स्तर से अधिक आश्चर्यचकित था। मेरा स्तर वास्तव में बहुत खराब था। नार्डी का दिन बहुत अच्छा गुजर रहा है और मेरे लिए यह दिन बहुत खराब रहा है।

# यशस्वी जायसवाल चुने गए आईसीसी के फरवरी माह के सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर

## यशस्वी बोले, मैदान पर अपना इसी तरह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन जारी रखूंगा

सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 12 मार्च (देशबन्धु)। भारत के बाएं हाथ के 23 वर्षीय बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को मेहमान इंग्लैंड के पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में खिलाफ धमाल मचाने के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने फरवरी, 2024 महीने का सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर चुना हैं। वहीं महिला वर्ग में ऑस्ट्रेलिया की ऑलराउंडर अनाबेल सदरलैंड को आईसीसी ने फरवरी, 2024 के लिए माह की सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर चुना है।

जायसवाल ने फरवरी ए 2024 के आईसीसी का माह का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने जाने पर कहा कि मैं आईसीसी का यह अवार्ड जीतने पर खुश हूं और भविष्य में ऐसे ही और अवॉर्ड जीतने की उम्मीद करता है। इंग्लैंड के टेस्ट सीरीज मेरी भारत के लिए पांच टेस्ट मैचों की पहली सीरीज थी और अपनी टीम के साथ यह बेहतरीन अनुभव रहा। मैं इसी तरह कड़ी मेहनत जारी रखने के साथ अपने सीनियर साथियों से सीखना जारी रख मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन जारी रखूंगा। मैं इस लम्हे का लुत्फ उठा रहा और मेरी निगाहें अब सीरीज पर हैं। यशस्वी ने फरवरी बल्ले से दमदार प्रदर्शन कर इंग्लैंड से पहला टेस्ट हार 0-1 से पिछड़ने के बाद तीन टेस्ट में 112 रन की औसत से कुल 560 रन बना वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में पांच टेस्ट की सीरीज 4-1 से जिताने में अहम भूमिका निभाई। 23 बरस के यशस्वी जायसवाल ने विशाखापट्टनम में इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में पहली पारी में अकेले ही 209 रन की पारी खेल उसे 106 रन से जीत दिला सीरीज में एक-एक की बराबरी दिलाई। यशस्वी ने राजकोट में सीरीज के




तीसरे टेस्ट में 214 रन की विस्फोटक पारी खेल कर एक टेस्ट पारी में सर्वाधिक 12 छक्के जड़ने के रिकॉर्ड की बराबरी करने के साथ भारत को जीत दिला कर 2-1 की बढ़त दिलाने में अहम भूमिका निभाई। यशस्वी ने इसके बाद रांची में एक और अर्द्धशतक जड़ कर रांची में भारत को चौथा टेस्ट जिताने के साथ 3-1 की विजयदाई बढ़त के साथ सीरीज जिताने में अहम योगदान किया। यशस्वी जायसवाल सितंबर, 2023 के पहले ऐसे भारतीय हैं जो कि आईसीसी के माह के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर बने हैं।

## पंत को बीसीसीआई मेडिकल टीमों ने आईपीएल 2024 में खेलने के लिए फिट घोषित किया



**नई दिल्ली,** 12 मार्च (देशबन्धु)। भारत के धुरंधर विकेटकीपर बल बल्लेबाज ऋषभ पंत को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की फिटनेस और मेडिकल टीमों ने बतौर विकेटकीपर-बल्लेबाज 17 वीं इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 क्रिकेट में खेलने के लिए फिट घोषित किया है। वहीं बीते महीने ही तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को अपनी एड़ी और प्रसिद्ध कृष्णा को जांघ की मांसपेशी का ऑपरेशन कराने के कारण आईपीएल 2024 से बाहर हो गए हैं। वहीं लखनउ सुपर जायंटस के कप्तान विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल की फिटनेस को लेकर बीबीसीआई के मानद सचिव जय शाह की ओर से कोई जानकारी नहीं दी गई गई है। बीसीसीआई के मानद सचिव जय शाह ने कहा कि बायीं जांघ का 23 फरवरी ऑपरेशन कराने वाले तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा अपनी रिकवरी की प्रक्रिया नैशनल क्रिकशट अकेडमी (एनसीए), बेंगलुरू में जल्द ही शुरू करेंगे। अभी एड़ी में लगातार दिक्कत के बाद इसका ऑपरेशन कराने वाले तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के मैदान पर बतौर गेंदबाजी वापसी की कोई तारीख नहीं तय की गई है। ऋषभ पंत के फिट होकर अब आईपीएल खेलने की खबर बीसीसीआई मानद सचिव जय शाह के मीडिया विज्ञप्ति जारी कर दी। जय शाह के मीडिया को बताने के एक दिन बाद की ऋषभ पंत बढ़िया बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग कर रहे है उनके बीसीसीआई की मेडिकल टीम द्वारा आईपीएल में खेलने के लिए फिट घोषित किए जाने की खबर आने से यह उम्मीद लगाई जाने की लगी है कि वह इस साल जून में होने वाले आईसीसी टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में स्थान पाने की होड़ में हो सकते हैं। जय शाह ने कहा कि यदि ऋषभ पंत टी-20विश्व कप में खेलते हैं तो हमारे लिए बहुत बड़ी बात होगें वह हमारी टीम के लिए बहुत अहम खिलाड़ी हैं।

■ शमी और प्रसिद्ध कृष्णा ऑपरेशन के चलते आईपीएल से बाहर

# निगाहें एफआईएच प्रो लीग और पेरिस ओलंपिक से पहले सब कुछ दुरुस्त करने पर : फुल्टन

■ भारत के भुवनेश्वर में राष्ट्रीय पुरुष प्रशिक्षण शिविर के लिए 28 कोर ग्रुप संभावित घोषित

**नई दिल्ली,** 12 मार्च (देशबन्धु)। भारत के ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट मैचों की हॉकी टेस्ट सीरीज से पहले भुवनेश्वर में मंगलवार से शुरू हो 30 मार्च तक चलने वाले राष्ट्रीय पुरुष प्रशिक्षण शिविर के लिए 28 कोर ग्रुप के संभावितों की घोषणा हॉकी इंडिया ने सोमवार को की। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के लिए यह प्रशिक्षण शिविर 2024 के पेरिस ओलंपिक से पहले अपनी तैयारियों को और बेहतर करने के लिए अहम है। पेरिस ओलंपिक में पुरुष हॉकी मुकाबले 27 जुलाई से 8 अगस्त तक होंगे। मंगलवार से शुरू हो रहे 28 कोर ग्रुप के संभावितों के शिविर में दस फॉरवर्ड को चुनना यह बताता है कि भारत के चीफ कोच क्रेग फुल्टन का सबसे ज्यादा फोकस खुद गोल करने के साथ ज्यादा से ज्यादा पेनल्टी कॉर्नर बनाने में माहिर फॉरवर्ड को तलाशने पर है। यौन शोषण के आरोपों के चलते फिलहाल शिविर से बाहर नौजवान ड्रैग फ्लिकर वरुण कुमार की गैर मौजूदगी के बावजूद भारत के पास कप्तान हरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह और अमित रोहिदास के रूप में तीन बढ़िया ड्रैग फ्लिकर हैं। ऐसे में भारत के चीफ कोच फुल्टन की कोशिश




दुनिया के सर्वश्रेष्ठ ड्रैग फ्लिकरों में से एक कप्तान हरमनप्रीत सिंह के साथ जुगराज सिंह को दूसरे प्रमुख ड्रैग फ्लिकर में ज्यादा से ज्यादा आजमाने की होगी।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम 2023-24 के एफआईएच हॉकी प्री लीग भुवनेश्वर और राउरकेला चरणों की समाप्ति पर उसमें आठ मैचों में 15 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहने के बाद उसके कोर ग्रुप के संभावितों का राष्ट्रीय शिविर मंगलवार से भुवनेश्वर में शुरू होगा। अब एफआईएच प्रो लीग 2023-24 एंटवर्प, बेल्जियम में 22 मई से शुरू होगी और फिर 1 जून से इसका अंतिम चरण नीदरलैंड में शुरू होगा। एफआईएच प्रो लीग 2023-24 का विजेता सीधे 2026 में बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप के लिए सीधे क्वॉलिफाई करेगा। ऐसे में भारत की कोशिश बेल्जियम और नीदरलैंड में प्रो लीग के बाकी मैच और खिताब जीत सीधे 2026 के श्वि कप के लिए क्वॅलिफाई करने की होगी।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम के चीफ कोच क्रेग फुल्टन ने मंगलवार से शुरू हो रहे कोर ग्रुप के संभावितों के शिविर की अहमियत की बाबत कहा कि हमारी निगाह प्रशिक्षण के लिहाज से इस अहम शिविर पर लगी है । हमारे लिए जरूरी है कि ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट मैचों की हॉकी सीरीज से पहले हम तैयार रहे। हमने इस शिविर के लिए आगामी मैचों को जेहन में रखकर अनुभवी खिलाड़ियों के साथ कुछ प्रो लीग में खेलने वाले कुछ नौजवान खिलाड़ियों को भी शामिल किया है। प्रो लीग के ओडिशा( भुवनेश्वर और राउरकेला) चरण हमारे लिए अपने खिलाड़ियों को आजमाने का अच्छा मंच रहा बेशक सुधार की गुंजाइश हमेशा ही रहती है। हमारी निगाहें एफआईएच प्रो लीग और 2024 के पेरिस ओलंपिक से पहले सब कुछ दुरुस्त करने पर हैं।

**भारत के राष्ट्रीय पुरुष हॉकी प्रशिक्षण शिविर के लिए चुने गए 28 कोर ग्रुप के संभावित**

**गोलरक्षक :** पीआर श्रीजेश, कृष्ण बहादुर पाठक, सूरज करकेरा।

**रक्षापंक्ति :** हरमनप्रीत सिंह, जर्मनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, संजय, सुमित, आमिर अली।

**मध्य पंक्ति :** मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, रविचंद्र सिंह मोइरंगम , शमशेर सिंह, नीलकांत सिंह,राज कुमार पाल, विष्णुकांत सिंह।

**मध्य पंक्ति :** आकाशदीप सिंह, मंदीप सिंह, ललित उपाध्याय, अभिषेक, दिलप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, गुरजंट सिंह, मोहम्मद रहील मौसीन, बॉबी सिंह धामी, अरिजित सिंह हुंदल।

## सार संक्षेप

### क्वालीफायर के क्वार्टर फाइनल में हारे निशांत

**बस्टो अर्सिज़ियो (इटली)।** भारत के निशांत देव यहां पहले विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर में पुरुषों के 71 किग्रा क्वार्टर फाइनल में 2021 विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता यूएसए के ओमारी जोन्स से 1-4 से हार गए। पहले दो राउंड में कड़ा मुकाबला देखने को मिला। ओमारी ने लगातार अटैक करते हुए 5-0 की अच्छी शुरुआत हासिल करने के लिए पहले राउंड में अपना दबदबा बनाया। हालांकि, दूसरे राउंड में निशांत ने कमबैक किया और अधिक प्रभावी दिखे। ओमारी ने जवाबी हमला किया लेकिन निशांत ने 4-1 स्कोर के साथ दूसरा राउंड अपने नाम किया। अंतिम राउंड कड़ा था क्योंकि निशांत ने अपना आक्रामक प्रदर्शन जारी रखा और शुरुआती बढ़त हासिल कर ली। जैसे-जैसे राउंड आगे बढ़ा दोनों मुक्केबाज थके हुए लग रहे थे, लेकिन जोन्स ने अंतिम 60 सेकंड का भरपूर उपयोग करते हुए दमदार अटैक किया, जिससे मैच का फैसला उनके पक्ष में हो गया। निशांत की हार से पहले भारत पेरिस ओलंपिक गेम्स 2024 के लिए निखत जरीन (50 किग्रा), प्रीति (54 किग्रा), परवीन हुडा (57 किग्रा) और लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) के साथ चार कोटा हासिल कर चुका है।

### केरला ब्लास्टर्स के किले को भेदने उतरेंगे मोहन बागान सुपर जायंट

**कोच्चि।** मोहन बागान सुपर जायंट इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 में केरला ब्लास्टर्स के मजबूत किले को भेदकर अंक तालिका में अपना शीर्ष स्थान बनाए रखने की कोशिश करेंगे, जब मैरिनर्स बुधवार, शाम 7:30 बजे (भारतीय समयानुसार) कोच्चि स्थित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में मेजबान केरला ब्लास्टर्स एफसी का सामना करेंगे। कोलकाता डर्बी में 3-1 की जीत ने मैरिनर्स को पहले स्थान पर पहुंचा दिया, लेकिन उनके (17 मैच) दूसरे स्थान पर मौजूद मुम्बई सिटी एफसी (18 मैच) के बराबर 36 अंक हैं। केरला ब्लास्टर्स एफसी पिछले पांच मैचों में चार हार के कारण तालिका में नीचे लुढ़क गए हैं, इस समय 17 मैचों में 29 अंक लेकर पांचवें स्थान पर हैं।

### भारत और कतर में खेला जाएगा लीजेंड्स लीग क्रिकेट सीजन 3

**नई दिल्ली।** लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) आयोजकों ने मंगलवार को घोषणा की कि टूर्नामेंट का अगला सीजन 11 सितंबर से 5 अक्टूबर तक दो देशों भारत और कतर में खेला जाएगा। लीग ने 19 मैचों के पिछले सीज़न के लिए पूरे भारत में 180 मिलियन की दर्शक संख्या हासिल की थी। इस सीज़न में इस बार 34 मैच होंगे। भारत में पिछले सीज़न के दौरान कुछ शीर्ष खिलाड़ी, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट छोड़ दिया था, जैसे कि सुरेश रैना, आरोन फिंच, मार्टिन गुप्टिल, गौतम गंभीर, क्रिस गेल, हाशिम अमला, रॉस टेलर,110 अन्य दिग्गज क्रिकेटरों के अलावा, लीग का हिस्सा थे। हरभजन सिंह के नेतृत्व में मणिपाल टाइगर्स ने 2023 में खिताब जीता।

# बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया : सचिन

**नई दिल्ली,** 12 मार्च (एजेंसियां)। महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने यहां बीकेसी मैदान में विदर्भ के खिलाफ रणजी ट्रॉफी फाइनल के तीसरे दिन दूसरी पारी में अधिक अनुशासन, धैर्य और प्रतिबद्धता दिखाने के लिए मुंबई के बल्लेबाजों के प्रदर्शन की सराहना की। सचिन तेंदुलकर मंगलवार को मुंबई और विदर्भ के बीच रणजी ट्रॉफी 2023-24 का फाइनल देखने के लिए वानखेड़े स्टेडियम में थे। तेंदुलकर के साथ पूर्व कप्तान दिलीप वेंगसरकर और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के मुख्य कोच चंद्रकांत पंडित भी मौजूद थे। मुंबई के कप्तान अजिंक्य रहाणे और मुशीर खान के बीच एक बड़ी साझेदारी हुई जिसने मुंबई की टीम को एक बड़े स्कोर तक पहुंचाया। तीसरे दिन मुंबई के बल्लेबाजों के प्रयासों की सराहना करते हुए, तेंदुलकर ने कप्तान अजिंक्य रहाणे और मुशीर खान को उनकी साझेदारी के लिए बधाई दी, जिसने शुरुआती विकेट खोने के बाद मैच में मुंबई की स्थिति मजबूत की। तेंदुलकर ने बल्ले से श्रेयस अय्यर के प्रयास की भी सराहना की। तेंदुलकर ने इंस्टाग्राम पर लिखा कि मुंबई ने दूसरी पारी में



बहुत अधिक अनुशासन, धैर्य और प्रतिबद्धता दिखाई। सबसे पहले, अजिंक्य रहाणे और मुशीर खान के बीच एक महत्वपूर्ण साझेदारी ने मुंबई को मजबूत स्थिति में ला खड़ा किया। फिर श्रेयस अय्यर के साथ मुशीर की पारी खेल को विदर्भ से और दूर ले गई। उन्होंने आगे कहा कि आज अपने दोस्तों और सहकर्मियों के साथ खेल देखकर अच्छा समय बिताया। मुशीर खान रणजी ट्रॉफी फाइनल में शतक (255 गेंदों पर) बनाने वाले सबसे कम उम्र के मुंबई बल्लेबाज बनने के लिए महान सचिन तेंदुलकर के 29 साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ने में सफल रहे।

## मुशीर ने तोड़ा सचिन का 29 साल पुराना रिकॉर्ड

**मुंबई,** 12 मार्च (एजेंसियां)। मुशीर खान ने यहां वानखेड़े स्टेडियम में विदर्भ के खिलाफ रणजी ट्रॉफी फाइनल में शतक बनाने वाला सबसे युवा मुंबई बल्लेबाज बनकर महान सचिन तेंदुलकर का 29 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। 19 साल 14 दिन की उम्र में मुशीर ने फाइनल में मुंबई की दूसरी पारी में 255 गेंदों में शतक बनाया। वहीं सचिन ने अपने 22वें जन्मदिन से एक महीने पहले 1994/95 सीजन में पंजाब के खिलाफ दो शतक बनाकर रणजी फाइनल में शतक लगाने वाले सबसे कम उम्र के मुंबई बल्लेबाज होने का रिकॉर्ड अपने नाम किया था, जिससे मुंबई को खिताब जीतने में मदद मिली।

# एलसीटी जैसे टूर्नामेंट संन्यास ले चुके खिलाड़ियों के लिए वरदान : हरभजन

**पल्लेकेल,** 12 मार्च (एजेंसियां)। भारत के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा है कि लीजेंड्स क्रिकेट ट्रॉफी (एलसीटी) सेवानिवृत्त खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धी माहौल में खेलना जारी रखने का अवसर प्रदान कर रही है। लीग से अपने अनुभव को साझा करते हुए, हरभजन सिंह ने सेवानिवृत्त खिलाड़ियों के लिए इसके महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पिछले दो से तीन वर्षों से सेवानिवृत्त खिलाड़ियों के साथ लीग होने लगी है। यह सेवानिवृत्त खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धी माहौल में खेलना जारी रखने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने संतुलित क्रिकेट अनुभव प्रदान करने के लिए एलसीटी 90-बॉल प्रारूप की भी सराहना की। हरभजन ने कहा कि एलसीटी 90 प्रारूप खेल में एक नया आयाम जोड़ता है, जिससे खिलाड़ियों को खेल के विभिन्न पहलुओं में अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है। यह अन्य प्रारूपों से अलग है, इसमें चार पावरप्ले होते हैं और बल्लेबाज के लिए 10 से 15 के बीच पावरप्ले चुनने का विकल्प होता है। इसके अलावा, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज चार ओवर फेंक सकता है, जिससे यह सेवानिवृत्त खिलाड़ियों के लिए अनुकूल हो जाता है। 90 गेंदों के प्रारूप पर अपनी प्रारंभिक प्रतिक्रिया पर विचार करते हुए, सिंह ने उपलब्ध विकल्पों की सरलता पर ध्यान दिया। उन्होंने कहा कि जब भी कोई नया प्रारूप पेश किया जाता है, तो उसे समझने में थोड़ा समय लगता है।



# सबालेंका ने राउंड ऑफ 16 में प्रवेश किया

**इंडियन वेल्स ( यूएस ),** 12 मार्च (एजेंसियां)। नंबर 2 सीड आर्यना सबालेंका ने साथी ग्रैंड स्लैम विजेता एम्मा रादुकानु पर कड़े मुकाबले में 6-3, 7-5 से जीत के साथ बीएनपी परीबा ओपन राउंड ऑफ 16 में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया। पिछले साल की इंडियन वेल्स उपविजेता सबालेंका को 2021 यूएस ओपन चैंपियन रादुकानु को अपनी पहली भिड़ंत में हराने में 95 मिनट लगे। जोड़ी की पहली मुलाकात में सबालेंका ने ओपनर में 3-2 से ब्रेक लिया और ऐसा लग रहा था कि वह आगे बढ़ जाएगी। लेकिन रादुकानु द्वारा 2-5 पर दो सेट प्वाइंट बचाने के बाद, सबालेंका ने 5-3 के स्कोर पर 0-40 से पिछड़ने पर वापसी करते हुए पहला सेट 6-3 से जीत लिया । हालाँकि, रादुकानु ने दूसरे सेट में ब्रेक की कमी को दूर करने में साहस दिखाया। सबालेंका झुकीं लेकिन टूटी नहीं, फिर एक बार फिर चतुराई से ड्रॉप शॉट की मदद से 6-5 से अपनी बढ़त कायम कर ली। आखिरी गेम में, सबालेंका ने फोरहैंड विनर, ऐस और बैकहैंड के साथ तीन ब्रेक प्वाइंट बचाए जिससे एक त्रुटि हुई और फोरहैंड विनर के साथ अपने चौथे मैच प्वाइंट पर जीत हासिल कर ली। अब सबालेंका का सामना नंबर 16 सीड एलिना स्वितोलिना और नंबर 23 सीड एम्मा नवारो के बीच होने वाले मैच की विजेता से होगा। अन्य मैच में, यूएस ओपन विजेता कोको गॉफ़ ने ब्रेक पॉइंट बचाए, नियंत्रण हासिल किया, फिर दूसरे सेट के टाईब्रेक में लूसिया ब्रॉन्ज़ेटी को 6-2, 7-6 (5) से हराया। क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए गॉफ़ का मुकाबला नंबर 24 वरीयता प्राप्त एलिस मर्टेंस से होगा। वह मैच गॉफ के 20वें जन्मदिन पर बुधवार को खेला जाएगा। हालाँकि, मर्टेंस ने पूर्व नंबर 1 नाओमी ओसाका को 7-5, 6-4 से हराकर पहली बार इंडियन वेल्स राउंड ऑफ़ 16 में प्रवेश किया।





## हार्दिक मुम्बई के प्रशिक्षण सत्र में शामिल हुए

**नई दिल्ली,** 12 मार्च (एजेंसियां)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सीजन 2024 के लिए मुंबई इंडियंस (एमआई) के कप्तान हार्दिक पांड्या एमआई टीम में शामिल होने के लिए उत्साहित थे। हार्दिक, जिन्होंने मुंबई इंडियंस के साथ अपना करियर शुरू किया था और उनके साथ कुछ आईपीएल खिताब जीते, 2022 सीज़न की शुरुआत से पहले गुजरात टाइटन्स में शामिल हो गए, जिससे उन्हें खिताब और 2023 सीज़न में फाइनल मिला। 2024 सीज़न से पहले, हार्दिक को एमआई में ट्रेड किया गया और उन्हें उनका कप्तान घोषित किया गया। उन्होंने एमआई कैंप के प्रशिक्षण सत्र के पहले दिन की तस्वीरें और वीडियो पोस्ट कीं, जिसमें उनकी पुरानी टीम के साथ टूर्नामेंट में जाने का उत्साह दिख रहा था। दिन 1। इतनी सारी भावनाएँ, इतनी सारी यादें। पुराने दोस्तों से मुलाकात होगी और अच्छे पुराने दिनों को याद किया जाएगा।